आषाढ़ शुक्ल पक्ष सप्तमी 11:58 तक उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 2 जुलाई 2025
वर्ष 6, अंक 222, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



आर्थिक युद्ध का कृत्य था पहलगाम हमला 14

मंधाना टी-20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में तीसरे स्थान पर 13

## हिमाचल के मंत्री अनिरुद्ध सिंह के खिलाफ प्राथमिकी

शिमला, एजेंसी



- एनएचएआई अधिकारियों पर हमला करने का मामला

हिमाचल प्रदेश के मंत्री अनिरुद्ध सिंह पर एनएचएआई के दो अधिकारियों पर हमला करने के आरोप में मंगलवार को मामला दर्ज किया गया।

मंत्री के खिलाफ एनएचएआई के दो अधिकारियों पर उस स्थान का निरीक्षण करने के दौरान हमला करने का आरोप है, जहां पांच मंजिला एक इमारत ढह गई थी। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के कर्मचारी अचल जिंदल की शिकायत पर ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। अचल जिंदल फोर-लेन परियोजना के प्रबंधक हैं। जिंदल ने आरोप लगाया है कि सिंह ने उन्हें और उनके साइट इंजीनियर योगेश को एक कमरे में बुलाया और उनके साथ मारपीट की। एनएचएआई के दोनों कर्मियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस संबंध में प्रतिक्रिया के लिए मंत्री से संपर्क नहीं हो सका।

# स्वस्थ और विकसित भारत से ही हम बनेंगे विश्व गुरु : मुर्मू

## राष्ट्रपति ने गोरखपुर में किया प्रदेश के पहले आयुष विवि का लोकार्पण, पारंपरिक जीवनशैली अपनाने की सलाह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि आज हर क्षेत्र में भारत का विश्व में डंका बज रहा है। स्वास्थ्य को संपदा बताते हुए इसे ठीक रखने पर जोर दिया। कहा कि भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बने, इसके लिए आज से ही हमें प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि स्वस्थ व विकसित भारत से ही हम विश्व गुरु बन सकते हैं। शिक्षा, चिकित्सा समेत अन्य क्षेत्र और संस्थान इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

राष्ट्रपति ने कहा कि देश में खेतों व जंगलों में आज भी जड़ी-बूटियों का खजाना मौजूद है। अरिष्ट व आसव औषधियों की कोई एक्सपायरी डेट नहीं होती। 100 वर्ष से अधिक आयु तक सभी इंद्रियों को समर्थ बनाए रखने के लिए प्राचीन विधियां प्रमाणित करती हैं कि पारंपरिक जीवनशैली बहुत अच्छी थी। हमें उसका अनुसरण करना पड़ेगा।



आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण के बाद चित्र प्रदर्शनी देखतीं राष्ट्रपति मुर्मू।

राष्ट्रपति मंगलवार को गोरखपुर में 52 एकड़ में 268 करोड़ की लागत से बने देश के पहले महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण करने के बाद समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय का लोकार्पण समारोह आयुष पद्धतियों के पुनर्जागरण का महत्वपूर्ण उत्सव है। आयुष में समाहित आयुर्वेद, योग और सिद्ध पद्धतियां विश्व समुदाय को भारत की अनमोल सौगात है। भगवान धन्वंतरि, चरक, सुश्रुत के योगदान की चर्चा करते कहा कि इन पद्धतियों की वैज्ञानिक स्वीकार्यता को बढ़ाने में भी ऐसे विश्वविद्यालय का योगदान रहेगा। राष्ट्रपति ने भाषण की शुरूआत में महायोगी गुरु गोरखनाथ की पवित्र भूमि को नमन करते हुए कहा कि आदि गुरु शंकराचार्य के बाद इतना प्रभावशाली महापुरुष भारत में दोबारा नहीं हुआ। उन्होंने इस योग भूमि और नाथ पंथ के संतों-मनीषियों की विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि तपस्या, साधना और अध्यात्म की यह धरती आत्मगौरव व राष्ट्रप्रेम की आधार भूमि भी है।

### हर जिले में बनेगा आयुष वेलनेस सेंटर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश को पहले आयुष विश्वविद्यालय का उपहार देने के बाद सरकार जन आरोग्यता के लिए हर जिले में 100 बेड का आयुष हेल्थ वेलनेस सेंटर बनाएगी। यहां पंचकर्म, क्षारसूत्र जैसी महत्वपूर्ण सुविधाओं को भी उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही सरकार ने प्रदेश के उन छह मंडलों में मंडल मुख्यालय स्तर पर एक-एक आयुष महाविद्यालय बनाने का निर्णय लिया है जो अब तक ऐसे महाविद्यालय की सुविधा से वंचित थे।

# केंद्र सरकार दो वर्ष में साढ़े तीन करोड़ युवाओं को देगी नौकरी

## केंद्रीय कैबिनेट ने रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना और नई खेल नीति पर लगाई मुहर

नई दिल्ली, एजेंसी

- रोजगार प्रोत्साहन योजना पर खर्च किए जाएंगे 1.07 लाख करोड़ रुपये

मोदी सरकार ने देश में रोजगार और उद्योग को बढ़ावा देने के लिए बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय कैबिनेट ने 1.07 लाख करोड़ रुपये के रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (ईएलआई) को मंगलवार को मंजूरी दे दी। यह योजना खासतौर पर निर्माण क्षेत्र पर फोकस करेगी। सरकार का मानना है कि इन योजनाओं से देश में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, निर्माण क्षेत्र को मजबूती और शोध को भी बढ़ावा मिलेगा। विश्व खेलों में भारत को शीर्ष पांच में लाने के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने नई खेल नीति पर भी मुहर लगा दी है।

अनुसंधान और विकास में निजी निवेश बढाने के लिए एक लाख करोड़ रुपये की योजना को भी मंजूरी दी गई है। इनके अलावा कैबिनेट ने कई अन्य विकासपरक योजनाओं को हरी झंडी दिखाई है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (ईएलआई) का मकसद सेवानिवृत्ति निधि निकाय कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के माध्यम से अगले दो वर्ष में 3.5 करोड़ नौकरियों का सृजन करना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया।



इसका मकसद सभी क्षेत्रों में रोजगार सृजन, रोजगार क्षमता में वृद्धि और सामाजिक सुरक्षा को बढ़ावा देना है। इसमें विनिर्माण क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस योजना का उद्देश्य दो साल में देश में 3.5 करोड़ से अधिक नौकरियों के सृजन को प्रोत्साहन देना है। इसके अलावा यह योजना पहली बार नौकरी करने वाले कर्मचारियों को भी प्रोत्साहन देगी। इस योजना के तहत पहली बार नौकरी पर रखे गए कर्मचारियों को एक महीने का वेतन (15,000 रुपये तक) मिलेगा।

वहीं नियोक्ताओं को अतिरिक्त रोजगार सृजन के लिए दो साल की अवधि के लिए प्रोत्साहन दिया जाएगा। साथ ही विनिर्माण क्षेत्र के लिए लाभ को और दो साल के लिए बढ़ा दिया जाएगा। ईएलआई योजना की घोषणा केंद्रीय बजट 2024-25 में 4.1 करोड़ युवाओं के लिए रोजगार, कौशल एवं अन्य अवसरों की सुविधा के लिए पांच योजनाओं के पैकेज के हिस्से के रूप में की गई थी। इसका कुल बजट परिव्यय दो लाख करोड़ रुपये था। इस योजना का लाभ एक अगस्त 2025 से 31 जुलाई 2027 के बीच सृजित नौकरियों पर लागू होगा।

### भारत को शीर्ष पांच खेल देशों में शामिल करने की दिशा में पहल

**नई दिल्ली।** विश्व खेलों में भारत को शीर्ष पांच में लाने के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को खेलो भारत नीति को मंजूरी दी जिसका उद्देश्य देश को 2036 ओलंपिक के लिए मजबूत दावेदार बनाने के लिए एक मजबूत प्रशासनिक ढांचे के साथ-साथ कोचिंग और खिलाड़ियों के समर्थन के मामले में 'विश्व स्तरीय प्रणाली' तैयार करना है। पहले इसे राष्ट्रीय खेल नीति कहा जाता था और 1984 में पहली बार पेश किया गया था। खेलो भारत नीति 2025 अब 2001 की नीति का स्थान लेगी। यह देश के खेल पारिस्थितिकी तंत्र की बेहतरी के लिए योजनाओं को तैयार करने के लिए एक 'मार्गदर्शक दस्तावेज' है।

### अनुसंधान, विकास में निजी निवेश बढ़ाने की योजना को स्वीकृति

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अनुसंधान में निजी क्षेत्र के निवेश को बढ़ावा देने के लिए एक लाख करोड़ रुपये की निधि के साथ अनुसंधान, विकास और नवाचार (आरडीआई) योजना को भी मंजूरी दे दी। इस योजना का उद्देश्य उभरते क्षेत्रों तथा आर्थिक सुरक्षा, रणनीतिक उद्देश्य व आत्मनिर्भरता के लिए प्रासंगिक अन्य क्षेत्रों में अनुसंधान, विकास और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए निजी क्षेत्र को प्रोत्साहित करना है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य अनुसंधान, विकास और नवाचार में निजी क्षेत्र के निवेश को बढ़ावा देने के लिए कम या शून्य ब्याज दरों पर लंबी अवधि के लिए दीर्घकालिक वित्तपोषण देना है।

# जीएसटी ऐतिहासिक सुधार, आर्थिक परिदृश्य को दिया नया आकार : मोदी

## जीएसटी लागू होने के आठ साल पूरे होने पर बोले प्रधानमंत्री

- कहा-छोटे और मझोले उद्यमों के लिए कारोबार को सुगम बनाया

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) व्यवस्था एक ऐतिहासिक सुधार है जिसने भारत के आर्थिक परिदृश्य को नया आकार दिया है। उन्होंने जीएसटी लागू होने के आठ साल पूरे होने के मौके पर 'एक्स' पर लिखा कि अनुपालन बोझ को कम करके, इसने खासकर छोटे और मझोले उद्यमों के लिए कारोबार को सुगम बनाया है। जीएसटी ने आर्थिक वृद्धि के लिए एक शक्तिशाली इंजन के रूप में काम करने के साथ भारत के बाजार को एकीकृत करने की इस यात्रा में राज्यों को समान भागीदार बनाकर सही मायने में सहकारी संघवाद को बढ़ावा दिया है।

सरकार ने कहा कि 17 करों और 13 उपकरों को शामिल कर एक जुलाई, 2017 से लागू जीएसटी ने अनुपालन को सरल और कर प्रणालियों को डिजिटल बनाकर एक निर्बाध राष्ट्रीय बाजार बनाने में मदद की है। साथ ही इसने करदाता आधार का भी विस्तार किया है और सहकारी संघवाद को मजबूत किया है। संचालन के पहले वर्ष (नौ महीने) में सकल जीएसटी संग्रह 7.40 लाख करोड़ रुपये था। पिछले कुछ वर्षों में इसमें तेजी से वृद्धि हुई है।

वित्त वर्ष 2024-25 में सकल जीएसटी संग्रह रिकॉर्ड 22.08 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जो सालाना आधार पर 9.4 प्रतिशत की वृद्धि है। यह वृद्धि अर्थव्यवस्था के संगठित होने और बेहतर कर अनुपालन को बताती है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि माल एवं सेवा कर के लागू होने के बाद से सालाना जीएसटी राजस्व लगभग तीन गुना हो गया है। यह वित्त वर्ष 2017-18 के सात लाख करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 22 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया।

### सकल जीएसटी संग्रह जून में 1.84 करोड़ रुपये पर

**नई दिल्ली।** सकल वस्तु एवं सेवा कर संग्रह जून में 6.2 प्रतिशत बढ़कर 1.84 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। एक साल पहले इसी महीने में यह 1,73,813 करोड़ रुपये था। मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह पिछले महीने 2.01 लाख करोड़ रुपये रहा। इस वर्ष अप्रैल में जीएसटी संग्रह 2.37 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया था। घरेलू लेनदेन से सकल राजस्व जून में 4.6 प्रतिशत बढ़कर करीब 1.38 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि आयात से जीएसटी राजस्व 11.4 प्रतिशत बढ़कर 45,690 करोड़ रुपये रहा। सकल केंद्रीय जीएसटी राजस्व जून में 34,558 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी राजस्व 43,268 करोड़ रुपये और एकीकृत जीएसटी राजस्व करीब 93,280 लाख करोड़ रुपये रहा।

अशोका फोम
SUMMER SALE UPTO 70%
CURTAIN & SOFA FABRIC
MATTRESS & PILLOW
BED SHEET & BED COVER
TOWEL | WALL PAPER
Readymade Garments
FLAT 50% TO 80%
मिशन अस्पताल के सामने बरेली
मो. +91-9720031000

# पेड़ से भिड़ी कार, एक ही परिवार के तीन की मौत

## कार सवार पिता-पुत्री और भाभी की जान गई, 4 घायल, लखनऊ से लौट रहे थे घर

संवाददाता, बिजुआ (लखीमपुर खीरी)

- लखीमपुर-भीरा मार्ग पर मालपुर के पास अनियंत्रित हुई कार
- घायलों में दो की हालत गंभीर इलाज को लखनऊ में भर्ती

**अमृत विचार :** थाना भीरा क्षेत्र के गांव मालपुर के पास सोमवार रात लखीमपुर-भीरा मार्ग पर अनियंत्रित कार पेड़ से टकरा गई, जिससे कार सवार एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में पिता, उसकी तीन वर्षीय बेटी और भाभी शामिल हैं। हादसे में चार लोग घायल हुए, जिनमें दो की हालत गंभीर बनी हुई है।

गांव गुलरिया निवासी जितेंद्र कुमार उर्फ राजा पटेल अपनी बेटी श्रद्धा की दवा के लिए कार से लखनऊ गए थे। लौटते समय उनकी पत्नी सुषमा (30), भाभी सीमा देवी (32), भतीजा शिवम (22) और दो अन्य बच्चे भी साथ थे। रात करीब दस बजे मालपुर के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। भीषण टक्कर से कार के परखच्चे उड़ गए।



श्रद्धा



सोमा देवी



जितेंद्र कुमार (फाइल फोटो)

राहगीरों व ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंचे पड़रिया तुला पुलिस चौकी प्रभारी और फोर्स ने कार से निकालकर घायलों को अस्पताल भेजा जहां जितेंद्र और उनकी बेटी श्रद्धा को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घायल सीमा देवी को जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उनकी भी मौत हो गई।पत्नी सुषमा और भतीजा शिवम की हालत गंभीर होने पर उन्हें लखनऊ रेफर किया गया है। अन्य दो घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

> कार में सात लोग सवार थे। महिला समेत तीन की मौत हुई है। दो घायलों का इलाज लखनऊ में चल रहा है। शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। **-पवन गौतम,** एएसपी पूर्वी।

### सुप्रीम कोर्ट कर्मचारियों के लिए आरक्षण नीति

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पहली बार अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों के अपने कर्मचारियों की सीधी नियुक्ति और पदोन्नति के लिए एक औपचारिक आरक्षण नीति पेश की है। इस निर्णय की सूचना 24 जून को जारी एक परिपत्र में उच्चतम न्यायालय के सभी कर्मचारियों को दी गई। परिपत्र कहा गया है कि मॉडल आरक्षण रोस्टर और रजिस्टर को सुपनेट पर अपलोड कर दिया गया है तथा इसे 23 जून से प्रभावी कर दिया गया है। प्रभावी मॉडल रोस्टर के अनुसार, एससी श्रेणी कर्मचारियों को पदोन्नति में 15 प्रतिशत और एसटी को 7.5 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा।

# रेल यात्रियों को अब एक ही जगह सभी सुविधाएं

नई दिल्ली, एजेंसी

- रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने लॉन्च किया मोबाइल एप रेलवन

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को रेलवन मोबाइल एप्लीकेशन की शुरुआत की जिससे यात्रियों को टिकट बुकिंग, ट्रेन और पीएनआर पूछताछ, यात्रा योजना बनाने, रेल सहायता सेवाएं और भोजन बुकिंग जैसी कई सेवाओं तक आसान पहुंच में मदद मिलेगी।

वैष्णव ने रेलवे सूचना प्रणाली केंद्र (सीआरआईएस) के 40वें स्थापना दिवस समारोह में इस एप की शुरुआत की। यह एप एंड्रॉइड प्ले स्टोर और आईओएस एप स्टोर, दोनों प्लेटफार्म पर उपलब्ध है। रेल मंत्रालय ने कहा कि रेलवन एप पर यात्रियों की सभी जरूरतों का समाधान उपलब्ध होगा। इस एप से यात्रियों को आरक्षित, अनारक्षित टिकटिंग, प्लेटफॉर्म टिकट, ट्रेन और पीएनआर पूछताछ, यात्रा योजना, रेल सहायता सेवाएं, ट्रेन में भोजन की बुकिंग के साथ माल ढुलाई से संबंधित पूछताछ की सुविधा भी है।



## एक नजर

### वाणिज्यिक एलपीजी दर में 58.5 रुपये की कटौती

**नई दिल्ली।** विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमत में मंगलवार को 7.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई जबकि वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में इस्तेमाल होने वाले गैस सिलेंडर की कीमत में 58.50 रुपये प्रति सिलेंडर की कटौती की गई है। तेल कंपनियों ने 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 58.5 रुपये की कटौती की है। अब दिल्ली में वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत प्रति सिलेंडर 1,665 रुपये और मुंबई में 1,616.50 रुपये होगी। घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत 853 रुपये प्रति 14.2 किलोग्राम पर अपरिवर्तित रही। अप्रैल में घरेलू रसोई गैस की कीमत में 50 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की गई थी।



# दिल्ली में पुराने वाहनों को पेट्रोल-डीजल देने पर रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली में मंगलवार को कड़ी सुरक्षा के बीच पुरानी गाड़ियों को पेट्रोल-डीजल देने पर प्रतिबंध की शुरुआत हुई। दिल्ली सरकार ने ऐसे वाहनों का पता लगाने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में करीब 350 पेट्रोल पंपों पर स्वचालित नंबर प्लेट रीडर कैमरे (एएनपीआर) लगाए हैं।

परिवहन विभाग ने अपने संगठन, दिल्ली पुलिस, यातायात पुलिस और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के कर्मियों को शामिल करते हुए एक विस्तृत तैनाती योजना तैयार की है। परिवहन विभाग, यातायात पुलिस और स्थानीय पुलिस की कई टीमों को दक्षिण दिल्ली के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर तैनात किया गया है। यह अभियान मंगलवार सुबह 6 बजे से शुरू हुआ, जिसमें 15 साल से अधिक पुराने पेट्रोल चालित वाहनों और 10 साल से अधिक पुराने डीजल वाहनों को ईंधन की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया है।




- पेट्रोल पंपों पर रीडर कैमरे लगाए गए, तैनात किए गए जांच दल


# किसी से आई लव यू कहना यौन इच्छा प्रकट करना नहीं

## बंबई उच्च न्यायालय ने कहा- यह केवल भावनाओं की अभिव्यक्ति, आरोपी व्यक्ति की सजा रद्द की

मुंबई, एजेंसी

बंबई उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ ने 2015 में एक किशोरी से छेड़छाड़ के आरोपी 35 वर्षीय व्यक्ति को बरी करते हुए कहा कि आई लव यू कहना केवल भावनाओं की अभिव्यक्ति है, न कि यौन इच्छा प्रकट करना।

न्यायमूर्ति उर्मिला जोशी-फाल्के की पीठ ने सोमवार को पारित अपने आदेश में कहा कि किसी भी यौन कृत्य में अनुचित स्पर्श, जबरन कपड़े उतारना, अभद्र इशारे या महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से की गई टिप्पणी शामिल है।



शिकायत के अनुसार, आरोपी नागपुर में 17 वर्षीय लड़की के पास गया, उसका हाथ पकड़ा और आई लव यू कहा। नागपुर की एक सत्र अदालत ने 2017 में आरोपी को भारतीय दंड संहिता और बाल यौन अपराध संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत दोषी ठहराया था और तीन साल के कारावास की सजा सुनाई थी। उच्च न्यायालय ने व्यक्ति की दोषसिद्धि को रद्द करते हुए कहा कि ऐसी कोई परिस्थिति नहीं पाई गई जिससे यह संकेत मिले कि उसका वास्तविक इरादा पीड़िता के साथ यौन संपर्क स्थापित करना था। अभियोजन पक्ष के मुताबिक जब लड़की स्कूल से घर लौट रही थी, तो उस व्यक्ति ने उसका हाथ पकड़ लिया, उसका नाम पूछा और आई लव यू कहा।

लड़की वहां से भाग निकलने में सफल रही और घर जाकर अपने पिता को घटना के इसके बारे में बताया, जिसके बाद प्राथमिकी दर्ज की गई। उच्च न्यायालय ने कहा कि यह मामला छेड़छाड़ या यौन उत्पीड़न के दायरे में नहीं आता।

### यौन उद्देश्य साबित करने को ठोस आधार जरूरी

उच्च न्यायालय ने कहा कि आई लव यू जैसे शब्द अपने आप में यौन इच्छा (प्रकटीकरण) के बराबर नहीं होंगे, जैसा कि विधायिका द्वारा परिकल्पित है। उच्च न्यायालय ने कहा कि आई लव यू कहने के पीछे यदि यौन उद्देश्य था, तो उसे साबित करने के लिए कुछ ठोस और अतिरिक्त संकेत होने चाहिए, केवल इतना कहना पर्याप्त नहीं है। अदालती आदेश में कहा गया है कि अगर कोई व्यक्ति यह कहता है कि वह किसी से प्रेम करता है या अपनी भावनाएं व्यक्त करता है, तो केवल इतना भर कह देने से इसे किसी प्रकार के यौन इरादे के रूप में नहीं देखा जा सकता।

## एक नजर

### 14 वन स्टाप शॉप कृषि केंद्र किए जाएंगे स्थापित

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कृषि विभाग प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलंबन योजना एग्रीजंक्शन के अंतर्गत जनपद के 15 विकास खंडों में 14 वन स्टाप शॉप कृषि केंद्र एग्रीजंक्शन में शहरी क्षेत्र चार व ग्रामीण क्षेत्र 10 कुल 14 स्थापित करेगा। कृषकों को कृषि केंद्र एग्रीजंक्शन के बैनर तले सभी कृषि सुविधाएं उपलब्ध कराना है। पात्र अभ्यर्थियों की आयु 40 वर्ष से अधिक न हो। अनुसूचितजाति, जनजाति, महिलाओं को आयु सीमा में पांच वर्ष की छूट रहेगी। पात्र अभ्यर्थी अपना आवेदन कृषि विभाग की विभागीय वेबसाइट व दिए लिंक माध्यम से ऑनलाइन कर सकते है। आवेदन की अन्तिम तिथि 20 जुलाई है। कोई भी शुल्क देय नहीं है। अधिक जानकारी उप कृषि निदेशक कार्यालय लोधीपुर से कर सकते है।

### पिता-पुत्र को लाठी-डंडों से पीटा, पुलिस से शिकायत

**कलान, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम जखिया निवासी अमोद कुमार ने थाने पर प्रार्थना पत्र दिया है कि पड़ोस के कुछ लोग उससे 9 हजार रुपए दवा के लिए उधार ले गए थे जब वह दवा लेकर लौट आए तो उसने कहा की दवा से बचे रुपए वापस कर दो जिससे तुम ज्यादा रुपए कर्जदार नहीं होंगे इतने में ही आरोपी आग बबूला हो गए और उसके साथ लाठी डंडों से मारपीट करने लगे जब पिता को पिटता देख पुत्र प्रशांत बचाने आया तो उसको भी आरोपियों ने लाठी डंडों से जमकर पीटा पिता पुत्र घायल अवस्था में थाने आए जहां से उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर इलाज के लिए भेजा गया है वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद खुले स्कूल बच्चों का रोली व तिलक से किया स्वागत

## जिला अधिकारी ने कंपोजिट विद्यालय हथौड़ा में छात्र-छात्राओं को खिलाई मिठाई

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद मंगलवार को जिले के सभी प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों का पुनः संचालन प्रारंभ हो गया। डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में स्कूलों में विशेष स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। अधिकारियों ने नौनिहालों का तिलक व फूल वर्षा कर स्वागत किया। बच्चों ने भी छुट्टी के बाद खुले स्कूल में पहुंचकर मन लगाकर शिक्षा ग्रहण की।

डीएम के निर्देश पर जनपद के सभी प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों 250 में अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई। अधिकारियों ने विद्यालयों में पहुंचकर बच्चों का स्वागत किया। डीएम कंपोजिट विद्यालय हथौड़ा पहुंचे। यहां उन्होंने बच्चों का पारंपरिक तरीके से रोली-टीका कर मिठाई खिलाकर स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में एक पौधरोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया। डीएम ने एक पौधा रोपित किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। डीएम ने कहा कि विद्यालय शिक्षा का मंदिर है और इसमें बच्चों का स्वागत पूरे आदर और स्नेह से होना चाहिए, जिससे उनमें स्कूल के प्रति आकर्षण और लगाव उत्पन्न हो। कार्यक्रम में बीएसए दिव्या गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



बीएसए दिव्या गुप्ता ने बच्चों का सुजातपुर स्कूल में किया स्वागत। ● अमृत विचार



बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत करते जिला अधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह।

प्राथमिक विद्यालय कुंडरी आश्रम द्वितीय में बच्चों का किया अभिनंदन

मिर्जापुर, अमृत विचार : क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय कुण्डरी आश्रम द्वितीय में संतोष मिश्रा, अतेंद्र गुर्जर ने बच्चों का रोली-टीका लगाकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया। शिक्षकों ने बच्चों से कहा कि शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं, यह संस्कार, अनुशासन और जीवन निर्माण की नींव है। अभिभावकों से से निवेदन किया गया कि बच्चों को अधिक से अधिक स्कूल में भेजें। इस मौके पर अर्पण मिश्रा, आनंद देव मिश्रा, मोती, वासुदेव मिश्रा, संतराम, मनीष मिश्रा, शोभित कुशवाहा, अजय कश्यप आदि मौजूद रहे।

**ऑल सेंट्स स्कूल में लौटी रौनक :** मंगलवार को ऑल सेंट्स स्कूल में फिर से चहल-पहल लौट आई। स्कूल डायरेक्टर शगुन बाथम ने मुख्य द्वार पर बच्चों का स्वागत किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या साक्षी रस्तोगी, शिक्षक रूबी, अल्फिया, दीपिका, शुभा, रोज, श्रिस्थि, शुर्ति, नेहा, प्रियंका, ज्योति, अश्विनि, अजीम आदि का विशेष सहयोग रहा।

### निगोही में स्कूल खुलने पर बच्चों का किया स्वागत

**निगोही, अमृत विचार :** क्षेत्र परिषदीय विद्यालयों में बच्चों का टीका लगाकर शिक्षकों ने स्वागत किया। खंड शिक्षा अधिकारी रमेश पंकज ने बताया कि 15 जुलाई तक स्कूल चलो अभियान का द्वितीय चरण चलेगा। संविलियन विद्यालय भटिउरा पृथ्वीपुर में एआरटीओ प्रवर्तन ने बच्चों का टीका लगाकर स्वागत किया एवं स्कूल चलो रैली का शुभारम्भ किया। वहीं संविलियन विद्यालय पतराजपुर में रैली निकालकर ग्रामवासियों को जागरूक किया। प्राथमिक विद्यालय पिपरिया खुशाली, उच्च प्राथमिक विद्यालय कजरीनूरपुर, संविलियन विद्यालय भवानीपुर, प्राथमिक विद्यालय गंगा जमुनी, प्राथमिक विद्यालय चकौरा, उच्च प्राथमिक विद्यालय विक्रमपुर में भी कार्यक्रम हुए।

### विद्या के मंदिर बच्चों का किया स्वागत

**तिलहर, अमृत विचार :** बिरियागंज कंपोजिट विद्यालय में खंड शिक्षा अधिकारी, विद्यालय प्रधानाध्यापक तरन्नुम, सभासद संदीप रस्तोगी और शिक्षक अजय कुमार ने छात्र-छात्राओं का स्वागत किया। प्रधानाध्यापक तरन्नुम ने भी बच्चों को मेहनत और अनुशासन के साथ पढ़ाई करने की प्रेरणा दी। सभासद संदीप रस्तोगी ने शिक्षा के क्षेत्र में सुधार और सहयोग का आश्वासन देते हुए बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

## एसडीएम ने बच्चों का किया स्वागत निकाली रैली

**पुवायां, अमृत विचार :** मंगलवार को स्कूल के पहले दिए एसडीएम चित्रा निर्वाल ने गांव अगौना बुजुर्ग के कम्पोजिट विद्यालय पहुंचकर आने वाले बच्चों का तिलक कर स्वागत किया। साथ ही गांव में स्कूल चलो अभियान के तहत रैली निकाली। रास्ते में तमाम अभिभावकों से बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने के लिए जागरूक भी किया गया। इस दौरान बीईओ कृष्ण कुमार शुक्ला, शिक्षिका पल्लवी वर्मा, प्रेमचन्द्र वर्मा, राजीव गुप्ता समेत तमाम शिक्षक व अभिभावक मौजूद रहे।



टीका लगाकर बच्चों का स्वागत करतीं एसडीएम चित्रा निर्वाल। ● अमृत विचार

# जिला जज और 44 नंबर कोर्ट का बहिष्कार रहेगा जारी



राजीव सभागार में बैठक में मौजूद अधिवक्ता। ● अमृत विचार

- सेंट्रल बार एसोसिएशन की सभा में लिया निर्णय

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सेंट्रल बार एसोसिएशन की एक आम सभा राजीव सभागार में हुई। इसमें जिला जज और 44 नंबर कोर्ट का बहिष्कार लगातार जारी करने का निर्णय लिया गया।

साथ ही यह भी तय किया गया कि कोई भी अधिवक्ता जिला जज और और 44 नंबर कोर्ट में कार्य न करें। इसके लिए एक समिति बनाई गई है। इस संबंध में वार्ता के लिए प्रशासनिक न्यायमूर्ति इलाहाबाद से समय लेकर उनसे मिलने पर सहमति बनी। आगे आंदोलन की रूपरेखा तय करने के लिए एक संघर्ष समिति बनाई गई है जिसमें यह समस्त अधिकार होंगे कि वह आंदोलन के संबंध में आपस में राय मशविरा करके आगे की रणनीति तैयार करें। बार अध्यक्ष अजय वर्मा, महासचिव अवधेश कुमार, वरिष्ठ उपाध्याय पशुपतिनाथ दीक्षित, राजीव मिश्रा, सरनाम यादव, आलोक, रामखिलावन त्रिपाठी, ओमेंद्र यादव, अरशद अब्बास, अमोघचंद दीक्षित, राजा रामपाल, अमित शर्मा आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

### किशोरी प्रेमी के साथ फरार रिपोर्ट दर्ज

**कलान, अमृत विचार :** थाना कलान क्षेत्र से एक नाबालिग लड़की अपने प्रेमी के साथ फरार हो गयी। घटना 28 जून की है। पीड़िता की मां ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। किशोरी की मां ने थाने पर दिए प्रार्थना में बताया कि वह मेडिकल स्टोर से दवा लेने गई थीं। आरोप है कि इसी दौरान उनकी 17 वर्षीय बेटी को जनपद बरेली के भमौरा थाना क्षेत्र निवासी सुखपाल बहला-फुसलाकर ले गया। सुखपाल के साथ उसका भाई नन्हे भी मौजूद था। पीड़िता की मां ने बताया कि सुखपाल पेशे से ढोलक वादक है और अक्सर उनके गांव में आता-जाता रहता था। लड़की घर से आधार कार्ड और 3500 रुपए भी साथ ले गयी है। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उधर, जब इस संबंध में कलान के प्रभारी निरीक्षक प्रभाष चंद से बात की गयी तो उन्होंने बताया कि किशोरी की मां की तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत किया गया है। शीघ्र ही किशोरी की बरामदगी कर ली जाएगी।


दसवां/तेरहवी संस्कार



अत्यन्त दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पति श्री हरी प्रकाश का स्वर्गवास दिनांक 24.06.2025 को हो गया था। जिनका दसवां संस्कार दिनांक 02.07.2025 बुधवार को राम स्वरूप बाग (निकट बी.बी.एल.पब्लिक स्कूल) बरेली में समय दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक होगा तथा तेरहवीं (ब्रह्म भोज) दिनांक 04.07.2025 को दोपहर 01 बजे से निज निवास (राममूर्ति टावर के पीछे) सेंट फ्रांसिस स्कूल वाली गली, बरेली पर होगा।

शोकाकुल

श्रीमती डॉ.शशि प्रभा (पत्नी) (पूर्व प्रधानाचार्य, द्रोपदी कन्या इण्टर कालेज), अंकुर पी गुप्ता (रीजनल पी.एफ. कमिश्नर) - सोनाली गुप्ता (पुत्र-पुत्रवधू), मुकेश शिंघल (पार्षद) - ज्योति गुप्ता (दामाद - बेटी), प्रदीप गुप्ता - स्वाति गुप्ता (दामाद-बेटी), यश प्रकाश गुप्ता (पोता), नित्या गुप्ता (पोती) एवं समस्त परिवार। मो.9821653953


### मर्जर के खिलाफ द्रविड़ फौज ने किया प्रदर्शन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश सरकार ने 50 से कम छात्र संख्या वाले परिषदीय विद्यालयों को मर्ज करने के आदेश के खिलाफ द्रविड़ फौज ने जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन कर विरोध जताया। चार सूत्रीय ज्ञापन डीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल को सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि यह आदेश शिक्षा का अधिकार अधिनियम, बाल अधिकार अधिनियम और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि मर्जर से खासकर दलित, पिछड़े और गरीब वर्ग के बच्चों की शिक्षा प्रभावित होगी और बेरोजगारी भी बढ़ेगी। संगठन ने कहा कि मर्जर आदेश को तत्काल निरस्त किया जाए। ग्रामीण विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारी जाए। आरटीई एक्ट पूरी तरह लागू किया जाए। न्यूनतम छात्र संख्या होने पर भी विद्यालय बंद न किए जाएं। प्रदर्शन का नेतृत्व बागी विक्रम सिंह ने किया। अध्यक्षता अमित कुमार आजाद ने। इस दौरान कई सामाजिक कार्यकर्ता, अधिवक्ता और शिक्षक मौजूद रहे।


VARUN ARJUN UNIVERSITY

Varun Arjun Medical College Campus

NH-30 (OLD NH-24) Banthra, Distt. Shahjahanpur, Uttar Pradesh - 242307

ADMISSION OPEN

ADMISSIONS OPEN FOR FOLLOWING COURSES FOR SESSION 2025-2026

ADMISSION OPEN

VARUN ARJUN COLLEGE OF COMMERCE & MANAGEMENT

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| Bachelor of Business Administration (BBA) | Intermediate (Any Stream) | 3 Year |
| Bachelor of Computer Applications (BCA) | Intermediate (Any Stream) | 3 Year |
| Master of Hospital Administration (MHA) | Graduate in (Any Stream) | 2 Year |
| Master in Public Health (MPH) | Graduate in (Any Stream) | 2 Year |

Contact for Admission : Mob. 7521050077, 9956248504 E-mail ID : admission@vau.edu.in

VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| M.Sc. (Medical Anatomy)<br>M.Sc. (Medical Biochemistry)<br>M.Sc. (Medical Microbiology)<br>M.Sc. (Medical Physiology)<br>M.Sc. (Medical Pharmacology) | Candidate must have passed three years undergraduate Program B.Sc. with 50% marks (45% for SC/ST) With Biological Sciences as one of the Subject or MBBS, BDS, BAMS, BHMS, BPT, B.Pharma, BMLT, BMRIT, B.Sc. Nursing Must have Passed from a recognized University. | 3 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521050077, 9956248504, E-mail ID: admission@vau.edu.in

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| B.Sc. Forensic Sciences | Intermediate with Science | 3 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521050077, 9956248504, E-mail ID: admission@vau.edu.in

VARUN ARJUN COLLEGE OF NURSING

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| B.Sc. Nursing | Intermediate with Biology and Entrance Test | 4 Years |
| Post Basic B.Sc. Nursing | G.N.M With Entrance Test | 2 Years |
| G.N.M | Intermediate (With English) & Entrance Test | 3 Years |
| A.N.M | Intermediate | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521001992, E-mail ID: vacn2019@gmail.com

VARUN ARJUN COLLEGE OF PHARMACY

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| Bachelor of Pharmacy | Intermediate with Science | 4 Years |
| Diploma in Pharmacy | Intermediate with Science | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521001993, E-mail ID : principal.vacp@vau.edu.in

VARUN ARJUN COLLEGE OF PARAMEDICAL SCIENCES

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| Diploma in Medical Laboratory Technician - D.M.L.T. | Intermediate with Science | 2 Years |
| Diploma in X-Ray Technician | Intermediate with Science | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521050078, E-mail ID : principal.vacps@vau.edu.in


# जांच में नहीं मिला राशन स्टॉक, घपले की आशंका

- राशन की दुकान पर जांच करने पहुंचे सप्लाई इंस्पेक्टर
- मशीन और स्टॉक रजिस्टर नहीं दिखा सका कोटेदार

**परौर, अमृत विचार :** ग्राम बम्हनी चौकी में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत संचालित राशन दुकान में बड़े घोटाले की आशंका सामने आई है। अटल बिहारी वाजपेयी स्वयं सहायता समूह के अध्यक्ष राजीव मिश्रा की शिकायत पर सप्लाई इंस्पेक्टर आलोक कुमार ने मंगलवार को मौके पर पहुंचकर जांच की।

शिकायत में आरोप लगाया गया था कि कोटेदार मुनेन्द्र मौर्य ने लगभग 57 क्विंटल राशन स्टॉक से गायब कर दिया गया है। जब सप्लाई इंस्पेक्टर ने दुकान की जांच की तो 29 जून को उठाया गया राशन स्टॉक दुकान में मौजूद नहीं पाया गया। इसके विपरीत, कोटेदार के मकान के सामने एक राशन भरी ट्रॉली खड़ी मिली। इससे मामले की गंभीरता और भी बढ़ गई। स्थानीय कार्डधारकों ने बताया कि कोटेदार सरकारी कांटे से नहीं, बल्कि निजी कांटे से तौल कर राशन वितरित करता है। इससे पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो गए हैं। जब सप्लाई इंस्पेक्टर ने कोटेदार से मशीन और स्टॉक रजिस्टर की मांग की तो कोटेदार मुनेन्द्र मौर्य टालमटोल करते नजर आए। सप्लाई इंस्पेक्टर आलोक कुमार ने बताया कि जांच की जा रही है जो भी अनियमितता मिलेगी उसके आधार पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।



गांव में जांच करते सप्लाई इंस्पेक्टर आलोक कुमार। ● अमृत विचार

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लगाया गया मानसिक स्वास्थ्य कैंप

**तिलहर, अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मंगलवार को मानसिक स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इसमें विशेषज्ञ डॉक्टरों ने मरीजों को परामर्श देकर निशुल्क दवाएं वितरित कीं।

कैंप का शुभारंभ एसीएमओ डॉ. आसिफ ने किया। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य की गंभीरता पर जोर देते हुए कहा कि आज के समय में बढ़ता तनाव और चिड़चिड़ापन मानसिक रोगों का कारण बन रहा है। सभी को चाहिए कि तनाव से दूर रहें और नियमित परामर्श लें। शिविर में घबराहट, तनाव, लंबे समय तक रहने वाला शरीर दर्द, सिर दर्द आदि से पीड़ित मरीजों का इलाज किया गया। कुल 22 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें मुफ्त दवाएं दी गईं। विशेष रूप से 16 मानसिक रोगियों को डॉ. आसिफ ने मानसिक दिव्यांग प्रमाण पत्र भी वितरित किए जिससे उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। कैंप में डॉ. कमरूज्जमा, सोनू खन्ना, हरिशंकर वर्मा और प्रमोद कुमार जैसे चिकित्सा अधिकारी एवं स्वास्थ्यकर्मी भी मौजूद रहे।

# स्कूलों में चल रही बाल वाटिका को सशक्त बनाने के लिए 208 एजुकेटर संभालेंगे कमान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- परिषदीय व कंपोजिट विद्यालयों में ईसीसीई के अंतर्गत होगी नियुक्ति
- संविदा पर 11 महीने रखा जाएगा मिलेगा 10,313 प्रतिमाह मानदेय
- वर्तमान में इसका जिम्मा निभा रही थी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता

**अमृत विचार :** जनपद के परिषदीय प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों में चल रही बाल वाटिका को सशक्त बनाने के लिए 208 अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन (ईसीसीई) एजुकेटर रखे जाएंगे। इसको लेकर बेसिक शिक्षा विभाग ने खाका खींच लिया है। शिक्षा मंत्रालय ने इसके लिए बजट स्वीकृत कर दिया है। बेसिक शिक्षा विभाग एजुकेटरों को संविदा पर 11 महीने के लिए रखेगा। इन्हें 10,313 रुपये प्रतिमाह मानदेय दिया जाएगा।

अभी तक जनपद के परिषदीय विद्यालयों में को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन किया जाता है। यहां पर बाल वाटिका के रूप में तीन से छह साल तक के बच्चों की पढ़ाई होती है। वर्तमान में इसका जिम्मा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व संबंधित स्कूल का शिक्षक नोडल की भूमिका निभा रहे थे। इससे बाल वाटिका सशक्त होगी और बच्चों का उज्जवल भविष्य बन सकेगा। ईसीसीई एजुकेटर संबंधित विद्यालयों के आंगनबाड़ी केंद्र को बाल वाटिका के रूप में विकसित करने और यहां नामांकित तीन से छह साल के बच्चों को पूर्व प्राथमिक शिक्षा देने का काम करेंगे।



बीएसए दिव्या गुप्ता। ● अमृत विचार

> अभी 208 विद्यालयों में ईसीसीई एजुकेटर पद के लिए विज्ञप्ति निकाली जा रही है। इसमें 15 हमारे पीएमश्री विद्यालय भी सम्मिलित किए गए हैं। एजुकेटरों के रखे जाने से बाल वाटिका में अच्छी शिक्षा व बच्चों को सीखने के लिए बेहतर प्लेटफार्म मिल सकेगा। हमारे स्तर से सारी तैयारियां शुरू कर दी गई है।
>
> – दिव्या गुप्ता, बीएसए

**जिले में 208 ईसीसीई एजुकेटर रखे जाएंगे :** जनपद के परिषदीय प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों में बाल वाटिका के लिए 208 ईसीसीई एजुकेटर रखने की सहमति बनी है। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से इनके चयन की भी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इस तरह नए शैक्षिक सत्र में बाल वाटिका ईसीसीई एजुकेटर बच्चों की पढ़ाई के लिए बेहतर सहयोग करेंगे।

**डीएम की अध्यक्षता वाली समिति करेगी चयन:** डीएम की अध्यक्षता वाली आठ सदस्यीय समिति ईसीसीई एजुकेटर का चयन करेगी। इसमें डायट प्राचार्य, बीएसए, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला सेवायोजन अधिकारी आदि शामिल होंगे। ईसीसीई एजुकेटर के लिए शैक्षिक योग्यता स्नातक गृह विज्ञान मुख्य विषय के साथ 50 फीसदी अंकों के साथ पास हो या नर्सरी अध्यापक शिक्षा, एनटीटी, सीटी नर्सरी, डीपीएसई का दो साल का डिप्लोमा या समकक्ष योग्यता हो।

# निरीक्षण में मिली कमियां, डीएम ने लगाई फटकार

- वन स्टॉप सेंटर में टाइल्स की मरम्मत कार्य में मिली लापरवाही
- नाराजगी जाहिर कर डीएम ने दिए कमियां पूरा करने के निर्देश

**रौसर कोठी, अमृत विचार :** नवादा इंदेपुर स्थित सखी वन स्टॉप सेंटर और राजकीय बाल गृह (बालक) में सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने मंगलवार को औचक निरीक्षण किया। उन्होंने संस्थानों में पाई गई कई कमियों पर नाराजगी जाहिर की। संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाते हुए जल्द कमियां पूरी करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने वन स्टॉप सेंटर परिसर में नवग्रह वाटिका विकसित करने का निर्देश दिया। जल्द वृक्षारोपण कराने की बात कही। उन्होंने बीते वर्ष की बाढ़ में क्षतिग्रस्त हुई टाइल्स की मरम्मत में लापरवाही देखकर नाराजगी जताई और प्रोबेशन अधिकारी को तत्काल मरम्मत कार्य शुरू करने का आदेश दिया। डीएम ने चाइल्ड हेल्प यूनिट के अंतर्गत आने वाले बच्चों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति की जांच कराने और पात्र परिवारों को जीरो पॉवर्टी योजना का लाभ देने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा बिना रिप्लेसमेंट कोई भी पुलिसकर्मी छुट्टी पर नहीं जाएगा। डीएम ने निवासरत लड़कियों से संवाद कर उनके भोजन, रहन-सहन और मानसिक स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने नियमित काउंसलिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण करते डीएम।

### राजकीय बाल गृह की व्यवस्थाएं मिली संतोषजनक

राजकीय बाल गृह (बालक) में डीएम ने हस्तनिर्मित सामग्री, प्रशिक्षण कक्षाएं, पुस्तकालय, रसोईघर, चिकित्सा सुविधाएं और शिक्षकों की उपलब्धता की स्थिति को संतोषप्रद बताया। निरीक्षण के बाद संभावना जताई जा रही है कि इन संस्थानों की व्यवस्थाओं में जल्द ही सुधार देखने को मिलेगा।




# ट्रांसफॉर्मर से तेल चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा, छह गिरफ्तार

## रोजा पुलिस ने 250 लीटर तेल, उपकरण और चार पहिया के चार वाहन किए बरामद

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- मैनपुरी, कानपुर, फतेहगढ़ में ट्रांसफार्मर से कर चुके तेल चोरी
- गिरफ्तार करने वाली टीम को 20 हजार रुपये का दिया इनाम

**अमृत विचार :** रोजा पुलिस ने ट्रांसफॉर्मर से तेल चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा मंगलवार को कर दिया। पुलिस ने सरगना समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया है। टीम ने 250 लीटर तेल, चार वाहन और तेल निकालने के उपकरण बरामद किए है। गिरफ्तार करने वाली टीम को 20 हजार रुपये का इनाम दिया है।

रोजा थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार को सोमवार रात सूचना मिली कि वरतारा में स्थित नैनीताल ढाबा के निकट ट्रांसफार्मर से तेल चोरी करने की फिराक में एक गिरोह खड़ा है। पुलिस ने घेराबंदी करके ट्रांसफॉर्मर से तेल चुराने वाले गिरोह को पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से पांच प्लास्टिक केन में 250 लीटर विद्युत ट्रांसफार्मर तेल, 10 खाली केन, चार पहिया के चार वाहन और तेल निकालने के उपकरण बरामद किए है।



पुलिस हिरासत में ट्रांसफार्मर से तेल चोरी करने के आरोपी व बरामद तेल।

पूछताछ में पता चला कि आरोपी फर्रुखाबाद थाना नवाबगंज क्षेत्र के बांसमई निवासी कुलदीप सिंह, रोजा के अहमदुपर निवासी शानू, कोतवाली मौजमपुर क्षेत्र निवासी प्रमोद कुमार, थाना रामचंद्र मिशन के नई बस्ती निवासी सलीम, बरेली के देवरनिया थाना क्षेत्र के रिछा निवासी मोहम्मद मुकीम और थाना रोजा क्षेत्र के अहमदपुर निवासी तालिब है। गिरोह का सरगना कुलदीप है। गिरोह के सरगना कुलदीप है। उसपर 10 मुकदमे विभिन्न धाराओं के दर्ज है। अन्य आरोपियों पर पहले से मुकदमे दर्ज है। पुलिस ने सभी गिरोह के सभी सदस्यों का चालान कर दिया। एसपी राजेश द्विवेदी ने बताया कि पुलिस टीम को 20 हजार रुपये का इनाम दिया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार, उप निरीक्षक राजेश कुमार, नागेंद्र तिवारी, अवधेश कुमार, सागर, सत्येन्द्र पाल सिंह, राकेश कुमार आदि रहे।

> गिरोह का सरगना कुलदीप है। उसके ऊपर विभिन्न जिलों में एक दर्जन मुकदमे दर्ज है। सूचना मिली थी कि गिरोह रोजा क्षेत्र ट्रांसफार्मर से तेल चोरी कर रहा है। विद्युत अधिकारी ने शिकायत की थी। तेल चोरी करना अत्यंत गंभीर अपराध है। अभियुक्तों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
>
> – राजेश द्विवेदी, एसपी

### चोरी का तेल किसानों को बेचते थे

पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि विद्युत ट्रांसफार्मर से तेल चोरी करते है और तेल बेचकर गुजारा करते है। तेल चुराने के बाद एक जगह एकत्रित कर लेते थे। किसान और ट्रक चालकों को कम दाम में बेच देते थे। आरोपी प्रमोद कुमार अपनी दुकान में रखकर फुटकर में बेचा करता था। उन्होंने बताया कि मैनपुरी, कानपुर, फतेहगढ़ में ट्रांसफार्मर से तेल चोरी कर चुके है।

# चालक को आई झपकी, पंजाब के छह लोग घायल

**मीरानपुर कटरा, अमृत विचार :** हाईवे पर हुलास नगरा ओवरब्रिज के पास मंगलवार सुबह हादसा हो गया। जब कार चालक को झपकी लगने से गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गई। कार सवार छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया।

हादसे में घायल सभी लोग पंजाब के लुधियाना के रहने वाले हैं। इनमें थाना शाने बाल लुधियाना निवासी राजेश गोस्वामी (55), दिलीप गोस्वामी (19), निशा (25), संदीप कुमार (28), शमीम (24) शामिल हैं। ये सभी अयोध्या से दर्शन करके लुधियाना लौट रहे थे। ओवरब्रिज से पहले चालक को नींद की झपकी लग गई। कार नियंत्रण खोकर पलट गई।

# स्टंट करने वाला आरोपी गिरफ्तार ट्रैक्टर सीज



पुलिस हिरासत में ट्रैक्टर से स्टंट करने का आरोपी।

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कांट पुलिस ने ट्रैक्टर से खतरनाक स्टंट कर सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करने वाले आरोपी को ट्रैक्टर समेत गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया। 24 जून को कांट थाना के उप निरीक्षक पंकज कुमार को ट्रैक्टर का स्टंट करने का सोशल मीडिया पर वायरल करने की सूचना प्राप्त हुई थी। पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर स्टंट करने वाले ट्रैक्टर चालक की तलाश की जा रही थी।

पुलिस ने स्टंट करने वाले आरोपी आशीष निवासी सिकरोही थाना कांट को सोमवार की शाम ट्रैक्टर समेत गिरफ्तार कर लिया। ट्रैक्टर के कोई कागज न होने के कारण सीज कर दिया गया। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया।




# एसपी ने प्रशिक्षु आरक्षियों से किया संवाद

संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** एसपी राजेश द्विवेदी ने पुलिस लाइन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षु आरक्षियों से सीधा संवाद स्थापित किया। उन्होंने प्रशिक्षुओं को पुलिस सेवा की व्यवहारिक चुनौतियों, कर्तव्यों की गंभीरता और जनसंपर्क कौशल के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। एसपी ने पुलिस कर्मचारियों के लिए अनुशासन, संवेदनशीलता एवं निष्पक्षता को सेवा के मूल स्तंभ बताते हुए कहा कि एक आरक्षी आचरण ही पुलिस विभाग की छवि को समाज में प्रतिबिंबित करता है। इस संवाद कार्यक्रम में सीओ लाइन, प्रतिसार निरीक्षक, आईटीसी प्रभारी व अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

# बरेली-लखनऊ मार्ग पर डीसीएम खड़े ट्रक में घुसी, चालक की मौत, 3 घायल

संवाददाता, तिलहर/शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय राजमार्ग बरेली-लखनऊ मार्ग पर एक होटल के निकट ट्रक का पहिया पंचर हो गया। चालक और हेल्पर दूसरा पहिया फिट कर रहे थे। बरेली से आ रही डीसीएम पीछे से ट्रक में जाकर घुस गई। हादसे में डीसीएम चालक की मौत हो गई और ट्रक का चालक चालक समेत तीन घायल हो गए। पुलिस ने ट्रक और डीसीएम को कब्जे में ले लिया है।



डीसीएम को सड़क से हटाने पहुंची क्रेन। ● अमृत विचार

मंगलवार की सुबह चार बजे एक ट्रक परचून का सामान लेकर बरेली से शाहजहांपुर की ओर जा रहा था। राष्ट्रीय राजमार्ग बरेली-लखनऊ मार्ग पर एक होटल के निकट ट्रक का पहिया पंचर हो गया। चालक ने ट्रक को सड़क के किनारे साइड में खड़ा कर दिया। चालक और हेल्पर दूसरा पहिया ट्रक में फिट कर रहे थे। इसी बीच बरेली से शाहजहांपुर की ओर गोभी लेकर डीसीएम जा रही थी। अचानक डीसीएम ट्रक में साइड से जाकर घुस गई। डीसीएम का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। इस दौरान ट्रक चालक राम चरन निवासी मोहकमपुर कला थाना भूता जिला बरेली और हेल्पर सुमित कुमार व शानू कुमार निवासी सैटेलाइट थाना बारादरी जिला बरेली घायल हो गए। सूचना पर उप निरीक्षक अनिल कुमार सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने डीसीएम चालक 30 वर्षीय अजय मिश्रा निवासी हुसैनगंज, कोतवाली जिला सीतापुर को केबिन से मुश्किल से बाहर निकाला। पुलिस ने तीनों को सीएचसी पर भेज दिया। डॉक्टर डीसीएम चालक अजय मिश्रा को मृत घोषित कर दिया। चालक अकेला था। उसकी पत्नी और दो बेटों का रो-रोकर बुराहाल है।



अजय मिश्रा।

# सीएम पोर्टल पर की शिकायत का कर दिया झूठा निस्तारण

संवाददाता, सिंधौली

- गांव आदमपुर दक्षिणी में रंजिश में ग्रामीण के साथ की थी मारपीट
- सिंधौली कोतवाली के एक दरोगा ने लगाई झूठी रिपोर्ट
- पुलिस अधीक्षक से शिकायत, कार्रवाई करने की मांग

**अमृत विचार :** ग्रामीण ने दबंगों की पिटाई से घायल होने के बाद कार्रवाई न होने पर पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। आरोप है कि सिंधौली कोतवाली के एक दरोगा ने न केवल कार्रवाई करने से इनकार किया, बल्कि मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई शिकायत झूठे तरीके से निस्तारित कर दी।

गांव आदमपुर दक्षिणी निवासी बृजलाल ने एसपी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि बीते सप्ताह वह खेत से घास लेकर पैदल घर लौट रहा था। गांव के ही कुछ दबंगों ने पुरानी रंजिश को लेकर उसे रास्ते में रोक लिया और लाठी-डंडों से बुरी तरह पीटा। हमले में उसके सिर पर गंभीर चोटें आईं। शोर सुनकर मौके पर पहुंची उसकी पत्नी को भी दबंगों ने पीटकर घायल कर दिया। घटना के बाद पीड़ित कोतवाली पहुंचा जहां पुलिस ने केवल मेडिकल कराकर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया। आरोप है कि पुलिस ने अब तक नामजद आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। थक-हार कर बृजलाल ने पोर्टल के माध्यम से मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजा। आरोप है कि कोतवाली के दरोगा ने उसे बुलाकर मोबाइल से ओटीपी लेकर पोर्टल पर की गई शिकायत को झूठे ढंग से निस्तारित कर दिया। इससे आहत होकर पीड़ित दंपत्ति सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच व आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

# सोता रहा परिवार, चोरी करके चोर फरार

संवाददात, बंडा

- कंधरपुर गांव में घर को खंगाला, जेवर समेत नकदी की चोरी

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव कंधरपुर में चोरों ने घर को खंगाला। करीब दो लाख रुपये के जेवर समेत पांच हजार रुपये पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

बंडा थाना क्षेत्र के गांव कंधरपुर निवासी गिरिजाशंकर ने बताया कि उसके घर में पिता रामकुमार, पत्नी आरती देवी, डेढ़ साल का पुत्र वेद, उसका बड़ा भाई शिवशंकर और भाभी प्रियंका रहते हैं। सोमवार रात भाभी को छोड़कर सभी लोग घर के बरामदे में सो गए।

सुबह जब पत्नी आरती की आंख खुली तो देखा कि कमरे की अलमारी खुली थी और घर में रखा सारा सामान चोरी हो गया था। चोरों ने अलमारी में रखे पांच हजार रुपये, एक तोला सोने का हार, एक ओम लॉकेट, एक चांदी का कमर बिछुआ और दो जोड़ी पायल चोरी कर ले गए, जबकि दूसरे कमरे में भाभी के होने के चलते शायद चोरों ने वहां जाने की कोशिश नहीं की। इसके चलते बड़े भाई के कमरे में चोरी होने से बच गई। गिरिजा शंकर ने बताया कि रोजाना की तरह उसके कमरे का दरवाजा खुला हुआ था और अलमारी की चाबी उसी में लगी हुई थी। इसका फायदा उठाकर चोरों ने घर में चोरी कर ली। सुबह करीब सात बजे घटना के बारे में जब उसे जानकारी लगी तो उसने बंडा पुलिस को मामले की सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच पड़ताल की। इससे पहले भी रविवार की रात चोरों ने बंडा थाना क्षेत्र के गांव मदारपुर बैवहा से एक मोटर साइकिल और एक एंड्रायड मोबाइल के साथ साथ गांव मियांपुर सनवात से एक मोबाइल समेत करीब 12 लाख रुपये की चोरी की है। पुलिस ने मामले में कई लोगों को हिरासत में लिया था। उनसे पूछताछ की जा रही है।



कंधरपुर में हुई चोरी के दौरान खंगाली गई अलमारी। ● अमृत विचार

# एक दिन के लिए मिर्जापुर थानाध्यक्ष बनीं कुमारी दुर्गा

संवाददाता, मिर्जापुर

**अमृत विचार :** सेठ जगदीश प्रसाद इंटर कॉलेज मिर्जापुर की मेधावी छात्रा कुमारी दुर्गा पुत्री राजाराम को एक दिन के लिए मिर्जापुर थानाध्यक्ष के रूप में कार्यभार सौंपा गया। यह पहल पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान के तहत की गई।

कुमारी दुर्गा ने एक-दिन की थानाध्यक्ष बनकर जनसुनवाई की प्रक्रिया में भाग लिया। आम जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुना और आवश्यकतानुसार संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के लिए निर्देश भी दिए। उनके आत्मविश्वास और व्यवहार कुशलता ने सभी को प्रभावित किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान, उत्तर प्रदेश सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है, जो महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और नेतृत्व को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। कुमारी दुर्गा का यह अनुभव न केवल उनके आत्मबल को बढ़ाएगा, बल्कि अन्य बालिकाओं के लिए भी प्रेरणा बनेगा। इस अवसर पर थाना स्टाफ, स्थानीय जनप्रतिनिधि, एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।



छात्रा का स्वागत करतीं थानाध्यक्ष।

# पोस्टमार्टम में मौत का कारण स्पष्ट नहीं, बिसरा प्रिर्जव

संवाददाता,शाहजहांपुर/निगोही

**अमृत विचार :** संदिग्ध परिस्थितियों में हुई भगवान श्री की मौत के मामले में निगोही पुलिस ने पैनल के आधार पर पोस्टमार्टम कराया है। पैनल के आधार तीन डाक्टरों ने पोस्टमार्टम किया और दुष्कर्म की पुष्टि के लिए स्लाइड बनायी गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट न होने पर बिसरा प्रिर्जव किया गया। बिसरा जांच के लिए भेजा जाएगा।



मृतका के बच्चे। ● अमृत विचार

- पैनल से कराया गया पोस्टमार्टम दुष्कर्म की पुष्टि के लिए बनी स्लाइड

निगोही थाना क्षेत्र के गांव गांव ऊनकला निवासी कृष्णपाल 10 जून को अपने साले और अन्य लोगों के साथ नानकमता फार्म पर धान की बेड़ गाड़ने के लिए गया था। रविवार की रात में उसकी पत्नी भगवान श्री ने बच्चों को खिचड़ी बनाकर खिलाया थी और मकान में सोने के लिए चली गयी थी। उसके बच्चे सुबह उठे तो देखा कि मकान का मुख्य दरवाजा खुला हुआ था और बच्चों की मां घर पर नही थी। बच्चों ने पड़ोस में रह रही चाची सोमवती को बताया था।

परिवार वाले उसकी तलाश कर रहे थे। परिवार वालों को सूचना मिली कि भगवान श्री का शव घर से करीब 150 दूर बाग में पड़ा है। मृतका पेटीकोट और ब्लाउस पहने हुए थे और उसकी धोती गायब थी। उसकी एक पायल टूटी हुई घर के बाहर और एक पायल पहने हुए थी। पति को पत्नी के शव की सूचना मिलने पर अपने घर आया था।

उसने पत्नी की हत्या की आशंका जतायी थी और दुष्कर्म का आरोप लगाया था। निगोही पुलिस ने महिला के शव का पैनल के आधार पर पोस्टमार्टम कराया। तीन डाक्टरों ने पोस्टमार्ट किया। दुष्कर्म की पुष्टि के लिए स्लाइड बनायी गयी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार मौत का कारण स्पष्ट न होने पर बिसरा प्रर्जव किया गया। बिसरा जांच के लिए भेजा जाएगा। निगोही प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने बताया कि मृतका के परिवार वालों की तरफ से तहरीर नहीं आई और तहरीर मिलती है तो आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### पत्नी युवक से फोन पर करती थी बात

मृतका के पति कृष्णपाल ने पुलिस को बताया कि गांव का एक युवक उसकी पत्नी से फोन पर बात करता था। उसकी पत्नी भी चोरी छिपे बात करती थी। उसने युवक को अपने घर आने पर एक माह पूर्व डाटा था और कहा था कि उसकी पत्नी से फोन पर बात क्यों करते हो। रविवार की रात आठ बजे पत्नी से फोन पर बात हुई थी। उसने मांग की है कि युवक से पूछताछ की जाए। इधर पुलिस गांव की दो महिलाओं से पूछताछ कर रही है।

### पुलिस दो महिलाओं से कर पूछताछ

पोस्टमार्टम के बाद महिला का शव गांव में गया। परिवार में रोना पीटना मच गया। सीओ सदर प्रयांक जैन और निगोही प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह गांव में पहुंचे। परिवार वालों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया। पुलिस ने शक के अधार पर दो महिलाओं को पूछताछ के लिए लिया है। पुलिस दोनों महिलाओं से पूछताछ कर रही है।

## सार-संक्षेप

### पक्का तालाब मोहल्ले में घर के बाहर ई-रिक्शा चोरी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला पक्का तालाब निवासी शेर सिंह ने बताया कि 28 जून को उसका ई-रिक्शा घर के बाहर बग्गर में खड़ा था। वह सुबह उठा तो देखा कि ई-रिक्शा गायब था। उसने तलाश किया और नहीं मिला। सदर बाजार पुलिस ने ई-रिक्शा चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस चोरी गए ई-रिक्शा की तलाश कर रही है।

### ट्राली चोरी, पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रोजा थाना क्षेत्र के गांव कटिया कंबू निवासी कलीम खां ने बताया कि उसका प्लांट जमुका में ईंट भट्ठे के पास है। वह ट्राली रोजाना खड़ी कर देता था। एक माह पूर्व अज्ञात व्यक्ति ट्राली चुराकर ले गया। वह ट्राली की तलाश करता रहा और नहीं मिली। पुलिस ने ट्राली चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### मदारपुर वैवहा गांव में बाइक और मोबाइल चोरी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** बंडा थाना क्षेत्र के गांव मदारपुर वैवहा निवासी आदेश कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 29 जून की शाम को घर के बाहर बाइक खड़ी थी और चारपाई पर मोबाइल पर रखा हुआ था। वह घर से कुछ देर बाद बाहर निकला तो देखा कि बाइक और मोबाइल गायब था। उसने बाइक और मोबाइल को तलाश किया और नहीं मिले। मोबाइल बंद जा रहा है। पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### डडिया बाजार से बाइक चोरी मामले में एफआईआर दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** निगोही थाना क्षेत्र के गांव इटौआ निवासी संतोष कुमार ने बताया कि 22 जून की शाम पांच बजे पत्नी रेखा देवी को लेकर डडिया बाजार में सामान की खरीददारी करने के लिए गया था। उन्होंने अपनी बाइक बाजार में महमदपुर रोड पर खड़ी कर दी थी। उसने अपनी पत्नी को एक स्थान पर बैठा दिया था। वह बाजार में सामान की खरीददारी करने के लिए चला गया। उसकी पत्नी ने दो लोगों को बाइक के साथ छेड़छाड़ करते हुए देखा। उसकी पत्नी चिल्लाती हुई बाइक की तरफ दौड़कर गयी। आरोप है कि दोनों अज्ञात व्यक्ति बाइक चुराकर तिलहर की तरफ ले गए। तिलहर पुलिस ने बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### प्लांट से दो चलित मोटर चोरी, पुलिस कर रही जांच

**निगोही, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के मोहल्ला नई बस्ती निवासी नासिर अली ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका इंटरलॉक सीमेंट टाइल्स बनाने का प्लांट टिकरी में है। रविवार की रात में चोर प्लांट में घुस गए और दो विद्युत चलित मोटर खोलकर ले गए है। चोरी की जानकारी सुबह हुई है। प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि चोरी की तहरीर मिल गयी और जांच की जा रही है।

### किशोरी को किया अगवा, रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चौक कोतवाली के एक मोहल्ले की महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 21 जून की रात 9 :30 बजे 18 वर्षीय पुत्री को मोहल्ले का साहिल अगवा करके ले गया था। मोहल्ले के करन गुप्ता, केशव, अनुराधा, प्रिंस, बाबी को अगवा कराने में सहयोग है। उन्होंने पुलिस चौकी अजीजगंज पर सूचना दी और कोई कार्रवाई नहीं हुई। प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह ने रिपोर्ट दर्ज करके आरोपी की तलाश की जा रही है।

### बाइक न मिलने पर विवाहिता को घर से निकाला

**कलान, अमृत विचार :** नगर पंचायत के सूर्य नगर मोहल्ला निवासी नीतू ने पति व ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और घर से निकालने का आरोप लगाया है। नीतू का कहना है कि 5 लाख रुपये व बाइक की मांग पूरी न होने पर उसे मारपीट कर निकाल दिया गया। उसका 2 वर्षीय बेटा भी है। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# बिजली संकट को लेकर सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, पुवायां

- समाधान नहीं होने पर दी आंदोलन करने की चेतावनी

**अमृत विचार :** किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (भानु गुट) ने मंगलवार को तहसील परिसर पहुंचकर एसडीएम को डीएम को संबोधित छह सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में किसानों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो संगठन जिलेभर में धरना-प्रदर्शन करेगा।

यूनियन के कार्यकर्ताओं ने कहा कि इस समय किसान धान की रोपाई कर रहे है। वहीं गन्ने की फसल के लिए यूरिया, डीएपी, कीटनाशक व पेस्टीसाइड्स की अत्यधिक आवश्यकता है, लेकिन सरकारी बिक्री केंद्रों पर खाद उपलब्ध नहीं है। मजबूरी में किसानों को प्राइवेट दुकानों का रुख करना पड़ रहा है। यहां उन्हें जबरन खाद के साथ अन्य उत्पाद जैसे जिंक खरीदने को मजबूर किया जा रहा है।

इतना ही नहीं, नकली दवाइयों और खाद की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है, लेकिन कृषि विभाग शिकायतों के बाद भी कार्रवाई नहीं कर रहा। ज्ञापन में बिजली की लो-वोल्टेज व जर्जर लाइन की समस्या को भी प्रमुखता से उठाया गया। किसानों ने बताया कि मोटर न चल पाने के कारण धान की रोपाई समय पर नहीं हो पा रही। इसके अलावा उन्होंने बरसात के मौसम में पशुओं को खुरपका-मुंहपका जैसी बीमारियों से बचाने के लिए टीकाकरण अभियान की मांग भी की। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुवायां में डॉक्टरों की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए गए। यूनियन ने आरोप लगाया कि सरकारी डॉक्टर अस्पताल में आने वाले मरीजों को प्राइवेट देखते हैं और उनसे 200 रुपये फीस लेकर पर्चे केवल चुनिंदा प्राइवेट मेडिकल स्टोर्स पर भेजते हैं। इससे गरीब मरीजों को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है। ज्ञापन देने वालों में राशिराम वर्मा, जसपाल, सोनपाल सिंह, कमल रघुवीर सिंह समेत तमाम यूनियन कार्यकर्ता मौजूद रहे। यूनियन ने प्रशासन को चेताया कि यदि जल्द ही ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो वह सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे।

# जमीन पर कब्जा कर गाड़ा तंबू, रिपोर्ट दर्ज

**जलालाबाद, अमृत विचार :** नगरिया बुजुर्ग गांव निवासी विधवा ने बताया कि याकूबपुर गांव निवासी इसरार अली, नावियार, टल्लू सहित अन्य लोगों ने पहले भी जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की थी। इसको लेकर थाना समाधान दिवस में शिकायत की गई थी।

इसके बाद मौके पर तहसीलदार पैगाम हैदर, हल्का लेखपाल रजनीश कुशवाहा और पुलिस बल पहुंचा था। अधिकारियों की मौजूदगी में दोनों पक्षों के बीच समझौता हुआ। बाद में निर्माणाधीन दीवार को गिरा दिया और तंबू गाड़कर जबरन कब्जा करने लगे। विरोध करने पर धमकाया और धमकी दी। पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# दहेज नहीं दिया तो बहू का जबरन करा दिया गर्भपात

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** बंडा थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने बताया कि उसकी शादी एक साल पहले लखीमपुर के जितेंद्र कुमार के साथ हुई थी। उसके माता-पिता ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। दहेज से ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे। कम दहेज को लेकर ससुराल वाले प्रताड़ित किया करते थे। ससुराल वालों ने उससे कहा कि मायके से कार और एक एसी मंगाकर दो। पीड़िता ने ससुराल वालों से कहा कि मायके वाले अब दहेज नहीं दे पाएंगे। आरोप है कि ससुराल वाले अधिक प्रताड़ित करने लगे। पीड़िता ने अपने पिता को सारी बात बताई। उसके पिता ने आकर ससुराल वालों को समझाया और ससुराल वाले नहीं माने। उसके पिता समझाकर चले आए। आरोप है कि 23 जून की रात में ससुराल वालों ने मारा पीटा और सारे पहने जेवर उतरवा लिए। ससुराल वालों ने जान से मारने का प्रयास किया। पीड़िता दो माह की गर्भवती थी। आरोप है कि ससुराल वालों ने उसकी बिना मर्जी के जबरन गर्भपात करा दिया। कुछ दिन के बाद उसे मायके पहुंचा दिया। पुलिस ने पति जितेंद्र समेत पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।


मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ



डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रुहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली



सैयद उम्मे कुलसुम
क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट
मिलने का समय
सोमवार-बुधवार पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक एवं 6 से 8 बजे तक
गुरुवार-शनिवार दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक
• हिस्टीरिया, मिर्गी
• सिर दर्द, माइग्रेन
• डिप्रेशन, घबराहट
• पागलपन
• बेवजह शक, भ्रम चिन्ता करना
• शीघ्र पतन, तनाव न आना
• स्किजोफ्रेनिया, उन्माद, मेनिया
• नशे की आदत
• याददाश्त कम होना, डिमेशिया
• बच्चों में चंचलता
• बिस्तर गीला करना
• नींद न आना, ज्यादा आना
• बार-बार हाथ धोना OCD
दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।



संवेदना क्लिनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400

## मदनपाल तीसरी बार बने नगर महामंत्री

**पुवायां, अमृत विचार :** भाजपा नगर और ग्रामीण कार्यकारिणी विस्तार की घोषणा होने पर नव मनोनीत पदाधिकारियों के मनोनीत किए जाने पर उन्हें को मिष्ठान खिलाकर और माला पहनकर अभिनंदन किया गया।

तीसरी बार भाजपा महामंत्री मनोनीत किए जाने पर सभासद मदनपाल को उनके प्रतिष्ठान पर पहुंचकर कोषाध्यक्ष मनोनीत किए गए। पवन भारद्वाज एडवोकेट और नगर मंत्री रोहित सोनी ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर और माला पहनकर हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर कवि डॉ. प्रदीप वैरागी ने भी सभी नव मनोनीत पदाधिकारियों को मिठाई खिलाकर और माला पहनाकर शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी। शुभकामनाएं देने वालों में नगर उपाध्यक्ष सुरेश वर्मा बटुआ, महामंत्री बिजेंद्र प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

# मनमानी : शहर में ई-रिक्शा चालक नहीं कर रहे रूट का पालन

## रूट का नंबर मिटाया, आए दिन लगने वाले जाम से शहरवासी परेशान, पंजीकृत हैं 16 हजार वाहन, दौड़ रहे इससे अधिक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** शहर में ई-रिक्शा के कारण लग रहे जाम से छुटकारा दिलाने के लिए जिला प्रशासन ने विभिन्न मार्गों पर ई-रिक्शा के रूट निर्धारित किए थे। ई-रिक्शा पर रूट के नंबर डाले थे। कई चालकों ने ई-रिक्शे पर पड़ा रूट का नंबर मिटा दिया। वह मनमानी से शहर में वाहन दौड़ा रहे है जिस कारण जगह-जगह जाम लग जाता है।

आरटीओ कार्यालय में 16 हजार ई-रिक्शों का पंजीकरण है, जबकि जिले में करीब 22 हजार ई-रिक्शा सवारियां ढो रहे है। जिला प्रशासन ने शहर में ई-रिक्शा के लिए रूट निर्धारित किए थे। रूट का नंबर डाला गया था, ताकि लोगों को जाम की समस्या से निजात मिल सके। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस ने ई-रिक्शा के पीछे नंबर डालकर रजिस्ट्रेशन किया था। जिस ई-रिक्शे पर जो नंबर पड़ा है वह उसी रूट पर चलेगा। चालकों को निर्देश दिए गए थे कि जो नंबर पड़ा है उसी रूट पर रिक्शा चलेगा। चालकों ने कुछ दिन तक इस नियम का पालन किया, लेकिन अब चालक नियमों का पालन नहीं कर रहे है। कई चालकों ने रूट के नंबर को मिटा दिया। चालक अपनी मर्जी से रूट पर ई-रिक्शा चला रहे है। चालक सवारियों के चक्कर में बीच सड़क पर ई-रिक्शा खड़ा कर देते है। इतना ही नहीं यदि कोई ई-रिक्शा चालक सवारी से बात कर रहा है तो दूसरा चालक पड़ोस में ई-रिक्शा खड़ा कर देते है। पुलिस चौकी अशफाक नगर चौराहे, टाउनहाल तिराहे दुर्गा होटल के सामने, लाल इमली चौराहे, मालखाना मोड़, कच्चा कटरा मोड़, अंटा चौराहा, सदर बाजार क्षेत्र में बराबर जाम की स्थिति रहती है। कुल मिलाकर ई-चालक रूट का पालन नहीं कर रहे है। वहीं चालक रात के समय ई-रिक्शा की हेड लाइट और लाल रंग की बैक लाइट नहीं जलाते है। साथ ही रिक्शा मोड़ते समय डिपर का प्रयोग नहीं करते है। रात के समय अधिकांश ई-रिक्शा से हादसे होते है। चौराहे पर खड़े सिपाही और ट्रैफिक कर्मचारी भी चालकों से कुछ नहीं कहते है।



माल गोदाम रोड पर खड़े ई रिक्शा। ● अमृत विचार

### पांच माह में 6296 ई-रिक्शा का चालान

ट्रैफिक पुलिस समय-समय पर ई-रिक्शा के खिलाफ अभियान चलाती है। चालक के पास डीएल न होना, एआरटीओ कार्यालय में पंजीकरण न होना और ट्रैफिक नियमों पालन न करने पर चालान और सीज करती है। जनवरी से मई तक ट्रैफिक नियमों का पालन न करने पर 6296 ई-रिक्शा का चालान हुआ और 116 सीज किए गए। सीज किए ई-रिक्शा पुलिस लाइन में खड़े है।

### प्रशासन ने तय किए थे यह रूट

**रूट 1** बरेली मोड़ से राजघाट चौकी होते हुए कनौजिया से हद्दफ चौकी, बड़ी ईदगाह, सुभाषनगर तिराहे, लाल इमली चौराहे होते हुए दुर्गा तिराहा तक।

**रूट 2** रूट-2- बरेली मोड़ से राजघाट चौकी से चारखंभा से केरूगंज, बांस मंडी, पुत्तू लाल चौराहे से रोजा अड्डे तक।

**केस 3** बरेली मोड़ से राजघाट चौकी से चारखंभा होते हुए, तहसील सदर, कच्चा कटरा मोड़, मालखाना तिराहा, अंजान चौकी से होते हुए लाल इमली चौराहे तक।

**रूट 4** बरेली मोड़ से राजघाट चौकी से केरूगंज तिराहा, छाया कुआं, अंटा चौराहा, सदर बाजार से टाउनहाल तिराहा होते हुए मालगोदाम रोड तक।

**रूट 5** हरदोई मोड़ से सरायकाइयां, पक्का पुल से पुत्तूलाल चौराहा से हथौड़ा चौराहा से जीआईसी तिराहे तक।

**रूट 6** सेहरामऊ दक्षिणी की ओर से आने वाले ई-रिक्शा हरदोई बाईपास चौराहे तक।

**रूट 7** कांट की ओर से आने वाले इ-रिक्शा केवल बरेली मोड़ तक।

**रूट 8** पुवायां व निगोही से आने वाले ई-रिक्शा केवल गदियाना चुंगी तक।

### कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ

**जैतीपुर, अमृत विचार :** गांव में भागवत कथा से पूर्व कलश यात्रा निकाली गई। साधु व सुरेंद्र द्वारा आयोजित कथा में आचार्य बलजीत सिंह ने कलश पूजन कर यात्रा का शुभारंभ किया। इस दौरान खासी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ लग गई। यात्रा गौहावर से शुरू होकर जैतीपुर के मंदिरों से होते हुए कथा पंडाल में संपन्न हुई। कथा सात दिन चलेगी, समापन पर भंडारा होगा।

Lifelines MEDICAL OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधाएं
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जाँच की सुविधा उपलब्ध।
IOL Master 700 द्वारा लैंस का नंबर
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जाँच व उपचार
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
8077344353
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ
डा. आरिफ हुसैन अन्सारी
M.B.B.S., M.S.
• Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital Grant Medical College Mumbai





मिलने का समय
(सोमवार से शनिवार)
सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 8 बजे से 9 बजे तक
नाक, कान व गला की एन्डोस्कोपी फ्री
सुविधायें
• नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
• गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
• कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
• थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
• दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी
पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली
(सेटेलाईट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)
सम्पर्क करें
94566 58250, 70785 69786

# रोडवेज डिपो को निगम की पांच नई बसें और मिली

- बसें लेने कानपुर गए चालक लंबे रूट पर होंगी संचालित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** यात्रियों को बेहतर सुविधा देने के लिए परिवहन निगम के स्थानीय डिपो को पांच और नई बसें उलब्ध कराई गई है। चालक इन बसों को लेने के लिए कानपुर गए है। राम मनोहर लोहिया कार्यशाला कानपुर से बसें मिलेगी।

स्थानीय निगम के डिपो में निगम की 121 बसें संचालित ओर 77 अनुवंधित बसें संचालित हो रही है। सबसे अधिक बसें दिल्ली रुट पर चल रही है। रोडवेज बस अड्डे से दिल्ली, पलिया, कानपुर, फर्रुखाबाद, आगरा, अजमेर, लखनऊ, बदायूं, मुरादाबाद, पूरनपुर आदि जिलों के लिए बसें संचालित हो रही है। यात्रियों को बेहतर सुविधा देने के लिए डिपो को पांच नई बसें और मिली है। राम मनोहर लोहिया कार्यशाला कानपुर से बसें उपलब्ध करायी जाएगी। इन बसों को लेने के लिए मंगलवार को चालक कानपुर के लिए गए है। पांचों नई बसें बुधवार या गुरुवार तक डिपो में आ जाएगी। किस रुट पर बसों की आवश्यकता है, उसका सर्वे कर लिया गया है। पांचों नई बसों को लांग रुट पर संचालित होगी। पांच नई बसें और मिल जाने से यात्रियों को यात्रा सुविधाजनक होगी। इधर रोडवेज बस अड्डे को आधुनिक बस अड्डा बनाया जा रहा है। बस अड्डे पर एक बसों के आवागमन के लिए एक बड़ा गेट बनाया गया है और यात्रियों के बैठने के लिए बेंच बढ़ायी जा रही है। इसके अलावा तीन मंजिल बनाया जा रहा है, जो मार्ट खोला जाएगा। रोडवेज प्रशासन यात्रियों को बेहतर सुविधा देने का प्रयास कर रहा है। डिपो प्रभारी सुशील त्रिवेदी ने बताया कि डिपो को पांच नई और बसें मिली है।

# सहारू गांव में बाघ ने पालतू कुत्ते को बनाया निवाला, मिले अवशेष

- गांव सहारू का मामला, वन विभाग की टीम ने की जांच
- टीम ने ट्रेस किए पगचिह्न, ग्रामीणों में बैठी दहशत

**खुटार, अमृत विचार :** सहारू गांव में घर के बाहर बैठे पालतू कुत्ते को बाघ ने हमला कर निवाला बना लिया और 200 मीटर दूर घसीटते हुए ले गया। घर के सदस्यों ने कुत्ते की खोजबीन शुरू की तो कुत्ते के कुछ अवशेष खड़ंजे पर बरामद हुए और शव गायब था। जांच वन विभाग की टीम ने पगमार्क तेदुएं के ट्रेस होने की बात कही, जबकि ग्रामीण बाघ के होने का दावा कर रहे है।

यह घटना सोमवार रात करीब 11:45 बजे की है। खुटार के गांव सहारू में रहने वाले तेज कुमार वर्मा ने अपने घर में देशी कुत्ता पाल रखा था। तेज कुमार वर्मा ने बताया कि सोमवार रात को परिवार के सभी सदस्य भोजन करने के बाद सोने चले गए थे। उनके भाई वीरेंद्र वर्मा, रूपेंद्र वर्मा घर के बाहर सो रहे थे और कुत्ता वहीं पर बैठा था, जबकि वीरेंद्र वर्मा का पोता लकी उर्फ उत्कर्ष घर में पढ़ाई कर रहा था। रात तकरीबन 11:45 बजे खेत की ओर से बाघ आया और कुत्ते पर हमला कर दिया। दोनों में टकराव होने पर पोते लकी को आवाज सुनाई दी तो घर के बाहर दौड़ कर पहुंच गया। जहां बाघ उनके पालतू कुत्ते को गांव के पूर्व दिशा में खेत की तरफ लेकर चला गया। बाद में लकी ने सभी घर के सदस्यों को जगाया और कुत्ते की तलाश शुरू की। लेकिन बाघ के हमले के चलते कोई डर के कारण खेतों में ढूढ़ने नहीं जा सके। मंगलवार सुबह तेज कुमार वर्मा अपने परिवार और गांव के लोगों के साथ समूह बनाकर कुत्ते की तलाश की। जहां पूर्व प्रधान सतेंद्र कुमार के बाग के पास खड़ंजे पर कुत्ते के कुछ अवशेष मिले। सूचना मिलते ही वन विभाग टीम में वन दरोगा राघव मिश्रा अन्य वनकर्मियों के साथ मौके पर पहुंच कर जांच की। जांच में तेदुएं होने की पुष्टि हुई है। ऐसा दावा किया जा रहा है। लोगों ने बताया कि सोमवार रात को बाघ आबादी के बीच आ गया और कुत्ते को उठा ले गया। इससे गांव में दहशत फैली हुई है।



ग्रामीणों से जानकारी करते वन विभाग के कर्मचारी। ● अमृत विचार

## भैंसी नदी विवाद में समझौता, शुरू कराई खोदाई

**पुवायां, अमृत विचार :** गांव करनापुर पैंतापुर में भैंसी नदी को दिए जाने वाले रास्ते पर दो किसानों की भूमिधरी जमीन थी। इस पर फसल खड़ी थी, जबकि नदी का मुख्य रास्ता पुल से कुछ अलग जा रहा था। यहां से नदी को पुल तक ले जाने की कुछ समस्याएं आ रही थी।

मंगलवार को एसडीएम चित्रा निर्वाल के निर्देशन में नायब तहसीलदार पंकज कुमार ने अधिकारियों व किसानों से वार्ता कर दोनों किसानों का समझौता करवा दिया और उन्हें अलग हटकर भूमि उपलब्ध करवाने का आश्वासन देकर समझौता करवाया गया। जिसके बाद खुदाई कार्य आरंभ हो सका। खुदाई पूरी होते होते इस माह के प्रथम सप्ताह से ही नदी की साइड पटरी पर वृक्षारोपण करवाया जाएगा।

# पत्नी की मौत के 24 दिन बाद भी दर्ज नहीं हुई रिपोर्ट

- सीओ से शिकायत कर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग

**पुवाया, अमृत विचार :** क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने क्षेत्राधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर झोलाछाप पर आरोप लगाए। बताया कि झोलाछाप के शारीरिक शोषण से तंग आकर पत्नी के आत्महत्या कर ली। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है।

क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने सीओ को शिकायत कर बताया है कि वह थाना बंडा के एक राइस मिल में काम करता है। गांव का ही एक झोलाछाप उसके घर दवाई देने जाता था और दवाई के साथ उसमें नशीली गोलियां मिलाकर उसकी पत्नी के साथ शारीरिक संबंध बनाता था। कई बार उसकी पत्नी ने मना किया तो उसने जान से मारने की धमकी दी और वह लगातार उसका शारीरिक शोषण करता रहा। इसकी रिकॉर्डिंग उसके फोन में थी, लेकिन उसने और उसके उसके भांजे ने पत्नी को डरा धमका कर रिकॉर्डिंग व्हाट्सएप से डिलीट कर दी। जब मृतका का पति घर आया तब उसकी पत्नी ने घटना की जानकारी दी तो उसने अगले दिन कोतवाली में शिकायत करने की बात कही, लेकिन राइस मिल में अचानक काम आ जाने से वह वहां चला गया। 8 जून की रात झोलाछाप और उसके अन्य सहयोगियों से तंग आकर उसकी पत्नी ने आत्महत्या कर ली। इसकी सूचना उसके बच्चों ने दी पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। लेकिन अभी तक पुलिस न तो जांच करने पहुंची और न ही उसकी रिपोर्ट दर्ज की, जबकि घटना के 24 दिन व्यतीत होने के बाद भी पीड़ित कोतवाली से लगाकर अन्य अधिकारियों के चक्कर काट रहा है। लेकिन पुलिस उसकी सुन नहीं रही है मंगलवार को उसने क्षेत्राधिकारी को पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

# पंखा गिरा, करंट से युवक की मौत

**खुटार, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव हरिहरपुर में घर में चल रहे फर्राटा पंखा से चिपक कर एक युवक की मौत हो गई।

थाना क्षेत्र के गांव हरिहरपुर में रहने वाले नीरज मिश्रा (33) के पिता सत्यप्रकाश मिश्रा की दो माह पहले 18 अप्रैल को हार्ट अटैक पडने से मौत हो गई थी। मंगलवार को सुबह 11 के करीब उनका इकलौता बेटा नीरज मिश्रा स्नान करने के बाद खाना खाने के लिए जा रहा था। खाना खाने के दौरान उसने घर में रखा फर्राटा पंखा लगाया और उसके सामने बैठ गया। तभी फर्राटा पंखा अचानक किसी तरह उसके ऊपर गिर गया और पंखे में आ रहा करंट नीरज को लग गया। जिससे नीरज पंख से चिपककर मौके पर ही गिर गए। घर पर मौजूद नीरज की मां सुधा देवी और पत्नी रागिनी ने जब तक पंखे का प्लग निकाला करंट लगने से गंभीर रूप से झुलस चुके नीरज को उठाकर खुटार चिकित्सक के पास लाने की तैयारी की। तब तक नीरज की मौत हो चुकी थी। घटना के बाद परिवार के लोगों ने नीरज के शव को रेत में दबा दिया। लेकिन इसके बाद भी कोई फायदा नहीं हुआ। नीरज की मौत की खबर से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। नीरज तीन बहनों में निशा, ममता और संगीता में तीसरे नंबर के थे। दो बहन निशा, ममता और नीरज की शादी हो चुकी है। नीरज के कोई संतान नहीं है। जबकि सबसे छोटी बहन संगीता अविवाहित है। इकलौते बेटे नीरज की मौत से परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। उधर पत्नी रागिनी देवी, मां सुधा देवी बहन संगीता रो-रोकर बदहवास हो गई। पत्नी, मां चिल्ला चिल्ला कर कह रही थी कि अब वह लोग किसके सहारे जिएंगे और बुढ़ापे में उनका कौन सहारा बनेगा।



नीरज मिश्रा।



रोते बिलखते मृतक के परिजन।

## सार-संक्षेप

### बरसात में बीमारियों से बचाने को एडीएम ने दिए निर्देश



**तिलहर, अमृत विचार :** बरसात के मौसम में पशुओं को बीमारियों से बचाने के उद्देश्य से मंगलवार को अपर जिलाधिकारी (एडीएम) रजनीश मिश्रा ने धन्यौरा स्थित गौशाला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ-सफाई की व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। एडीएम ने कहा कि बरसात में नमी व गंदगी के कारण पशुओं में रोग फैलने की संभावना अधिक रहती है। ऐसे में गौशाला परिसर में विशेष साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बीमार पशुओं के लिए नियमित चिकित्सकीय जांच और इलाज की भी सख्त हिदायत दी। निरीक्षण के दौरान गोशाला में मौजूद 620 गोवंशीय पशुओं के लिए चारे व स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था को देखा और व्यवस्थाओं में सुधार के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने गौशाला प्रबंधन से कहा कि पशुओं की देखभाल में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### वन विभाग वृक्षारोपण के लिए प्लानिंग करें तैयार: डीएम

**शाहजहांपुर अमृत विचार :** डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में भैंसी नदी के दोनों तरफ तटों पर वृक्षारोपण एवं आसपास के तालाबों के खुदाई के संबंध में बैठक कैंप कार्यालय पर की गई। भैंसी नदी किनारे दोनों ओर वृक्षारोपण करने के जिम्मेदारी डीएम ने डीएफओ को दी है। सुरक्षा व्यवस्था को तारबाड़ आदि व्यवस्था कराने के लिए डीसी मनरेगा को निर्देशित किया है। उन्होंने वन विभाग को निर्देश दिए कि वृक्षारोपण के लिए प्लानिंग तैयार कर लें। वृक्षारोपण में हरिशंकरी, फूल, फलदार आज प्रकार के पेड़ लगाए जाए। भैंसी नदी आसपास के जल संचय के लिए तालाबों की खुदाई पर चर्चा करते हुए खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि 10 जुलाई तक तालाब खुदाई का कार्य पूर्ण कर लिया जाए। भैंसी नदी पर कुछ स्थानों पर पिकनिक स्पॉट भी बनाया जाए। सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे।

### डॉक्टर्स डे पर चिकित्सक हुए सम्मानित

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** डॉक्टर्स डे के अवसर पर रेडक्रॉस सोसाइटी नेअजीजगंज स्थित सत्यानंद अस्पताल के चिकित्सक डॉ. एसपी मिश्रा, डॉ. सौरभ मिश्रा, डॉ. गौरव मिश्रा को सम्मानित किया। रेड क्रॉस ने मास्क वितरित किया। सचिव डॉ. विजय जौहरी ने बताया कि कोविड19 वैश्विक महामारी के कठिन समय में सत्यानंद अस्पताल के चिकित्सकों एवं स्टाफ ने पूरी निष्ठा और लगन के साथ मरीजों की सेवा की। सोसाइटी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दुनिया का पहला स्वैच्छिक मानवीय संगठन है। डॉ. उस्मान, डॉ. अंकित गुप्ता, डॉ. विनोद मिश्रा, पवन सक्सैना, अग्रज जौहरी, अवनीश सक्सैना, पतिराम दीक्षित, अनुज जौहरी, नवजोत, पतिराम दीक्षित, अनुज त्रिवेदी आदि मौजूद रहे।

### मकान से नगदी समेत हजारों के जेवर चोरी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** शहर में चोरी की घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। गदियाना में चोर एक मकान में घुस गए और नगदी समेत हजारों रुपये का जेवर चुराकर ले गए। सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला गदियाना निवासी खुशीराम सब्जी बेचने का काम करता है। वह अपने मकान में ताला बंद करके परिवार के साथ जमुका गांव गए थे। रविवार की रात में चोर उसके मकान में घुस गए और एक कमरे का ताला तोड़ दिया। चोरों ने बक्से का ताला तोड़ दिया और 70 हजार रुपये, सोने के कुंडल, अंगुठी, मांग टीका और पायल चुराकर ले गए। उन्होंने थाना पर चोरी की तहरीर दी है। पुलिस जांच कर रही है।

## शहर में आज

- कलेक्ट्रेट में डीएम की समीक्षा बैठक, विभिन्न योजनाओं की 11 मीटिंग के दौरान डीएम करेंगे समीक्षा
- आंगनबाड़ी वर्कर्स द्वारा मालवीय आवास गृह पर सुबह दस बजे धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

## एक नजर

### भुंडी राजकीय स्कूल के प्रिंसिपल को मिला अतिरिक्त चार्ज

**उसहैत, अमृत विचार :** कटरा रोड पर उसहैत में राजकीय हाईस्कूल बनकर तैयार हो गया है। डीआईओएस, जेई सहित अन्य अधिकारी राजकीय हाई स्कूल की बिल्डिंग का निरीक्षण कर चुके हैं। निरीक्षण में सिर्फ फर्नीचर छोड़ बिजली फिटिंग पथ प्रकाश डेंटिंग, पेंटिंग, पेयजल, व्यवस्था सहित सब कुछ ठीक मिला। राजकीय हाई स्कूल पर तैनात प्रिंसिपल डॉ .अख्तर रजा के अच्छे कार्यों को देखते हुए राजकीय हाई स्कूल उसहैत का अतिरिक्त चार्ज भी उन्हें दिया गया है। प्रिंसिपल अख्तर राजा ने बताया राजकीय हाई स्कूल निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है। उसहैत में बुधवार को डीआईओएस के नेतृत्व में एक बैठक आयोजित की जाएगी जिसमें जिले के सभी प्रिंसिपल उपस्थित रहेंगे।

### कारीगर, शिल्पकार प्रदर्शनी को 15 तक होंगे आवेदन

**बदायूं, अमृत विचार :** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी प्रणव कुमार पाठक ने बताया है कि अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा 25 अगस्त से 4 सितंबर तक कोच्चि( केरल) में 5वें लोक संवर्धन पर्व का आयोजन किया जायेग। जिसमें आयोजित होने वाली प्रदर्शनी में सम्पूर्ण भारत से कारीगरों अथवा शिल्पकारों और पाक कला का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके लिए आवेदन मांगे गए हैं। आवेदन 15 जुलाई तक होंगे।

### पुलिस ने पांच वारंटियों को दबोचा, भेजा जेल

**बिल्सी, अमृत विचार :** एसएसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को क्षेत्र के अलग-अलग गांवों से पांच वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने बताया कि अभियुक्त मुनासिब निवासी ग्राम रायपुर बुजुर्ग को धारा 60, धीरेन्द्र कुमार निवासी ग्राम रुदैना धारा एमवी एक्ट, राजेश, विजय निवासीगण ग्राम सतेती पट्टी इच्छा धारा 323/324 एवं शान मोहम्मद निवासी ग्राम अम्बियापुर धारा एमवी एक्ट में वारंट जारी होने के बाद गिरफ्तार किया गया। बाद में कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### भोले के प्रिय मास सावन की 11 जुलाई से होगी शुरुआत, विशेष पूजा-अर्चना की तैयारी जोरों पर

# श्रावण में गूंजेगा हर हर महादेव, शिवालयों में शुरू हुई भक्ति की तैयारी

- जनपद भर में शिव भक्ति जोरों पर चल रही तैयारी, शिवालयों में चल रही साफ सफाई
- इस बार चार सोमवार का बन रहा संयोग, श्रद्धालुओं में रहेगा विशेष उत्साह

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** श्रावण मास का पावन पर्व 11 जुलाई से शुरू हो रहा है और पहला सोमवार 14 जुलाई को पड़ेगा। पूरे जनपद में शिव भक्तों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। शिवालयों की सफाई, सजावट और विशेष पूजा-अर्चना की तैयारियां जोरों पर हैं। इस बार श्रावण में चार सोमवारों का संयोग बन रहा है, जिससे श्रद्धालुओं में और भी अधिक उत्साह है।

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रशासन द्वारा कांवड़ यात्रा और गंगा घाटों की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। कछला गंगा घाट पर राजस्थान, मध्य प्रदेश सहित अन्य जनपदों से आने वाले भक्तों के लिए बैरिकेडिंग, सफाई और सुरक्षा के निर्देश जारी किए गए हैं।

श्रावण मास में गंगा घाट से लेकर शिवालय भक्तों से भरे रहते हैं। आस्था का सैलाब उमड़ा रहता है। श्रद्धालु कछला गंगा घाट से कावड़ भर शिवालयों में पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं। श्रावण मास के दौरान शिवालयों में आने वाली भक्तों की भीड़ को लेकर अभी से तैयारी आरंभ कर दी गई है।

**शिवालयों में दिखेगी आस्था की छटा:** शहर के गौरी शंकर मंदिर, बिरुआ बाड़ी मंदिर सहित देहात के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने की संभावना है। भजन-कीर्तन, शोभायात्रा और भंडारे की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं।

### चार पावन सोमवारों का विशेष संयोग

| | |
|---|---|
| पहला सोमवार | 14 जुलाई |
| दूसरा सोमवार | 21 जुलाई |
| तीसरा सोमवार | 28 जुलाई |
| चौथा सोमवार | 4 अगस्त |

### ज्योतिषीय महत्व

पंडित पवन कुमार मिश्रा के अनुसार, सावन के पहले दिन शिव वास योग बन रहा है, जिसे अत्यंत शुभ माना जाता है। इस योग में जलाभिषेक करने से सुख, समृद्धि और मनोकामनाओं की पूर्ति होती है। इस वर्ष श्रावण मास का समापन 9 अगस्त को रक्षाबंधन और पूर्णिमा के साथ होगा।

### रुद्राभिषेक से दूर होते हैं ग्रह दोष

श्रावण सोमवार, शिवरात्रि व प्रदोष व्रत को रुद्राभिषेक का विशेष महत्व है। इससे ग्रह दोष, आर्थिक संकट, मानसिक तनाव और शत्रु बाधाएं दूर होती हैं।



अलापुर रोड स्थित गौरी शंकर मंदिर। ● अमृत विचार

## उसावां पुलिस ने बरामद किए गुम हुए मोबाइल फोन

**बदायूं, अमृत विचार:** थाना उसावां पुलिस ने विभिन्न लोगों के गुम हुए चार एंड्रॉयड मोबाइल बरामद करके उनके स्वामियों को सौंपा है। खोए हुए मोबाइल पाकर लोगों के चेहरे पर मुस्कान देखते ही बन रही थी।

पुलिस द्वारा बरामद किए 4 एंड्रॉयड मोबाइल फोन जिसकी कीमत करीब 80 हजार बताई जा रही है। को उनके स्वामियों वितरित किए। पुलिस ने गुम हुए मोबाइल फोनों की बरामदगी के लिए तकनीकी संसाधनों का उपयोग किया। टीम ने कड़ी मेहनत कर मोबाइल फोनों का पता लगाया और उन्हें बरामद किया और उनके स्वामियों को सौंप दिया गया है।

# गर्मियों की छुट्टियों के बाद फिर गुलजार हुए स्कूल

### फूल-मालाओं और तिलक लगाकर शिक्षिकाओं ने किया बच्चों का स्वागत, स्कूल चलो अभियान की भी शुरुआत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** करीब 42 दिन की गर्मियों की छुट्टियों के बाद मंगलवार को परिषदीय समेत सभी बोर्ड के स्कूल खुल गए। बच्चों के लौटने से स्कूलों में फिर रौनक लौट आई। परिषदीय स्कूलों में बच्चों का पारंपरिक तरीके से रोली-तिलक लगाकर और फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। कहीं हलवा-पूरी भी खिलाई गई। कांवेट स्कूलों में छोटे बच्चों में अपने दोस्तों से मिलने और स्कूल के माहौल को फिर से जीने को लेकर खासा उत्साह दिखा। कई स्थानों पर बच्चे सुबह से ही बैग लिए स्कूल बसों का इंतजार करते दिखाई दिए, तो कई पैदल स्कूल पहुंचते नजर आए। छुट्टियों के बाद पहले दिन उपस्थिति कुछ कम रही, लेकिन शिक्षकों का मानना है कि अगले एक-दो दिन में उपस्थिति सामान्य हो जाएगी। दोपहर में स्कूल की छुट्टी के समय स्कूलों के बाहर अभिभावकों की भीड़ देखने को मिली।

शिक्षा विभाग ने स्कूलों का समय सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक तय किया है। मई में तेज गर्मी के कारण स्कूलों का समय सुबह सात से दोपहर 12 बजे तक कर दिया गया था, जिसे अब इसे सुबह आठ से दोपहर दो बजे तक कर दिया गया है।

कई स्थानों पर स्कूल जाने की उत्सुकता में सुबह विद्यार्थियों को बैग हाथ में पकड़े स्कूल बसों का इंतजार करते दिखाई दिए। गर्मी की छुट्टियों में मौज मस्ती व होमवर्क करने के बाद स्कूलों में जाने के लिए छात्र, छात्राओं के चेहरे पर अलग चमक देखने को मिली। सरकारी स्कूलों में भी जाने के लिए बच्चों को पैदल जाते हुए देखा गया। करीब एक माह बाद स्कूलों में घंटी बजने की आवाज सुनाई दी। पहले दिन स्कूलों में बच्चों की कम रही। दोपहर स्कूल की छुट्टी होने के बाद स्कूलों के बाहर बच्चों को लेने के लिए अभिभावकों की भीड़ भी देखने को मिली।



संविलियन स्कूल सिरसौली में बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत करते शिक्षक।

- स्कूलों में बच्चों के आने से लौटी रौनक, रोली तिलक लगाकर हुआ स्वागत
- पहले दिन बच्चों की संख्या रही कम, खिलाई गई खीर पूड़ी

“मंगलवार से बच्चों का स्कूल में आगमन हो गया है। स्कूल तो पहले ही खुल गए थे, लेकिन बच्चे नहीं आ रहे थे। पहले दिन उपस्थिति थोड़ी कम रही। अब शासन के तय शेड्यूल के अनुसार नियमित शिक्षण कार्य कराया जाएगा।”
— वीरेंद्र कुमार सिंह, बीएसए

### पहले खुले थे स्कूल बच्चे नहीं आ रहे थे

परिषदीय विद्यालय 16 जून को ही खोल दिए गए थे, लेकिन भीषण गर्मी के चलते बच्चों की छुट्टियां 30 जून तक बढ़ा दी गई थीं। इस दौरान केवल शिक्षक विद्यालय आते रहे और साफ-सफाई, मिड-डे मील सहित अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। मंगलवार से बच्चों की वापसी के साथ स्कूलों में रौनक लौट आई।

### स्कूल चलो अभियान की शुरुआत

स्कूल खुलते ही स्कूल चलो अभियान की शुरुआत भी कर दी गई है। शिक्षकों व बच्चों ने गांवों में रैली निकालकर अभिभावकों को बच्चों को स्कूल भेजने के लिए जागरूक किया। शिक्षा के महत्व को लेकर नारे लगाए गए।

### टीका लगा कर पहले दिन बच्चों का किया स्वागत

**दातागंज, अमृत विचार :** ग्रीष्मावकाश के बाद मंगलवार को पहले दिन स्कूल खुले, संविलियन कम्पोजिट विद्यालय पलिया लटू में उपस्थित बच्चों का माला पहनाकर ,टीका लगाकर स्वागत किया गया। वहीं स्कूल गेट पर बच्चों पर स्टाफ ने पुष्प वर्षा की। विद्यालय को साफ स्वच्छ बनाकर गुब्बारे लगाकर सजाया गया। इस विद्यालय में दो सौ बच्चे पंजीकृत है। पहले दिन सौ बच्चे उपस्थिति रहे । स्कूल चलो अभियान के तहत गांव में रैली निकाल कर ग्राम वासियों एवं अन्य बच्चों को नियमित विद्यालय आने को प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ फरहत हुसैन, प्रदीप कुमार, पुनीत आहूजा, अभिषेक कुमार, ज्ञानेश दीक्षित, प्रीति सिंह उपस्थित रहे।



विद्यालय में बच्चों को टीका लगाकर स्वागत करती शिक्षिका।

### छुट्टियों के बाद स्कूलों में लौटी रौनक

**उघैती, अमृत विचार :** 40 दिन की छुट्टी के बाद मंगलवार को स्कूल खुल गए। स्कूल खुलने पर बच्चे खुशी से स्कूल जाते हुए दिखाई दिए। छोटे बच्चों को अभिभावक स्कूल तक छोड़कर आए। शासन की ओर से गर्मी की छुट्टियों को 30 जून तक बढ़ाया गया था। मंगलवार की सुबह स्कूलों में बच्चों को बुलाने के लिए घंटी गूंज उठी। बच्चे भी घरों से स्कूल के लिए निकल पड़े। बच्चों के अभिभावक अपने बच्चों को लेकर स्कूल पहुंचे, सुबह स्कूल जाते हुए किसी के चेहरे पर मुस्कान दिख रही थी तो कोई मायूस दिख रहा था। लेकिन स्कूल जाने का पहला दिन अभिभावकों के लिए चुनौतीपूर्ण दिखा। स्कूल खुलने के पहले ही बच्चे बारिश के माहौल के बीच घरों से निकले।



उत्साह से स्कूल जाते बच्चे।

## जमीनी विवाद में चले लाठी-डंडे, 18 घायल

- बिल्सी के गांव नरैनी और बघौल में हुआ था विवाद

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव नरैनी में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। जिसमें करीब एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। घटना की दोनों पक्षों ने पुलिस से शिकायत की है। जिसके बाद पुलिस ने सभी घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए सीएचसी भेजा है।

उघैती थाना क्षेत्र के गांव राज बरौलिया निवासी बदन सिंह ने पुलिस को बताया कि वह अपने परिवार के साथ क्षेत्र के गांव नरैनी स्थित अपने खेत पर मेढ़ डाल रहे थे, तभी गांव के कुछ लोगों ने इसको लेकर विवाद करना शुरु कर दिया। जिसके बाद दोनों ओर से लाठी डंडों चलने लगे। जिसमें बदन सिंह की ओर से अजय, लोकेश, लक्ष्मण, कृष्णा देवी, विमला देवी, ममता, मोहर सिंह, रुम सिंह घायल हो गए। जबकि दूसरे पक्ष की ओर से बनवारी, देव कुमार, रामवती, कृष्णावती, पूरन सिंह घायल हुए हैं। कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने बताया दो पक्षों में मारपीट हुई। मारपीट में घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए सीएचसी भेजा है ।

पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। दूसरी घटना सिरासौल रोड पर स्थित क्षेत्र के गांव बघौल में घटी। यहां भी जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। बघौल निवासी महेंद्र सिंह ने बताया उनकी जमीन का मामला न्यायालय में विचाराधीन है, इसके बावजूद गांव के ही लोग वहां पर अस्थाई तौर पर कब्जा करने के लिए पहुंच गए। उन्होंने उक्त मामले का विरोध किया, तभी दोनों पक्षों में लाठी डंडे चलने लगे। जिसमें एक पक्ष के महेंद्र, वीरपाल, मोरश्री, विष्णु घायल और दूसरे पक्ष के श्रीपाल व एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने सभी घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए बिल्सी सीएचसी भेजा है।

### ईको गाड़ी की टक्कर में बाइक सवार की मौत

**उघैती, अमृत विचार :** तेज रफ्तार गाड़ी ने बाइक सवार में टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम को भेजा है। इस्लामनगर क्षेत्र के गांव पिवारी निवासी जितेंद्र( 32 ) पुत्र रामवीर बिसौली से लौट रहे थे। उघैती थाना क्षेत्र करनपुर के नजदीक तेज रफ्तार ईको कार सवार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार की मौत हो गई। हादसा होते ही चालक गाड़ी छोड़कर भाग खड़ा हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा है। वहीं ईको गाड़ी को कब्जे में लिया है।

# रैली के साथ विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान शुरू

- सीएमओ कार्यालय से निकाली गई जागरूकता रैली
- सदर विधायक ने रैली को दिखाई हरी झंडी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य लोगों को संचारी रोगों के बारे में जागरूक करना और उन्हें रोकने के उपायों के बारे में जानकारी देना था। रैली को सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामेश्वर मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला मलेरिया अधिकारी डा. योगेश सारस्वत ने कहा कि जागरूकता अभियान पूरे जिले में चलाया जाएगा। विशेष रूप से स्कूली बच्चों के माध्यम से जागरूकता रैली निकाली जाएगी। ग्रामीणों को साफ सफाई के बारे में बताया जाएगा।





रैली को झंडी दिखाते सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता व सीएमओ डा. रामेश्वर मिश्रा।

### अभियान के मुख्य बिंदु

- संचारी रोग नियंत्रण अभियान : 1 जुलाई से 31 जुलाई तक चलेगा, जिसमें साफ-सफाई और स्वास्थ्य सेवाओं पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।
- दस्तक अभियान : 11 जुलाई से शुरू होगा, जिसमें आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी देंगे और बीमार लोगों को चिन्हित करेंगे।
- जागरूकता रैली : स्कूली बच्चों और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया, जिसमें साफ-सफाई और संचारी रोगों से बचाव के तरीकों के बारे में जानकारी दी गई।
- स्वास्थ्य सेवाएं : घरों में बीमार लोगों को चिन्हित करने और उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।
- ग्राम प्रधानों की भूमिका : गांवों में साफ-सफाई के निर्देश दिए गए हैं और ग्राम प्रधानों को सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि उनके क्षेत्र में साफ-सफाई बनी रहे

## पवन कुमार गोयल ने संभाला मुख्य अभियंता का पदभार

**बदायूं, अमृत विचार :** जिला पंचायत कार्यालय में मंगलवार को शासनादेश के तहत पवन कुमार गोयल को जिला पंचायत अध्यक्ष और जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी ने मुख्य अभियंता के पद का कार्यभार ग्रहण करा दिया। अब जिला पंचायत में पवन कुमार गोयल मुख्य अभियंता होंगे।

बीस दिन से मुख्य अभियंता की कुर्सी खाली थी। 14 जून को शासन द्वारा पवन कुमार गोयल को बदायूं की जिला पंचायत का मुख्य अभियंता बनाया गया था।

रूहेलखण्ड कमिश्नरी का प्रथम विधि विद्यालय
SHRIJI INSTITUTE OF LEGAL Vocational Education & Research
Estd. 2003
(SILVER LAW COLLEGE)
(Approved by BCI & Affiliated to MJPRU)
ADMISSION OPEN 2025-26
DIRECT ADMISSION
LL. B. 3 Yrs. Course After Graduation
B.A. LL.B. 5 Yrs. Course After 12th
College Code : 119
General 45%, OBC 42%, SC/ST 40%
(in Intermediate & Graduation)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :
9837485855, 9411472001
7983811321, 7906220708, 9068232656
Email.: ravibhatnagar.slcbly@gmail.com
Add : Vill. Barkhapur, PO. Mudia Ahamad Nagar,12th Km. Pilibhit Road, Bareilly

**सावन** मीट की दुकानें बंद रहेंगी, ड्रोन से होगी निगरानी, सुरक्षा सेवाओं के पुख्ता इंतज़ाम

# कांवड़ यात्रा को प्लास्टिक मुक्त और सुरक्षित बनाएं

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** 11 जुलाई से शुरू होने वाली कांवड़ यात्रा को लेकर जिलाधिकारी अवनीश राय ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर व्यापक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने यात्रा को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त और दुर्घटना रहित बनाने पर ज़ोर देते हुए कहा कि श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो। उन्होंने संबंधित एसडीएम और सीओ को कांवड़ मार्ग का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

डीएम ने यात्रा के दौरान मांस की दुकानें बंद रखने, डीजे की ऊंचाई और गानों की सामग्री की जांच, ढीले विद्युत तारों की मरम्मत और शिविरों की पूर्व अनुमति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। 6 जोन, 16 सेक्टर और 14 स्टैटिक प्वाइंट बनाए गए हैं। ड्रोन से निगरानी की भी व्यवस्था की जाएगी।

कछला घाट पर एक वॉच टावर और नगर पालिका परिषद क्षेत्र में छह वॉच टावर लगाए जाएंगे। साथ ही पार्किंग स्थलों पर स्पष्ट संकेतक लगाए जाएंगे ताकि सड़क पर वाहन खड़े न हों।



कांवड़ यात्रा को लेकर बैठक करते डीएम अवनीश राय। ● अमृत विचार

### सभी विभागों में समन्वय जरूरी : एडीएम प्रशासन

अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार ने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने को कहा, जिससे यात्रा सफलतापूर्वक संपन्न कराई जा सके।

### अफसरों को यह हैं निर्देश

**बिजली विभाग :** कांवड़ मार्ग पर पोलों पर इंसुलेटेड प्लास्टिक लगाएं, ट्रांसफार्मर की बैरिकेडिंग कराएं।

**स्वास्थ्य विभाग :** डॉक्टर, स्टाफ, एंबुलेंस, एंटी वेनम और एंटी रैबीज इंजेक्शन की व्यवस्था करें।

**खाद्य सुरक्षा विभाग :** होटल, ढाबों और शिविरों में परोसे जा रहे खाद्य पदार्थों की नियमित जांच की जाए।

**नगर निकाय व पंचायत विभाग :** नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

**सफाई व सुरक्षा :** झाड़ियों की कटाई, मोबाइल टॉयलेट, महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम, फायर टेंडर, गोताखोर, नाव, कंट्रोल रूम और रोड डायवर्जन की समुचित व्यवस्था हो।

## शिक्षिका ने पति पर लगाया धर्म परिवर्तन कराने का आरोप

- महिला पुलिस में दर्ज की शिकायत, पुलिस ने शुरू की जांच

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** महिला टीचर ने पति सहित एक पीरजादे पर धर्म परिवर्तन कराने का आरोप लगाते हुए पुलिस ने शिकायत दर्ज कराई है। इधर महिला द्वारा लगाए गए आरोप उसके पति ने निराधार बताए हैं। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर

महिला शिक्षिका का कहना है कि उसकी ससुराल में मुस्लिम लोगों का आना जाना है। उसके पति और अन्य ससुरालीजन छोटे सरकार की दरगाह पर बैठने वाले पीर के संपर्क में रहते हैं। आरोप है कि पीरजादा और उसके ससुरालीजन उस पर मुस्लिम धर्म अपनाने का दबाव बना रहे हैं। पीरजादा कहता है कि या तो धर्म परिवर्तन करो अन्यथा अंजाम बहुत बुरा होगा। पुलिस में शिकायत करने वाली महिला शिक्षक की पोस्टिंग शाहजहांपुर जिले में है और वो बीएसए ऑफिस में संबंद्ध है। इधर, महिला टीचर के पति का कहना है कि पत्नी ने जनवरी 2024 में दहेज, घरेलू हिंसा का मुकदमा लिखाया है।

“पति-पत्नी का विवाद है। यह विवाद कई साल से चल रहा है। महिला ने पति के खिलाफ तहरीर दी है। पति ने भी तलाक की अर्जी कोर्ट में लगाई है। पीरजादे पर भी आरोप है। मामले की जांच चल रही है। जांच के बाद कार्रवाई होगी।
-रजनीश उपाध्याय, सीओ सिटी

JYOTI COLLEGE of Management Science & Technology
Estd. 2000
NAAC B+ Accredited College
B.Sc. Nursing
M.Sc. Nursing
P.B.B.Sc. Nursing
College Code: 2430244
M.Ed.
B.Ed
G.N.M.
A.N.M.
D.P.T.
D.R. Optometry
D.M.L.T.
D.Pharma
Campus: Mudia Ahmad Nagar, Near Airport Gate, Pilibhit Road, Bareilly
Email: contact@jyoticollege.com | Web: www.jyoticollege.com
Ph.: 9219459111, 6395711513, 9837028420

सोलर फर्टिलिटी क्लिनिक

30 वर्ष कार्यकाल 9000 से अधिक सफलता

महिला या पुरुष दोनों में संतानहीनता या सेक्स दुर्बलता की जांच व इलाज के लिए मिलें।


चिकित्सक



डॉ. वंदना संजीव
(MBBS, MD, MIAP)
Female Fertility and IUI Consultant

महिलाओं में हार्मोन्स विकार, अनियमित माहवारी, PCOS मोटापा, इन्फेक्शन बार बार होने वाले गर्भपात बंद नलियों या अंडों के न बनने जैसे संतानहीनता के समस्त कारणों की जांच व इलाज

जरूरी मामलों में दर्द रहित कृत्रिम गर्भाधान (IUI)



डॉ. संजीव कुमार
(MBBS, MD, MIAP)
Male Fertility and Sperm Biotech Specialist & Male/Female Sex Specialist

पुरुषों में शुक्राणु संबंधी सभी कमियों, निल शुक्राणु आदि की जांच व इलाज।

पुरुषों महिलाओं में सेक्स समस्याओं की वैज्ञानिक जांच व इलाज

निल शुक्राणु वाले लाइलाज मामलों में गर्भधारण हेतु शुक्राणु बैंक व कृतिम गर्भाधान की सुविधा

सम्पर्क
प्रातः 11 से 2 बजे
सायं 6 से 7 बजे
रविवार बन्द

सोलर फर्टिलिटी एवं सेक्स क्लीनिक
साकेत कॉलोनी, 148-सिविल लाइन्स, समीप एक्सिस बैंक व चौकी चौराहा, बरेली
मो. 9927788842
0581-2510177


# बारिश के पानी से दागी होने लगीं सब्जियां, मंडी में आवक हुई कम

## खेतों में भरा पानी तो कम आ रही सब्जियां, महंगी होने से खरीदारी करना होगा मुश्किल



ककराला रोड स्थित मंडी में बिकती सब्जियां। ● अमृत विचार

- बारिश के पानी से खराब होने लगा सब्जियों का फूल, घट गई पैदावार

| सब्जी | रुपये |
|---|---|
| बैगन | 20 से बढ़कर 30 रुपये |
| परवल | 60 से बढ़कर 80 रुपये |
| तोरई | 10 से बढ़कर 30 रुपये |
| घुइया | 40 से बढ़कर 60 रुपये |
| कद्दू | 20 से बढ़कर 30 रुपये |
| लौकी | 20 से बढ़कर 40 रुपये |
| करेला | 20 से बढ़कर 30 रुपये |
| टमाटर | 20 से बढ़कर 40 रुपये |
| खीरा | 20 से बढ़कर 30 रुपये |

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** पिछले कई दिनों से रुक-रुक कर हो रही बारिश का असर बेल वाली सब्जियों पर पड़ा है। बारिश का पानी सब्जियों को नुकसान पहुंचा रहा है। सब्जियों में दाग पड़ने लगे हैं। इससे मंडी में हरी सब्जियों की आवक कम हो रही है। आवक कम होने से दामों में भी वृद्धि होने लगी है। आने वाले दिनों में सब्जियां अधिक महंगी होने से लोगों को खरीदना मुश्किल हो जाएगा।

पिछले तीन दिनों से बारिश का दौर बना हुआ है। देहात क्षेत्र में झमाझम बारिश देखने को मिल रही है। वहीं पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही बारिश की वजह से गंगा का जलस्तर भी बढ़ने लगा है। बारिश के कारण हरी सब्जी की फसलों में एक तरफ फूल खराब हुआ। वहीं दूसरी तरफ कीट और रोगों का हमला भी बढ़ गया है। इससे बाजार में सब्जियों की आवक कम हो गई है। गंगा का जलस्तर बढ़ने से रेती में बोई गई सब्जी की फसल खराब होने से आने वाले दिनों में दाम और बढ़ने का अनुमान है। बारिश से खराब हो रही बेल वाली सब्जियों के खराब होने का अनुमान दाम बढ़ने से लगाया जा सकता है। कुछ दिन पूर्व टमाटर फुटकर में 20 रुपये बिक रहा था। वह अब 40 रुपये प्रति किलो पहुंच गया है। भिंडी 40 से 60 रुपये पर बिक रही है। बारिश में सब्जियों के खराब होने पर उद्यान अधिकारी बताते हैं कि बरसात में फूल खराब होने से सब्जियों की फलत घटती है। वहीं, रोग और कीट भी बढ़ते हैं। सब्जियों को कीटों के हमले से बचाने के लिए कीटनाशक दवा का प्रयोग किसानों को करना चाहिए।

## नव निर्वाचित पदाधिकारियों का किया स्वागत

**कादरचौक, अमृत विचार :** मंगलवार को शेखूपुर विधानसभा मंडल कादरचौक के भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य व ब्लॉक प्रमुख वीरेन्द्र राजपूत ने पटका पहना कर स्वागत किया।

धर्मेंद्र शाक्य ने कार्यकर्ताओं को संगठन की रीति नीति के बारे में विस्तार से जानकारी दी, और कहा मैं पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता के साथ हमेशा खड़ा रहूंगा, ब्लॉक प्रमुख वीरेन्द्र राजपूत ने कहा प्रत्येक कार्यकर्ता तन मन और धन से पार्टी की सेवा करता रहे। निश्चित ही 2047 तक भारत प्रथम शक्ति बन जाएगा। ये तभी संभव है जब प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी ईमानदारी से पार्टी की सेवा करें । नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष सर्वेश ने कहा संगठन ने जो हम पर विश्वास ने जताया है, वह हम सबके समर्पण, निष्ठा और कर्मशीलता का सम्मान है। इस मौके जिला उपाध्यक्ष भगवान सिंह शाक्य पूर्व मंडल अध्यक्ष सेवाराम, दुष्यंत व समस्त मंडल पदाधिकारी मौजूद रहे।

# विभाग प्रचारक विशाल बने धर्म जागरण प्रान्त प्रमुख



विशाल को सम्मानित करते बदायूं क्लब के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- सामाजिक संस्थाओं ने किया सम्मानित, दी बधाई

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वंय संघ के विभाग प्रचारक का विगत तीन वर्षों से पद संभाल रहे विशाल को अब धर्म जागरण प्रान्त प्रमुख समन्वय, ब्रज प्रान्त का दायित्व सौंपा गया है, अब वह 16 जनपदों में धर्म जागरण का दायित्व संभालेंगे। नया दायित्व मिलने एवं स्थानान्तरित होने पर बदायूं क्लब सभागार में भारतीय नव वर्ष मेला समिति की ओर विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं समाजसेवियों द्वारा उन्हें सम्मानित कर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई।

मंगलवार को एक कार्यक्रम में सभी सदस्यों द्वारा विशाल का माला व पट्का पहनाकर, प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। डॉ. अक्षत अशेष ने कहा, विशाल ने अपने कार्यकाल में जनपद में धर्म, संस्कृति एवं समाजसेवा के लिए विभिन्न कार्य किये, उनके मार्गदर्शन में जनपद में पहली बार वृहद भारतीय नव वर्ष मेला प्रारम्भ हुआ।

# बसपा ने भी उठाया नरऊ बुजुर्ग का मुद्दा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन करते बसपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- गांव में प्रतिनिधि मंडल ग्रामीणों से मिला,सीएम को भेजा पत्र
- नगर पालिका उझानी का पानी रोकने की मांग

**अमृत विचार :** उझानी नगर पालिका का पानी नरऊ सहित कई गांवों की फसलों को नष्ट कर रहा है। ग्रामीण कांग्रेस के साथ मिल कर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी समस्या को लेकर बसपा ने भी अब मोर्चा खोल दिया है। बसपा का एक प्रतिनिधि मंडल गांवों में पहुंचा। ग्रामीणों से बात की उसके बाद डीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेज कर उक्त समस्या का समाधान करने की मांग की है।

नगर पालिका उझानी का गंदा दूषित पानी निकटवर्ती गांव नरऊ, अचौरा,मिहीलाल नगला, मलिकपुर सहित कई गांवों की फसलों में जाता है। इस गंदे पानी के कारण इन गांवों की फसलें हर साल नष्ट हो रहीं हैं। गांवों में भी गंदगी बनी रहती है। हैंडपंप से भी गंदा पानी आता है। गांव के लोग दूषित पानी पीने को मजबूर हैं। पिछले एक साल से ग्रामीण इस समस्या से निजात पाने को आंदोलन कर रहे हैं। जिला प्रशासन ने समस्या के समाधान का आश्वासन दिया मगर समाधान नहीं किया। जिसके बाद इस समस्या को लेकर कांग्रेस पिछले कई दिनों से नरऊ गांव के पास हाईवे पर क्रमिक अनशन कर रही है।

इसी समस्या को लेकर मंगलवार को बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष आरपी त्यागी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल अचौरा और नरऊ सहित कई गांवों में स्थिति का जायजा लेने को पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने डीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा। धरना प्रदर्शन करने वालों में मनोज कश्यप, संजय सागर, क्रांति कुमार, रुपेश कुमार गौतम, गुरुद्दाल भारती, जगदीश चरण, देशपाल भारती, भूप सिंह एडवोकेट, जय सिंह एडवोकेट, पवन कुमार गौतम, एडवोकेट, चिरंजीलाल एडवोकेट, सोनू सागर, विकास, भारत आदि लोग शामिल रहे।

# राजकीय मेडिकल कॉलेज में केक काटकर मनाया डॉक्टर्स डे

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



केक काटकर डॉक्टर्स डे मनाते चिकित्सक। ● अमृत विचार

- डाक्टर जीवन में आशा और विश्वास का संचार करते
- वक्ता बोले, चिकित्सक भी अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें

**अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कॉलेज में मंगलवार को डॉक्टर्स डे बड़े ही उत्साह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया, जिसमें प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार, उप-प्राचार्य डॉ. नेहा सिंह, प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अर्शिया मसूद सिद्दीकी, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रितुज अग्रवाल, डॉ. मुकत्याज हुसैन, डॉ. सुचेता यादव तथा अन्य वरिष्ठ चिकित्सा शिक्षकों की उपस्थिति रही। प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार ने डॉ. बिधान चन्द्र रॉय को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि डॉ. रॉय न केवल एक महान चिकित्सक थे, बल्कि वे एक कुशल प्रशासक, स्वतंत्रता सेनानी, समाजसेवी और शिक्षा संस्थानों के निर्माता भी थे। डॉक्टर्स डे हमें यह याद दिलाता है कि डॉक्टर सिर्फ रोग का उपचार नहीं करते, बल्कि वे जीवन में आशा और विश्वास का संचार करते हैं। उन्होंने कहा कि मरीजों की सेवा एक टीमवर्क है, जिसमें डॉक्टरों के साथ-साथ अन्य स्वास्थ्य कर्मियों का योगदान भी उतना ही महत्वपूर्ण और सराहनीय होता है।

इस अवसर पर वक्ताओं ने चिकित्सकों को अपने स्वास्थ्य के प्रति भी सजग रहने की सलाह दी, साथ ही यह संदेश भी दिया गया कि समाज को चिकित्सकों की चुनौतियों, बलिदानों और निरंतर सेवा भावना के प्रति संवेदनशील होना चाहिए।

कार्यक्रम का आयोजन पैथोलॉजी विभाग की ओर से किया गया। आयोजन में डॉ. वेंकटनारायण, डॉ. लालेन्द यादव, डॉ. अमित कुमार, डॉ. नितेश पति तिवारी, डॉ. शिवम कामठान, डॉ. निशांत सिंह, डॉ. पारूल सक्सेना, डॉ. राजेश शाक्य, डॉ. वैशाली, डॉ. श्वेता कनौजिया, डॉ. ममता, डॉ. ऐश्वर्या गुप्ता, डॉ. अतुल कुमार सहित अनेक शिक्षक, चिकित्सक, रेजिडेंट डॉक्टर्स व अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

# कछला गंगा घाट से शुरू हुआ वन महोत्सव

कार्यालय संवाददाता, बदायूं




कछला भागीरथी के तट पर पौधे लगाते चेयरमैन जगदीश लोनिया। ● अमृत विचार

- चेयरमैन ने किया पौधरोपण चलाया सफाई अभियान
- वन विभाग अधिकारियों ने दिया हरियाली का संदेश

**अमृत विचार :** मंगलवार से कछला गंगा घाट से वन महोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ हो गया । मुख्य अतिथि नगर पंचायत कछला के चेयरमैन जगदीश सिंह लोनिया ने गंगा तट पर पौध रोपण कर अभियान शुरू किया। सफाई अभियान भी चलाया गया। जगह जगह पौधे लगा कर वन विभाग ने हरियाली का संदेश दिया। कहा कि आज पौधारोपण प्रकृति का संरक्षण करने को किया जा रहा है सभी जाति धर्म के लोगों को इसमें सहभागिता करनी चाहिए।

वन महोत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कछला नगर पंचायत के चेयरमैन जगदीश सिंह लोनिया ने सबसे पहले गंगा तट पर एक पौधा लगाया। उसको सींचा। उसके बाद अन्य लोगों ने पौधारोपण किया। गंगा किनारे खाली पड़ी जमीन पर आज करीब पचास हजार से अधिक पौधे लगाए गए जबकि इतने ही दूसरी जगहों पर लगाए गए। पौधरोपण के बाद चेयरमैन ने कहा कि प्रकृति के संरक्षण को पौधारोपण जरूरी है। यदि पेड़ नहीं होंगे तो हमे ऑक्सीजन नहीं मिलेगी। इसलिए जीवन के लिए वृक्ष जरूरी हैं। हमें शीतल हवा देने वाले पौधे हमारे जीवन का संरक्षण करते हैं इसलिए पौधों को सहेज कर रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। इसके बाद चेयरमैन ने गंगा घाट पर सफाई अभियान चलाया। सफाई अभियान में गंगा घाट पर रहने वाले सभी लोगों ने हिस्सा लिया। पन्नी कूड़ा उठा कर बाहर फेंका। गंगा स्नान करने वालों को साफ सफाई के बारे में बताया गया। कहा कि स्नान के बाद किसी तरह की गंदगी गंगा किनारे पर न छोड़ें। सफाई करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। डीएफओ प्रदीप कुमार वर्मा ने कहा कि वन महोत्सव कार्यक्रम एक बड़ा कार्यक्रम है। अभियान के तहत सफाई और पौधारोपण किया जाता है। साथ ही पौधों की देखभाल करने की शपथ ली जाती है। कहा कि आज सभी तहसीलों में कार्यक्रम आयोजित किया गया है। अब अलग अलग क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।इस मौके पर गंगा समिति संचालक नीरज शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## सम्मानित किए गए प्राचार्य डॉ. अरुण

**बदायूं, अमृत विचार :** जी.डी. गोयनका पब्लिक स्कूल में मंगलवार को नेशनल डॉक्टर्स डे के विशेष अवसर पर राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार एवं डॉ मुख्तियाज हुसैन का गर्मजोशी से सम्मान स्वागत किया गया। स्वागत में विद्यालय के प्रबंधक शुभम गोयल, प्रधानाचार्य पुष्पराज सिंह सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक और छात्र उपस्थित रहे ।

कार्यक्रम की शुरुआत अतिथि के स्वागत से हुई, जिसमें प्रधानाचार्य एवं छात्रों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया । छोटे-छोटे बच्चों ने अपने हाथों से सुंदर थैंक यू कार्ड बनाकर उन्हें भेंट किए । डॉ. अरुण कुमार ने छात्रों को मेडिकल क्षेत्र की महत्ता, उसमें करियर की संभावनाएं, विद्यार्थियों के जीवन में पर्सनल हाइजीन का महत्व एवं चिकित्सा क्षेत्र व समाज सेवा के महत्व पर संबोधित किया।

## सार-संक्षेप

### निस्वार्थ सेवा करने वाले स्काउट गाइड हुए सम्मानित



**बदायूं, अमृत विचार :** स्काउट भवन एवं प्रशिक्षण केंद्र पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नेचर स्टडी कम ट्रैकिंग कैंप उत्तराखंड गए स्काउट गाइड और निशुल्क जल सेवा शिविर में सेवा करने वालों को संस्था की ओर से प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। स्काउट संस्था के प्रादेशिक वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं जिला मुख्य आयुक्त एडवोकेट महेश चंद्र सक्सेना ने कहा कि युवा अपनी शक्ति और सामर्थ्य को राष्ट्रहित में लगाएं। निस्वार्थ सेवा से शालीनता, विनम्रता, सादगी सीखें। इस दौरान डीटीसी पूर्वी सक्सेना और पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने आगामी प्रशिक्षण शिविरों की जानकारी दी। इस मौके पर शिक्षिका ज्योति रस्तोगी, शीरीन हैमिल्टन, बुशरा नाजिर, इंदु, निखिल चौहान, नेत्रपाल आदि मौजूद रहीं। संचालन मुहम्मद असरार ने किया।

### नोएडा में कार्यक्रम में शामिल हुई पालिका सभासद



**उझानी, अमृत विचार :** फर्स्ट वन रिहैब फाउंडेशन की ओर से क्षितिज की गूंज कार्यक्रम का आयोजन नोएडा में हुआ था। जिसमें नगर पालिका सभासद जया अग्रवाल और शिव अग्रवाल ने शिरकत की। कार्यक्रम में विशेष आवश्यकता वाले ( दिव्यांग) बच्चों को आत्मनिर्भर बनाकर उन्हें समाज की मुख्यधारा में जोड़ने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में शामिल हुई सभासद के द्वारा दिव्यांग बच्चों को प्रेरित करने के साथ ही उन्हें सम्मानित किया।

### करौतिया में भूमि पर कब्जा कर दीवार बनाने का आरोप



**कुंवर गांव, अमृत विचार :** सलारपुर ब्लाक क्षेत्र के गांव हुसैनपुर करौतिया के दो दर्जन ग्रामीणों ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि गांव में खलिहान की भूमि पर गांव के कुछ दबंग लोगों ने दीवार और गेट बनाकर कब्जा कर लिया है। वह अब खलिहान की जगह पर मिट्टी डलवा कर रास्ता बना रहे हैं । ग्रामीणों ने सदर एसडीएम को शिकायती पत्र देकर भूमि से कब्जा हटवाने व दबंगों व ग्राम प्रधान के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। शिकायत करने वालों में साजिम, जान आलम, कैसर अली, शमसुल, इस्माइल,भूरे, बाबू ,असलम, इनकार आदि मौजूद रहे ।

### मोहर्रम, कांवड़ यात्रा को लेकर दुगरैया में किया भ्रमण



**कुंवर गांव, अमृत विचार :** मोहर्रम और कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस द्वारा लगातार गांवों में बैठक कर ग्रामीणों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की और सौहार्द पूर्ण त्योहार बनाने की अपील की जा रही है । पुलिस ने मंगलवार को गांवों में भ्रमण कर लोगों से बात की। थाना प्रभारी वेदपाल सिंह द्वारा क्षेत्र के गांव दुगरैया और बनेई में ग्रामीणों के साथ थाना प्रभारी ने बैठक की। ग्रामीणों से कहा गया कि वह मोहर्रम के त्यौहार को सौहार्द पूर्ण मनाएं। किसी प्रकार की नई परंपरा न डालें, पहले से चयनित रास्ते पर ही मोहर्रम जुलूस निकालें। प्रशासन के निर्देशों का पालन करें, थाना प्रभारी ने जुलूस निकलने वाले रास्ते का भी भ्रमण किया । उन्होंने बताया कि कांवड़ यात्रा शुरू होने वाली है, सभी लोग कांवड़ यात्रा में भक्तों का सहयोग करें, । इस मौके पर वरिष्ठ उपनिरीक्षक योगराज सिंह, प्रधान जमशेद सहित ग्रामीण मौजूद रहे ।



### भगवान का नाम लेने से जन्मों के नष्ट होते हैं पाप

**बदायूं, अमृत विचार :** मोहल्ला चौबे स्थित मंदिर पर आयोजित श्री मद भागवत कथा के पांचवे दिन कथा व्यास आचार्य कृष्ण कार्तिकेय ने रुक्मिणी विवाह की कथा का वर्णन भक्तो के समक्ष किया ।कथा व्यास ने बताया कि भगवान के नाम जपने से जन्म जन्मांतर के बुरे कर्मो का नाश होता है। मनुष्य योनि में जन्म का मुख्य ध्येय सिर्फ भगवद प्राप्ति है। भक्ति ही मनुष्य जीवन को सफल बनाती है। भागवत कथा के श्रवण मात्र से मनुष्य को अनंत पुण्य की प्राप्ति होती है। श्रीमद भागवत कथा हमें जीवन जीने की कला सिखाती है। श्री मद्भागवत कथा में भाजपा नेता अमन मयंक शर्मा, अशोक गुप्ता, माधुरी गुप्ता, अनुराग शर्मा,गौरव पाठक, गीता शर्मा, राजीव सक्सेना, दिलीप गुप्ता, साहिल गुप्ता, अजीत शंखधार , अंचला गुप्ता, निशांत वैश्य, विदुषी गुप्ता, लव गुप्ता, संगीता गुप्ता, संतोष शर्मा आदि सैकड़ो भक्तो ने कथा का श्रवण किया। एवं कथा के अंत में भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।




### भारत मुक्ति मोर्चा ने कलेक्ट्रेट तक निकाली रैली

**बदायूं, अमृत विचार :** देश में ईवीएम से चुनाव कराने एवं जातिगत जनगणना न कराने को लेकर भारत मुक्ति मोर्चा ने मंगलवार को भारत बंद के तहत विरोध प्रदर्शन किया। रैली निकाल का इंदिरा चौक पर जाम लगाया। भारत मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा, राष्ट्रीय परिवर्तन मोर्चा, बहुजन क्रांति मोर्चा, राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा, ने संयुक्त रूप से मंगलवार को भारत बंद रखा। भारत बंद के तहत केंद्र सरकार की नीतियों का विरोध करते हुए रैली निकाली और फिर इंदिरा चौक पर जाम लगाया। मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार लालधर ने कहा कि देश में ईवीएम से चुनाव न कराए जाएं। ओबीसी की जाति जनगणना कराई जाए। इस मौके पर अरुण पटेल, ओम सिंह प्रधान, राजेंद्र गौतम, शकील अहमद, जमील अहमद, मानसिंह गौतम दाताराम, रामदास, वीरेंद्र यादव समेत दर्जनों लोग शामिल रहे।

### कार्यकर्ताओ ने शरद यादव की मनाई पुण्यतिथि

**बदायूं, अमृत विचार :** जनता दल समाजवादी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे शरद यादव की पुण्यतिथि पर कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर संतोष यादव, राजेश कुमार, भानु प्रताप सागर, आरिफ सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पत्नी से तंग होकर पति ने की थी आत्महत्या

संवाददाता, कुंवरगांव

- पुलिस ने आरोपी पत्नी को गिरफ्तार कर भेजा जेल
- पत्नी के अवैध संबधों का वीडियो पति ने बना लिया था
- मृतक अपनी मां को दे गया था वीडियो, मां ने पुलिस को सौंपा

**अमृत विचारः** बीते 23 जून को थाना क्षेत्र के गांव बनेई में एक युवक ने फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग की पुष्टि हुई थी।

घटना के बाद से पुलिस जांच कर रही थी। जांच में मृतक का वीडियो पुलिस को मिला है। जिसमें वह अपनी मौत का जिम्मेदार अपनी पत्नी को बता रहा है। इसके बाद पुलिस ने मृतक की पत्नी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना क्षेत्र के गांव बनेई निवासी चंद्रकेश पुत्र करन सिंह ने 23 मई घर लटककर आत्महत्या कर ली थी। चंद्रकेश दिल्ली में रहकर सिलाई का कार्य करता था। मृतक ने घटना से पहले का एक वीडियो बनाया था। जिसमें वह अपनी पत्नी के किसी अन्य व्यक्ति से अवैध संबंध होने की बात कह रहा है। चंद्रकेश के दो बच्चे थे जिन्हें एक वर्ष से चंद्रकेश की मां द्रोपा पाल रही थी। कुछ दिन पहले पत्नी गांव आकर दोनों बच्चों को चंडीगढ़ ले गई। चंद्रकेश ने अपनी मौत का जिम्मेदार पत्नी को ही ठहराया। चंद्रकेश की मां द्रोपा देवी ने वीडियो पुलिस को दिखाया। पुलिस ने मृतक की मां द्रोपा देवी की तहरीर पर पत्नी कविता के खिलाफ आत्महत्या को उकसाने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने मंगलवार को मृतक चंद्रकेश की पत्नी कविता को उसके घर बनेई से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी महिला को न्यायलय में पेश कर जेल भेज दिया।

Admission Open
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
B.I.U.
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Management
UG Programs
- BBA (Finance & Taxation)
- B.Com (Hons.)
- BCA (IT & Multimedia/AI & Machine Learning)
PG Programs
- MBA (Finance & Taxation/Healthcare Management/Sales & Marketing/HR/IT/Business Analytics)
- M. Com.
- MCA
- MHA
- MPH
Contact Details
For Online Registration visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biucm2018@gmail.com
Ph : 8218622744, 9105500202, 9105500404, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

Admission Open
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
B.I.U.
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Humanities & Journalism
UG Programs
- BA (Journalism/Mass Communication)
- BA (Hons.) in English
- BA (Hons.) in Political Science
- BA (Hons.) in Sociology
- BA (Hons.) in Economics
- BA (Hons.) in Psychology
- B. Lib.
PG Programs
- MA (Journalism/Mass Communication/Public Relations/Electronic Media/Advertising)
- MA (English/Political Science/Sociology/Economics/Hindi)
- MA (Translation Studies)
- MA (Applied & Clinical Psychology)
- M.Lib.
Contact Details
For Online Registration Visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biuchj2022@gmail.com
Ph : 9105500202, 9105500404, 8218622744, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

# बारिश से मौसम सुहाना लेकिन सड़कों पर कीचड़

## तीन दिन से हो रही हल्की बारिश, तापमान में गिरावट लेकिन किसान परेशान, जनजीवन अस्त-व्यस्त

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचारः** 29 जून से मानसून सक्रिय है। रुक-रुक कर हो रही बारिश से मौसम तो सुहावना हो गया है, लेकिन सड़कों पर कीचड़ और नालों के अधूरे निर्माण कार्य ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। मंगलवार को सुबह और शाम रिमझिम फुहारें पड़ीं। बारिश से अधिकतम तापमान घटकर 32 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

सुबह करीब नौ बजे करीब 15 मिनट तक हल्की बारिश हुई, फिर धूप और छांव के बीच मौसम दिनभर खुशनुमा बना रहा। शाम साढ़े चार बजे फिर बादल छाए और रिमझिम बारिश शुरू हुई। लेकिन बारिश के साथ ही सड़कों पर कीचड़ फैल गई, जिससे राहगीरों को काफी परेशानी उठानी पड़ी।

**उम्मीद जैसी नहीं बरसी बारिश, किसान चिंतितः** मानसून की सक्रियता के बावजूद अब तक केवल चार एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई है। जून में कुल 48.25 एमएम बारिश हुई, जबकि पिछले साल इसी अवधि में 125.50 एमएम बारिश हो चुकी थी। कम बारिश के कारण खेतों में धान की रोपाई नहीं हो पा रही है और किसान ट्यूबवेल से सिंचाई करने को मजबूर हैं।


बारिश से बचने के लिए यात्री शेड में खड़े लोग • अमृत विचार

### नालों के निर्माण ने बढ़ाई मुसीबत

**बदायूं, अमृत विचार** : शहर में चल रहे नाले निर्माण कार्य की धीमी रफ्तार के कारण सड़कें उबड़-खाबड़ और कीचड़ से लथपथ हो गई हैं। मंगलवार को हल्की बारिश के बाद भी जगह-जगह जलभराव और कीचड़ से लोगों का निकलना मुश्किल हो गया। साथ ही ट्रैफिक जाम की समस्या भी बनी रही।


ओरछी में हाईवे पर भरा पानी • अमृत विचार

### हाईवे बना तालाब, गंदे पानी से गुजर रहे लोग

**ओरछी, अमृत विचार** : मानसून की बारिश शुरू होते ही हाईवे पर जलभराव हो गया। काफी दूर तक पानी भर जाने से लोगों को गंदे पानी से गुजरना पड़ा। नाला निर्माण होने से समस्या बनी रहती है।आज पहले दिन छात्र छात्राएं गंदे पानी से गुजर कर स्कूल पहुंचे। ओरछी चौराहा मुरादाबाद फर्रुखाबाद राजमार्ग किनारे इस्लामनगर हाईवे पर पिछले लगभग सात दिनों से बरसाती पानी भरा है। सावन में कांवरियों का जत्था इधर से गुजरता है। पैदल यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। गंदे पानी में कपड़े गंदे हो जाते हैं। जिले का सीमावर्ती क्षेत्र है, कई सीमाओं को जोड़ता है लेकिन आज तक नाला निर्माण नहीं हो सका है। पानी निकासी के लिए कोई जगह चिन्हित नहीं है।

# अवैध पैथोलॉजी लैब की जांच से पहले जांच अधिकारी पीछे हटे

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार** जिले में धड़ल्ले से चल रही अवैध पैथोलॉजी लैबों के जाल को देखकर जिम्मेदार भी पीछे हटने लगे हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रामेश्वर मिश्रा द्वारा प्राइवेट पैथोलॉजी लैबों के निरीक्षण की जिम्मेदारी सौंपे गए जिला मलेरिया अधिकारी डा. योगेश सारस्वत ने सफेदपोशों के दबाव और अधिकारियों की दखलंदाजी के चलते निरीक्षण करने से मना कर दिया है।

जनपद में पांच सौ से अधिक प्राइवेट पैथोलॉजी लैब संचालित हो रही हैं, लेकिन केवल 28 ही पंजीकृत हैं। बाकी अवैध रूप से संचालित हैं। इन लैबों की अधिकतर जांच रिपोर्टें संदिग्ध होती हैं, जिससे मलेरिया, डेंगू जैसी बीमारियों के इलाज पर भी असर पड़ता है। डॉ. सारस्वत ने मार्च में जिम्मेदारी मिलने के बावजूद जून के अंतिम सप्ताह में निरीक्षण शुरू किया था। मात्र आधा दर्जन लैबों को नोटिस दिए गए थे कि फोन और दबाव शुरू हो गया। इसके बाद उन्होंने सीएमओ को सूचित कर निरीक्षण से हाथ खींच लिए। जिला मलेरिया अधिकारी डा. योगेश सारस्वत ने कहा कि प्रत्येक कस्बे में प्राइवेट लैब खुली हैं। जहां जाते हैं वहां पर प्राइवेट लैब का मकड़जाल मिलता है। करीब आधा दर्जन पैथोलॉजी लैब संचालकों को नोटिस देकर जवाब मांगे गए इसलिए दिक्कत होने लगी। अब वह लैब का निरीक्षण नहीं कर रहे हैं।

### जिले में अवैध लैब हैं संचालित

स्वास्थ्य विभाग के ही कुछ अधिकारियों की शह पर कई अवैध लैबें बेधड़क चल रही हैं। विभागीय संरक्षण के चलते इनका कभी निरीक्षण नहीं होता। जनपद में मात्र 28 पैथोलॉजी लैब रजिस्टर्ड हैं। इनके अतिरिक्त सैकड़ों लैब अवैध रूप से संचालित की जा रही हैं। सूत्रों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग के मठाधीशों की छत्रछाया में लैब संचालित की जा रही हैं। इनका निरीक्षण कभी नहीं किया जाता है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की शह पर जगह जगह खुली लैब को विभाग के कुछ अधिकारों का संरक्षण मिला हुआ है।

- मलेरिया अधिकारी ने छोड़ा पैथोलॉजी लैब का निरीक्षण
- राजनीतिक दखल के चलते नहीं कर पाए काम
- अवैध लैब संचालकों पर नहीं हो सकी कार्यवाही

निरीक्षण का कार्य नोडल अधिकारी द्वारा नहीं किया गया। अब किसी अन्य अधिकारी को यह जिम्मेदारी दी जाएगी। अवैध लैबों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। अवैध रूप से लैब नहीं चलने दी जाएगी। इसके लिए जल्द ही एक बैठक की जाएगी और बैठक के बाद किसी एक एसीएमओ को यह जिम्मेदारी दी जाएगी। **डा. रामेश्वर मिश्रा**, मुख्य चिकित्सा अधिकारी

# जिले के 140 स्कूलों का वजूद हुआ खत्म

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जिले में कम छात्र नामांकन वाले 140 परिषदीय स्कूलों का मंगलवार से अस्तित्व समाप्त हो गया। इन सभी स्कूलों को शिक्षा विभाग द्वारा आसपास के दूसरे स्कूलों में मर्ज कर दिया गया है। स्कूल खुलने पर इन विद्यालयों में ताला लटका रहा, जिससे बच्चे पढ़ाई नहीं कर सके। कई जगह शिक्षक और ग्रामीणों ने स्कूल बंद किए जाने का विरोध भी किया।

शिक्षा विभाग ने 176 स्कूलों की सूची तैयार की थी, जिनमें छात्रों की संख्या बेहद कम थी। शिक्षकों को नामांकन बढ़ाने के निर्देश दिए गए थे। प्रयासों के बाद 36 स्कूलों में नामांकन 50 से अधिक हो गया, लेकिन 140 स्कूल नामांकन बढ़ाने में असफल रहे, जिन्हें अब बंद कर दिया गया है।

बीएसए कार्यालय से जारी आदेश में शिक्षकों को निर्देशित किया गया है कि वे अभिभावकों से संवाद कर बच्चों को नजदीकी स्कूलों में पढ़ने के लिए प्रेरित करें। इन स्कूलों के छात्रों को अब आसपास के विद्यालयों में शिफ्ट किया जा रहा है। साथ ही, बंद हुए स्कूलों के शिक्षकों की नई तैनाती की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

### शिक्षा नीति के तहत किया गया है विलय का फैसला

बदायूं। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में पहले 300 मीटर के दायरे में प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्कूल खोले गए थे। लेकिन गिरते नामांकन और संसाधनों के असमान वितरण को देखते हुए शासन ने छात्र-शिक्षक अनुपात के अनुसार स्कूलों को मर्ज करने की नीति बनाई है। यह कदम शैक्षिक गुणवत्ता सुधार के उद्देश्य से उठाया गया है।

## चोरी की दो बाइक के साथ गिरफ्तार

**उझानी, अमृत विचारः** कोतवाली पुलिस ने चोरी की दो बाइक सहित एक आरोपी को गिरफ्तार जेल भेजा है। कोतवाली पुलिस के अनुसार विभिन्न मामलों में वांछित चल रहे जिला कासगंज थाना सोरों के गांव हुसैन निवासी पंकज साहू पुत्र सोहनलाल को कछला घाट के पास रेलवे पटरी की ओर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के पास से दो बाइक बरामद हुई हैं।

# अमर ज्योति फाइनेंस कंपनी के निदेशक और भाई पर 50-50 हजार का इनाम घोषित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** दो सौ करोड़ रुपये से अधिक की ठगी करने वाली कंपनी के निदेशक और उसके भाई पर डीआईजी अजय कुमार साहनी ने बदायूं एसएसपी की रिपोर्ट पर 50-50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। दोनों के खिलाफ बदायूं कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज है।

बदायूं में अमर ज्योति यूनिवर्स निधि लिमिटेड कंपनी के निदेशक बारादरी थाना क्षेत्र के कटरा चांद खां निवासी शशिकांत मौर्य और उसके भाई सूर्यकांत मौर्य ने एजेंटों के जरिए लोगों के करोड़ों रुपये जमा कराए थे। रकम देने के समय कंपनी के निदेशक और एजेंट दोनों मौके से फरार हो गए। दोनों पर 15 हजार लोगों से निवेश में मोटे मुनाफे का झांसा देकर करोड़ों की ठगी का आरोप है। बदायूं एसएसपी डॉ. बृजेश सिंह ने आरोपी शशिकांत मौर्य और उसके भाई सूर्यकांत मौर्य पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। अब बदायूं एसएसपी की रिपोर्ट पर डीआईजी अजय कुमार साहनी ने दोनों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम बढ़ा कर 50-50 हजार रुपये किया है।

# केक काटकर मनाया अखिलेश का बर्थडे


सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिन पर केक काटते पूर्व सदर विधायक आबिद रजा


बिल्सी में केक काटकर अखिलेश यादव का जन्मदिन मनाते कार्यकर्ता।


सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन मनाती महिला मोर्चा की पदाधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने जन्मदिन मनाया। पार्टी कार्यालय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूर्व सदर विधायक आबिद रजा ने अपने आवास पर पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिन पर केक काटकर दीर्घायु की कामना की।

पूर्व मंत्री ने कहा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष देश के संघर्षशील व लोकप्रिय नेता है। राष्ट्रीय अध्यक्ष युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके मार्गदर्शन से सपा नेता व कार्यकर्ताओं को राजनैतिक दिशा मिलती है।

इस अवसर पर ओमवीर सिंह यादव, फरहत सिद्दीकी, साजिद खां, सय्यद आजम अली, मोहम्मद मियां सहित तमाम कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

महिला मोर्चा ने भी सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन मनाया। महिला मोर्चा के पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिन पर केक काटा। इस मौके पर संतोष कश्यप, शब्बो खान, जया सिंह, विनीता कश्यप, रिंकी, ज्योति वाल्मीकि आदि उपस्थित रहे।

सपा के राष्ट्रीय सचिव अली अल्वी और पूर्व नगर अध्यक्ष मुख्तार अहमद ने जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं के साथ पौधारोपण किया। इस मौके पर जाहिद गाजी, अंजर खान, जीशान फारूकी, नरेश, मुकेश ठाकुर, फिरोज अल्वी आदि उपस्थित रहे।

**बिल्सी** में राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का मंगलवार को पार्टी कार्यकर्ताओं ने विधानसभा उपाध्यक्ष फैजान राइन के प्रतिष्ठान पर केक काटकर जन्मदिन मनाया। कार्यक्रम में आबिद अली, शामे अली खान, शाहिद राइन, अमजद खान, अखिलेश यादव, अमित यादव, नीरज यादव, मनवीर शाक्य, संजीव मालपानी आदि मौजूद रहे।

**सहसवान में** : पार्टी के प्रदेश सचिव शाहिद खान व सपा नेता जमालुद्दीन ने कैंप कार्यालय पर केक काटकर राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन मनाया और उनके दीर्घायु की कमाना की। कार्यक्रम में तमाम कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम अंग्रेजी में GREESH BABU (ग्रीश बाबू) अंकित है। जबकि मेरे आधार कार्ड व पैन कार्ड में मेरा नाम अंग्रेजी में GIRISH BABU (ग्रीश बाबू) अंकित है। भविष्य में मुझे उक्त सही नाम से जाना व पहचाना जाये। **ग्रीश बाबू पुत्र ओमप्रकाश निवासी मो. नं. 2, बिल्सी तहसील बिल्सी जिला बदायूं (उ.प्र.)**

सूचना
मेरे पासपोर्ट में मेरे पति का नाम अंग्रेजी में GREESH BABU (ग्रीश बाबू) अंकित है। जबकि मेरे आधार कार्ड व पैन कार्ड में मेरा नाम अंग्रेजी में GIRISH BABU (ग्रीश बाबू) अंकित है। उक्त दोनों नाम मेरे पति के ही हैं। भविष्य में मेरे पति को उक्त सही नाम से जाना व पहचाना जाये। **शशि वार्ष्णेय पत्नी ग्रीश बाबू निवासी मो. नं. 2, बिल्सी तह. बिल्सी जिला बदायूं (उ.प्र.)**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने 28/7/2007 में LIC की पालिसी करायी थी। जिसकी पालिसी सं.- 2231113454 है। पॉलिसी में घरेलू नाम श्यामकली के नाम से बीमा कराया था। अब मेरा नाम रामवाला पाण्डेय उर्फ श्याम कली पत्नी रामपाल पाण्डेय उर्फ आनन्द किशोर के नाम से जाना व पहचाना जाये। **रामवाला पाण्डेय पत्नी रामपाल पाण्डेय उर्फ आनन्द किशोर नि. ग्राम रेहरिया पर. बडागांव तह. पुवायां, पोस्ट सुनारा बुजुर्ग शाहजहांपुर**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने वर्ष 2020-21 में इन्टरमीडिएट की परीक्षा 60030 विशप कॉनराड सीनियर स्कूल, बरेली से उत्तीर्ण की थी। जिसका रोल नं. 21628266 Reg. No. N221/60030/0065 है। जिसकी प्रथम टी.सी. विद्यालय से प्राप्त कर ली थी। जो कि रास्ते में घर जाते समय गणेश धाम कॉलोनी, बरेली में कहीं खो गई है। काफी तलाशने के बाद अभी तक नहीं मिली। **दीक्षा पुत्री विष्णुदयाल निवासी मो. बगिया नाथ पो. खुटार खास थाना खुटार जिला** [illegible]

सूचना
मैं अपने तीनों पुत्र प्रदीप कुमार, विकास कुमार व आकाश के गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार से क्षुब्ध होकर समस्त सम्बन्ध विच्छेद व अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ, यह तीनों अपने कृत्यों लेन-देन आदि के स्वयं जिम्मेदार होंगे। **जगदीश कुमार पुत्र स्व0 छोटे लाल निवासी मकान नं0 - 513, रोहली टोला, पुराना शहर, थाना बारादरी बरेली।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

अनादरो विलम्बश्च वै मुख्यम निष्ठुर वचनम।
पश्चतपश्च पश्चापि दानस्य दूषणानि च।।

अपमान करके देना, मुंह फेर कर देना, देरी से देना, कठोर वचन बोलकर देना और देने के बाद पछ्चाताप होना। ये सभी 5 क्रियाएं दान को दूषित कर देती है।

## संपादकीय

# वित्तीय साक्षरता जरूरी

बैंकिंग और वित्तीय नियमों में बदलाव डिजिटल भारत की ओर एक बड़ा कदम हैं। महत्वपूर्ण वित्तीय बदलावों का सीधा असर करदाताओं और बैंक ग्राहकों पर पड़ेगा। इनमें पैन आवेदनों के लिए नया आधार सत्यापन नियम, आयकर रिटर्न दाखिल करने की समय सीमा और प्रमुख बैंकों द्वारा क्रेडिट कार्ड और बैंकिंग सेवाओं पर संशोधित शुल्क ट्रेन/हवाई जहाज की बुकिंग में आधार ओटीपी की अनिवार्यता जैसे महत्वपूर्ण कदम शामिल हैं। सवाल है कि ये नियम व्यक्तियों के लिए वित्तीय सुरक्षा और सुविधा कैसे बढ़ाएंगे। साथ ही वित्तीय अपराधों पर नियंत्रण में कैसे मदद करेंगे। नए नियमों से भुगतान प्रणाली में सुधार होगा, जिससे ऑनलाइन लेनदेन और भी सुरक्षित और तेज़ होंगे। यानी ये नियम ग्राहकों को अधिक सुरक्षा प्रदान करेंगे, धोखाधड़ी को कम करेंगे और बैंकिंग सेवाओं का उपयोग करना आसान बनाएंगे। नए नियमों से ऑनलाइन और मोबाइल बैंकिंग लेनदेन अधिक सुरक्षित होंगे। जिससे धोखाधड़ी और हैकिंग का खतरा कम होगा। बैंकों को अपने ग्राहकों को लेनदेन और खातों के बारे में अधिक जानकारी प्रदान करने की आवश्यकता होगी, जिससे ग्राहकों को अपने वित्त पर बेहतर नियंत्रण होगा। नए नियमों से बैंकिंग क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा मिलेगा, जिससे ग्राहकों को बेहतर और अधिक नवीन बैंकिंग उत्पादों और सेवाओं तक पहुंच मिलेगी।

बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र में हाल के बदलावों और भविष्य की दिशा पर बात की जाए तो कहा जा सकता है कि बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र, एक गतिशील और तेजी से बदलता हुआ क्षेत्र है, जो लगातार नवाचार और सुधारों का सामना कर रहा है। हाल के वर्षों में, इस क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं। परिवर्तनों का प्रभाव बैंकों, वित्तीय संस्थानों और ग्राहकों पर समान रूप से पड़ा है। वित्तीय स्थिरता को भी बनाए रखने की आवश्यकता है ताकि बैंकिंग और वित्तीय प्रणाली आर्थिक विकास और विकास का समर्थन कर सकें। बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र में बदलावों के साथ, बैंकों और वित्तीय संस्थानों को अनुकूलन करने और नए अवसरों का लाभ उठाने के लिए तैयार रहने की आवश्यकता है। वास्तव में हम एक ऐसे वित्तीय भविष्य की ओर बढ़ रहे हैं जहां पारदर्शिता और सुरक्षा सर्वोपरि होगी। देश में वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देना जरूरी है ताकि लोग अपने वित्तीय अधिकारों और जिम्मेदारियों को समझ सकें।

# ईरान-इजराइल युद्ध का वैश्विक राजनीति पर प्रभाव



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

वस्तुत ईरान प्रतिदिन दो मिलियन बैरल तेल और परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात करता है, जो विश्व के कुल तेल आपूर्ति का लगभग 2 प्रतिशत है। पहले ही अमेरिका ईरान पर व्यापारिक प्रतिबंध के तहत तेल आयात पर रोक लगा चुका है।

आखिरकार ईरान-इजइयल युद्ध में अमेरिका को खुलकर सामने आना पड़ा, लेकिन उसके द्वारा प्रयुक्त अमेरिकी बंकर बस्टर बमों ने इरानी परमाणु ठिकानों को कितना नुक्सान पहुंचाया, यह तो भविष्य ही बताएगा। इजराइल ने युद्ध शुरू होने से पहले ही कहा था कि उसका उद्देश्य ईरानी परमाणु कार्यक्रम को नेस्तनाबूद करना तथा वहां सत्ता परिवर्तन कराना है। सत्ता परिवर्तन या प्रमुख धार्मिक नेता के बारे में तो इजराइल सफल नहीं हो पाया, उल्टे जिस तरह ईरान ने प्रतिक्रिया स्वरूप इजराइल के शहरों पर बमबारी की और मिसाइल दागे, इससे स्पष्ट हो गया कि ईरान अब पहले जैसा देश नहीं रह गया है और दूसरे कि इजराइल का एयर डिफेंस डोम अब सुरक्षित नहीं है। इस युद्ध का वैश्विक असर अमेरिका, इजराइल, पश्चिम एशिया, रुस, चीन, पाकिस्तान सहित भारत पर भी पड़ा है।

वस्तुत ईरान प्रतिदिन दो मिलियन बैरल तेल और परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात करता है, जो विश्व के कुल तेल आपूर्ति का लगभग 2 प्रतिशत है। पहले ही अमेरिका ईरान पर व्यापारिक प्रतिबंध के तहत तेल आयात पर रोक लगा चुका है। इरान युद्ध के समय अमेरिका, यूरोप और इजराइल के समर्थकों पर खाड़ी देशों से सामूहिक तेल प्रतिबंध लगाने की कोशिश कर सकता है जैसा कि 1973 के योम किप्पुर युद्ध के समय लगाया गया था। इतना ही उसके प्राक्सी मिलीशिया मसलन हमास और हिजबुल्ला आदि खाड़ी देशों में अमेरिकी और इजराइली सैन्य अड्डे पर हमला कर सकते हैं। इराक जो विश्व को प्रतिदिन 4 मिलियन बैरल से अधिक तेल की आपूर्ति करता है, इन हमलों का निशाना आसानी से बन सकता है। ईरान के शांतिपूर्ण परमाणु कार्यक्रमों पर रोक लगाने की जिद का असर कम से कम सऊदी अरब और यूएई की महत्वाकांक्षाओं पर भी पड़ेगा क्योंकि इस तरह से यह क्षेत्र पूरी तरह से इजराइल के रहमो-करम पर रह जाएगा, क्योंकि यह एकमात्र परमाणु-सक्षम देश है, जो अमेरिका की इजराइली सैन्य श्रेष्ठता को बनाए रखने की नीति के अनुकूल है। अमेरिका द्वारा खाड़ी देशों में रूसी संपत्तियों को जब्त करने,



टैरिफ और आर्थिक नीतियों ने मध्य पूर्व में पश्चिमी निवेशों को लेकर एक अशांति उत्पन्न कर दी है। भले ही उपरी तौर पर यहां लोग व्यापारिक हित में अमेरिका और पश्चिमी देशों का सहयोग कर रहे हो, खाड़ी के अधिकांश देश फिलिस्तीनी समर्थक और अमेरिका विरोधी है।

इस युद्ध में इजराइल का उद्देश्य ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकना था या उस पर निर्णायक चोट करनी थी जिसमें वो सफल भी हुए हैं लेकिन इसने सिर्फ आधारिक संरचना नष्ट कर दिया है, वैज्ञानिकों को मार दिया है लेकिन उनका परमाणु ज्ञान तो नहीं मिटा सके हैं जो ईरानी शासन ने कई वर्षों में जमा किया है। इतना ही नहीं अभी तक यह भी स्पष्ट नहीं है कि क्या हवाई हमलों ने उस नौ सौ पाउंड यूरेनियम को नष्ट कर दिया है, जिसे अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के अनुसार, ईरान ने पहले ही हथियार-ग्रेड की गुणवत्ता के करीब समृद्ध कर लिया था। इसके अतिरिक्त इस युद्ध में ईरान पर अमेरिका इतना निर्णायक दबाव नहीं बना पाया है कि उसे बिना शर्त वार्ता के टेबल पर आने के लिए मजबूर कर दे। यहां तक कि परमाणु ठिकानों पर हमले के जबाव में उसने अमेरिकी अड्डों पर भी बमबारी की ही साथ में युद्धविराम की घोषणा के बाद भी इजराइल पर मिसाइल दागे।

यह सच है कि इजराइल ने अपने से पचहत्तर गुना बड़े देश ईरान जिसकी जनसंख्या उससे नौ गुना अधिक है, पर मिसाइल, ड्रोन से बमबारी कर उसके परमाणु कार्यक्रम को पीछे धकेल कर एवं अमेरिका को सीधे लड़ाई में लाकर उसने दशकों पुराना लक्ष्य हासिल कर लिया है। राजनीतिक रूप से देखें तो भारत इजराइल और ईरान के बीच टकराव में कहीं फंस गया है क्योंकि दोनों के साथ उसके महत्वपूर्ण रणनीतिक हित हैं। भारत के लिए इजराइल महत्वपूर्ण रक्षा आपूर्तिकर्ता है, जबकि ईरान अपने बंदर अब्बास बंदरगाह के माध्यम से भारत को मध्य एशिया और अफगानिस्तान में रणनीतिक प्रवेश द्वार प्रदान करता है। हाल के भारत पाकिस्तान युद्ध में इजराइल ने भारत का खुलकर समर्थन किया था परंतु भारत ऐसा नहीं कर सका क्योंकि दूसरा पक्ष भी उसका मित्र देश था। इतना ही नहीं रूस और अमेरिका के साथ भी उसके प्रतिस्पर्धी हित हैं, जो इस संघर्ष में विपरीत पक्षों पर खड़े थे। आर्थिक रूप से, भारत अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का लगभग अस्सी प्रतिशत आयात करता है, जो खाड़ी देशों से प्रभावित हैं। भारत को अपनी स्वतंत्र विदेश नीति और रणनीतिक स्वायत्तता में अटूट विश्वास है लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप मौजूदा व्यवहार को देखते हुए लगता है कि अमेरिका के साथ भारत के रणनीतिक संबंध लगभग खोखले हो चुके हैं। चीन के साथ भारत के रिश्ते वैसे ही ठंडे पड़े हुए हैं क्योंकि वह चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के साथ खड़ा है। परंपरागत मित्र रूस इस समय खुद को अलग-थलग महसूस कर रहा है, क्योंकि भारत स्कैंडिनेविया से लेकर भूमध्य सागर तक यूरोप के रूसोफोबिक देशों के साथ दोस्ती की पींगे बढ़ा रहे हैं। हालांकि अमेरिका का मुख्य रोष यही है कि भारत रुस से तेल और रक्षा सामग्री आयात कर रहा है जबकि अमेरिका स्वयं भारत को रक्षा हथियार बेचना चाहता है।

इसके साथ ही ईरान भी हाल के युद्ध में भारत का समर्थन न पाने और भारतीय पश्चिम एशियाई रणनीति में इजराइल को दिए गए महत्व से खुश नहीं हो सकता है। हालांकि ईरान पहले विश्व राजनीति में भारत का काफी महत्वपूर्ण समर्थन किया था। तीस साल पहले जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र के मंच पर पाकिस्तान और ईरान के बीच एक कूटनीतिक युद्ध हुआ था, जब ईरान ने यूएनएचआरसी में पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित इस्लामिक सहयोग संगठन के प्रस्ताव को निरस्त कर दिया था, जिसमें कश्मीर में भारत के कथित मानवाधिकार उल्लंघन की निंदा की गई थी। इसलिए मध्य पूर्व के संबंध में भारत को एक ठोस, संतुलित और चतुर रणनीति बनाने की आवश्यकता है। जहां तक पाकिस्तान का प्रश्न है तो इस युद्ध में उसने महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर लिया है। इरान इजराइल युद्ध में अमेरिकी हमले के बाद पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र संघ में रूस और चीन के साथ मिलकर तत्काल और बिना शर्त युद्ध विराम की मांग करते हुए एक प्रस्ताव पेश किया। यद्यपि इस मसौदा प्रस्ताव में स्पष्ट रूप से अमेरिका या इजरायल का नाम नहीं लिया गया, लेकिन इसमें ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमलों की निंदा की गई। जबकि ईरान के साथ उसके संबंध और परमाणु शक्ति संपन्न देश होने को ध्यान में रखकर ही डोनाल्ड ट्रम्प ने उसका समर्थन प्राप्त करने के लिए सैन्य प्रमुख मुनीर को लंच पर बुलाया था। इसके बावजूद ईरान के समर्थन में यह पाकिस्तान द्वारा रणनीतिक स्वायत्तता का एक आश्चर्यजनक रूप से मुखर प्रदर्शन है। ईरान के समर्थन में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में रूस और चीन के साथ मिलकर काम करना न केवल एक साहसिक सोच का प्रदर्शन है, बल्कि उभरते बहु-ध्रुवीय विश्व व्यवस्था में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में खुद को स्थापित करने की दिशा में पाकिस्तान की परिपक्वता का संकेत भी है। जाहिर है कि यह भारतीय हित में नहीं है। इस प्रकार स्पष्ट है ईरान -ईजराइल युद्ध भले ही युद्धविराम की स्थिति में है लेकिन यह अभी समाप्त नहीं हुआ है। ना तो ईरान अपनी सुरक्षा के लिए अपनु परमाणु कार्यक्रमों को इतनी आसानी से रोक देगा और ना ही इजराइल फिलिस्तीन सहित ईरान या अन्य किसी मध्य पूर्व के देशों को इतना शक्तिशाली बनने का अवसर देना चाहेगा जो उसके अस्तित्व के लिए ख़तरा हो। लेकिन यह भी सच है कि जब तक इज़राइल और अमेरिका मध्य पूर्व में एक स्वतंत्र फ़िलिस्तीनी राज्य की स्थापना के लिए सहमत नहीं हो जाते हैं, तब तक मध्य पूर्व में अस्थिरता और अशांति जारी रहने की संभावना बरकरार है।

## प्रसंगवश

# नदियों में बढ़ता प्रदूषण और धार्मिक संस्कार





कुछ दिन पहले एक वीडियो देख मैं अभिभूत हो गया। इसमें लोग बरसात में कावेरी नदी के जल के आगमन पर फूलों से उसका स्वागत कर उसे प्रणाम कर रहे थे। अपनी नदियों के प्रति ऐसी श्रद्धा देख कोई भी व्यक्ति भावुक हो सकता है। मनोज कुमार की फ़िल्म का एक गीत भी है। "इतनी ममता नदियों को यहां माता कह के बुलाते हैं" लेकिन एक दूसरी तस्वीर भी है। तमिलनाडु की एक नदी तामिरबरणी को भयंकर प्रदूषण का सामना करना पड़ रहा है। इस प्रदूषण की वजह है कि लोग इसमे अपने मृतकों के कपड़े, गद्दे, तकिए, फोटो फ्रेम, मिट्टी के बर्तन आदि फेंकते हैं। ऐसा वो भविष्य वक्ताओं के कहने पर धार्मिक संस्कारों के तहत करते हैं। ये सब इतनी अधिक संख्या में होने लगा कि नदी की धारा ही चोक हो गई और इसमें रहने वाली मछलियों और कछुओं के जीवन को खतरा हो गया।



तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

इस नदी से चार जिलों को पीने का पानी भी सप्लाई होता है। इसलिए पर्यावरण वादियों ने इस धार्मिक संस्कार के विरुद्ध आवाज उठाई। और नदी को गंदा करने वालों पर सख्त कार्यवाही की मांग की। इस धार्मिक संस्कार के लिए सरकार ने जगह-जगह डस्ट बीन रखे हैं लेकिन लोगों के कहने पर लोग नदी में ही कपड़े डालते हैं।

आखिर एक पर्यावरण प्रेमी बी मूर्ति, रिटायर्ड असिस्टेंट डायरेक्टर के नेतृत्व में लोग सामने आए और उन्होंने इसे साफ करने का बीड़ा उठाया। आप विश्वास नहीं करेंगे कि उन्होंने नदी से 94 टन मृतकों के कपड़े, 975 किलो गिलास फोटो फ्रेम, 275 किलो नैपकिन, डायपर और 4 टन प्लास्टिक वेस्ट 21 दिन की अथक मेहनत के बाद निकाले। अब अपनी नदियों को लेकर ये दो भाव हमारे सामने हैं। दोनों ही भावों में नदी को आदर दिया गया है। लेकिन क्या नदी को हमारे आदर की जरूरत भी है। हमें सोचना होगा कि क्या हमारा ये मान सत्कार नदी के अस्तित्व पर संकट तो नहीं ला रहा।

मेरा पहला सवाल है कि आखिर नदी को नदी क्यों नहीं रहने देते। जब हमने उसका यही हश्र करना है तो उसे माता मानने की जरूरत ही क्या है। दूसरा सवाल है कि हमारे सारे धार्मिक संस्कार जो नदियों को प्रदूषित करते हैं। उसके लिए एक बड़े अभियान द्वारा लोगों को समझाया क्यों नहीं जा सकता जिससे हमारे धार्मिक संस्कारों का स्वरूप थोड़ा बदला जाए ताकि हमारी नदियां, जलीय जीव जंतु सही से सांस ले सकें। जैसा कि कुछ जगह जागरूकता आने के कारण अब देवी देवताओं की प्रतिमा का विसर्जन बहते पानी की जगह कृत्रिम जलाशयों में किया जाता है।

इस संबंध में कोर्ट ने रोजी-रोटी के संकट को देखते हुए मूर्तिकारों के पक्ष में एक फैसला भी दिया और उन्हें केवल प्राकृतिक रंग और मिट्टी की जगह प्लास्टर ऑफ पेरिस और कृत्रिम रंगों के इस्तेमाल से प्रतिमाएं बनाने की इजाजत दी। लेकिन साथ ही एक आदेश भी दिया कि ऐसी प्रतिमाओं का विसर्जन बहते हुए पानी मे नहीं किया जा सकता। समय अनुसार अगर हम और हमारे धार्मिक संस्कार नहीं बदले तो मनुष्य के अस्तित्व पर ही संकट आ सकता है।

उत्तराखंड हाई कोर्ट के एक निर्णय अनुसार नदियों को जीवित इकाई माना गया और नदियों को भी मनुष्यों समान कानूनी अधिकार दिए गए। लेकिन 2017 में सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले को पलट दिया और नदियों को जीवित इकाई मानने से इनकार कर दिया। क्या ही बेहतर होता अगर उत्तराखंड कोर्ट का फैसला बरकरार रहता। और हम कम से कम नदियों के अधिकार के लिए लड़ तो सकते थे।

# बाल स्वास्थ्य की दिशा में अनूठा कदम

हाल ही में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के द्वारा बच्चों के शारीरिक स्वास्थ्य एवं हितों को ध्यान में रखते हुए एक अभूतपूर्व कदम उठाया गया है। सीबीएसई के द्वारा सम्बद्ध विद्यालयों को यह निर्देश दिया गया है कि वे अपने परिसर में 'शुगर बोर्ड' की स्थापना करें। इस अनूठी पहल का उद्देश्य बच्चों के द्वारा शर्करा के सेवन पर निगरानी रखना एवं यदि वह आवश्यकता से कहीं अधिक हो रहा है तो उस पर नियंत्रण करना है। निस्संदेह केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के द्वारा की गई यह पहल नितांत सराहनीय एवं दूरदर्शितापूर्ण है क्योंकि उच्च शर्करा स्तर की समस्या आज वयस्कों से लेकर बच्चों तक को अपना शिकार बनाती जा रही है। सीबीएसई के अनुसार विगत दशक में बच्चों में टाइप-2 मधुमेह के मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। एक समय था जब इस बीमारी का बच्चों के साथ दूर-दूर तक कोई संबंध नहीं था एवं इसके मामले केवल वयस्कों अथवा वृद्धों में ही देखे जाते थे।

आखिरकार आज ऐसे क्या कारण हैं कि छोटे छोटे बच्चे जिनके जीवन में बीमारियों का कोई दखल नहीं होना चाहिए, मधुमेह जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित होते जा रहे हैं। अगर हम विगत कुछ दशकों के दौरान बच्चों की जीवनशैली, खानपान, रहन-सहन तथा शैक्षणिक एवं शारीरिक गतिविधियों में होने वाले परिवर्तनों पर सम्यक दृष्टिपात करें तो निश्चित रूप से हम उपर्युक्त प्रश्न का उत्तर खोजने में भी सफल हो जाएंगे। दरअसल कुछ दशकों पूर्व के बच्चों एवं आज की नई पीढ़ी में जमीन आसमान का अंतर है। यदि हम खानपान की बात करें तो जहां पहले की पीढ़ी स्वस्थ, संतुलित एवं पोषणयुक्त खान-पान से जुड़ी थी, वहीं आज की पीढ़ी फास्ट फूड,



शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर

आखिरकार आज ऐसे क्या कारण हैं कि छोटे छोटे बच्चे जिनके जीवन में बीमारियों का कोई दखल नहीं होना चाहिए, मधुमेह जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित होते जा रहे हैं।

जंक फूड एवं प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के अंदर ही पोषण, भूख एवं स्वाद को ढूंढ रही है। अब वह ऐसा अपनी इच्छा से कर रही है अथवा करने पर विवश है, यह तो स्पष्टतः नहीं बताया जा सकता। वहीं अगर हम व्यायाम अथवा शारीरिक गतिविधियों की बात करें तो जहां पुराने जमाने के बच्चे खेलकूद, योगासन एवं अन्य स्वास्थ्यप्रद गतिविधियों से जुड़े थे, तो आज की आधुनिक पीढ़ी मोबाइल गेमिंग एवं सोशल मीडिया जैसी झूठी दुनिया में ही खेलकूद का आनंद तलाश रही है। खास बात तो यह है कि आज के बच्चे जंक फूड एवं मोबाइल गेमिंग जैसे छदम परिदृश्य में ही अति प्रसन्न हैं, लिहाजा अगर उनको स्वस्थ जीवन शैली एवं खान-पान से परिचित कराने का प्रयास भी किया जाए तो वह उनको कतई रास नहीं आता।

सीबीएसई के द्वारा स्कूलों के प्रधानाचार्यों को इस योजना के संबंध में पत्र लिखा गया है एवं कहा गया है कि बच्चों में बढ़ते शुगर लेवल का प्रमुख कारण है- शर्करा का अति सेवन। प्रायः ऐसा देखा जाता है कि स्कूलों के आसपास स्नेक्स, कोल्ड ड्रिंक एवं अन्य प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ बड़ी आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं। मध्यावकाश अथवा स्कूल से छुट्टी के समय में विद्यार्थी इन पर ऐसे टूटते हैं जैसे कि मानो उन्हें कोई बड़ा खजाना बड़ी लंबी प्रतीक्षा के बाद प्राप्त हो गया हो। जाने अनजाने में वे उन पदार्थों का सेवन अपनी क्षुधा को शांत करने के लिए करते हैं जो उनके लिए नितांत हानिकारक होते हैं। जाहिर सी बात है कि जब पेट जंक फूड से ही ठसाठस भर जाएगा तो फिर स्वस्थ एवं पौष्टिक भोजन के पेट में जाने का कोई प्रश्न ही नहीं उठता। खास बात तो यह है कि जंक फूड एवं प्रसंस्कृत पदार्थों से दोस्ती बच्चों की दिनचर्या का अंग बन चुकी है। बदल बदल कर जंक फूड, कोल्ड ड्रिंक इत्यादि का सेवन करना बच्चों की आदत में आ चुका है।

अध्ययन बताते हैं कि चार से दस वर्ष की आयु के बच्चों के दैनिक कैलोरी सेवन में चीनी का अंश 13 फ़ीसदी है तथा 11 से 18 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए 15 फीसदी है, जबकि बच्चों के लिए चीनी सेवन की अनुशंसित सीमा 5 प्रतिशत ही है। स्पष्ट है कि बच्चों के द्वारा आवश्यकता से कहीं ज्यादा चीनी का सेवन किया जा रहा है। इस संबंध में भारत में हुए अध्ययन की रिपोर्ट बेहद चिंताजनक है। भारत में 88.6 फ़ीसदी विज्ञापन उच्च फैट, नमक एवं चीनी युक्त उत्पादों के हैं। इस मामले में हम सभी को ब्रिटेन से प्रेरणा लेनी चाहिए। ब्रिटेन में अक्टूबर 2025 से टीवी एवं सभी ऑनलाइन प्लेटफॉर्मों पर जंक फूड विज्ञापनों पर आंशिक रोक लागू करने की योजना बनाई जा रही है। निश्चित है कि इस योजना के सफल क्रियान्वयन से बच्चों में जंक फूड के प्रति आकर्षित होने एवं ललचाने की प्रवृत्ति में ह्रास होने की पूर्ण संभावना होगी। इन सभी पहलुओं को देखकर एवं विचार करने के उपरांत यह कहा जा सकता है कि सीबीएसई के द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर उठाया गया कदम नितांत विवेकपूर्ण एवं प्रशंसनीय है।

## सोशल फोरम

# धरोहरों का हो संरक्षण

वृंदावन में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तावित श्रीबांकेविहारी मंदिर कॉरिडोर के भूमि की नाप-जोख और सर्वे का कार्य पूर्ण हो गया है। बताया जा रहा कि यह गलियारा लगभग पांच एकड़ भूमि पर निर्मित होगा।

दो दिन पूर्व ब्रज संस्कृति शोध संस्थान के प्रकाशन अधिकारी गोपालशरण शर्मा ने इस पूरे क्षेत्र में आ रहे प्राचीन धरोहर स्थल एवं मंदिरों का अवलोकन कराया जिसके बाद इस क्षेत्र की धरोहरों के प्रति हमारी चिंताएं गंभीर हो गई हैं। उदाहरण के लिए हमने ठा.श्रीराधामोहन के सुंदर दर्शन किए। यह पूरा परिसर राधामोहन का घेरा कहलाता है। यह 16वीं सदी में आबाद हुआ एक प्राचीन परिसर है, जहां श्रीराधावल्लभ संप्रदाय के प्रवर्तक महान रसिकाचार्य श्रीहित हरिवंश गोस्वामी के दूसरे सुपुत्र गोस्वामी श्रीकृष्णचन्द्र महाराज के सेव्य विग्रह ठा.श्रीराधामोहन का मंदिर स्थापित है, जो वृन्दावन में शाही लाल पत्थर से निर्मित 16 वीं सदी के मंदिरों में से एक है। यह मंदिर श्रीराधावल्लभ के पुराने मंदिर के साथ का ही बना था। हम जानते ही हैं कि आज श्रीराधावल्लभ का पुराना मंदिर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा संरक्षित एक स्मारक है। इन दोनों मंदिरों में प्रयुक्त हुए पत्थर, तोरण, द्वार, वास्तुशिल्प आदि की समानता को देख कर भी यह सहज अनुमान लगाया जा सकता है कि ये दोनों मुग़लकालीन संरचनाएं एक ही युग की देन हैं। राधावल्लभ संप्रदाय के वाणी साहित्य से ज्ञात होता है कि 18 वीं सदी में राधामोहन घेरे का परिसर अत्यन्त रमणीय और हितकुल का प्रमुख स्थान था।



लक्ष्मीनारायण तिवारी
सचिव, ब्रज संस्कृति शोध संस्थान, वृन्दावन

यहां मंदिर में हमारी भेंट सेवायत गोस्वामी श्रीमृदुल वल्लभ से हुई जिन्होंने हमें बड़े दुखित मन से बतलाया कि कॉरिडोर निर्माण हेतु ठा. श्रीराधामोहन के प्राचीन मंदिर सहित पूरे परिसर को नाप लिया गया, प्रस्तावित कॉरिडोर के नक्शे के अनुसार ठा.श्रीराधामोहन मंदिर को तोड़ा जाना है जिसके लिए नाप कर नंबर डाल दिए गए हैं। धार्मिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक वृंदावनी धरोहरों के संरक्षण का एक बड़ा प्रश्न हमारे सामने खड़ा है। आज जिस प्रकार के हालात है वह हम सब के लिए विचारणीय है।

-फेसबुक वॉल से

# क्रैश जहाज से जिंदा बचे शख्स जैसे अखिलेश यादव

संघर्षों से लड़ने और बढ़ने की विरासत लिए अखिलेश यादव राजनीतिक कुशलता में अपने पिता मुलायम सिंह यादव से कम नहीं हैं। भाजपा की धुरी यूपी में मोदी-योगी की लोकप्रियता की सुनामी में सबसे बड़े विपक्षी दल के तौर पर सपा की शक्ति को बचा पाना अखिलेश यादव की बड़ी उपलब्धि है। तब जब भाजपा के फैलाव में पिछले एक दशक में देश के शक्तिशाली दल टूट गए, बिखर गई, बौने हो गए। पार्टी को बचा पाना, संभाल पाना और ऐसे दौर में सपा के इतिहास में पहली बार 2024 में लोकसभा चुनाव में 37 सीटें जीतना अखिलेश की राजनीतिक दक्षता का चमत्कार है। इतनी सीटें तो मुलायम सिंह अपने स्वर्णकाल में भी नहीं जीत सके थे। अभिनेत्रा राजकपूर के गीत के निर्देशन में राजनीतिक गाड़ी चलानी पड़ती है-ऐ भाई जरा देख के चलो, आगे ही नहीं पीछे भी, दाएं ही नहीं बाएं भी...कहते हैं कि सियासत में युद्ध कौशल का प्रदर्शन हर जगह होता है। घर के बाहर विरोधी से ही नहीं घर के अंदर के प्रतिद्वंद्वीयो से भी लड़ना होता है। मुख्यमंत्री की कुर्सी पर रहते अपने चाचा और उनके गुट से अखिलेश नहीं लड़ते तो शायद आज पिता मुलायम सिंह की कुर्सी का सौ फीसद हिस्सेदारी का हक नहीं मिल पाता। चाचा शिवपाल यादव उनकी समानांतर ताकत में होते। नेता जी के बाद पार्टी में एकक्षत्र ताकत का संकट तो गहराता ही।



नवेद शिकोह
वरिष्ठ पत्रकार

मुख्यमंत्री बनने से पहले अखिलेश की खुद की ताकत- अपने बूते पर चुनाव जीतते रहे। 2012 का विधानसभा चुनाव जीतने से पहले पूरी चुनावी कम्पेन का उन्होंने नेतृत्व किया।

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने हर मोर्चे पर युद्ध लड़ा। अपनों से भी लड़ाई जीती और भाजपा के तीव्र तूफान में भी पार्टी की नैय्या बचा ली।'

बसपा सुप्रीमों मायावती यूपी की शीर्ष नेताओं में शुमार हैं, भाजपा के स्वर्णकाल में बसपा विपक्ष के लायक भी नहीं रही। लगभग डेढ़ दशक तक ये कहा जाता रहा कि प्रियंका गांधी राजनीति में आ जाएं तो यूपी में कांग्रेस के पुराने दिन वापस आ जाएंगे। वो भी आईं कुछ ना कर पाईं। भाजपा व उसकी सरकार और योगी आदित्यनाथ के हिन्दुत्व के चेहरे की ताकत के आगे सब धराशाई हो गए। मजबूत विपक्ष के तौर पर कोई बचा तो वो थी समाजवादी पार्टी। अखिलेश यादव ने सपा की नैय्या को कई तूफानों से बचाया, कमजोर नेतृत्व होता तो ताज्जुब नहीं कि बसपा और कांग्रेस की तरह सपा भी हाशिए पर पड़ी होती और सदन में भाजपा का एकक्षत्र राज रहता। ये सच है कि यूपी का मुख्यमंत्री बनने में अखिलेश यादव की योग्यता आधी थी और आधा पिता प्रेम था, पिता का श्रेय था।

मुख्यमंत्री बनने से पहले अखिलेश की खुद की ताकत- अपने बूते पर चुनाव जीतते रहे। 2012 का विधानसभा चुनाव जीतने से पहले पूरी चुनावी कम्पेन का उन्होंने नेतृत्व किया। उस चुनाव में मुलायम चुनावी कम्पेन से गायब थे उन्होंने ने अखिलेश पर ऐसे जिम्मेदारी दी थी जैसे चील अपने बच्चे को आकाश की ऊंचाइयों पर ले जाकर फेंक देती है। जान बचानी है तो बाजुओं में ताकत पैदा करो, उड़ना सीखो और उड़ो। फिर सारा आकाश तुम्हारा होगा! पिता की कोशिश और मार्गदर्शन पर पुत्र पूरी फरमाबरदारी से चलता भी रहा। उन्होंने रथयात्रा निकालकर पूरे प्रदेश के गांव-गांव जनता से मिले, जमीनी संघर्ष किया। सपा को गुंडे-माफियाओं की पार्टी कहने के आरोपों को ग़लत साबित करते हुए दागियों को पार्टी से दूर करने की साहसी और सराहनीय पहल की। डीपी यादव जैसे कई नेताओं को टिकट ना देने पर अड़े तो जनता में अखिलेश में आशा की एक नई किरण दिखने लगी। "अखिलेश यादव को सत्ता मिली तो भी संकट थे और सत्ता के बाहर दमदार विपक्ष बने रहना भी बहुत मुश्किल था"

2012 में सपा सरकार ने विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किए। अखिलेश यादव बेहद लोकप्रिय नेता बन कर उभरे। किंतु पार्टी में इतनी कलह थी उसे सपा मुखिया मुलायम सिंह यादव जी भी नहीं संभाल सके। दूसरी तरफ तत्कालीन गुजरात के मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री के तौर पर प्रोजेक्ट करने पर नई भाजपा का समुद्र देश में उफान ले रहा था। बावजूद इसके हो सकता था कि अखिलेश यादव के विकास कार्यों और लोकप्रियता के आगे भाजपा की सुनामी उत्तर प्रदेश में कोई खास असर नहीं दिखा पाती। लेकिन उन दिनों सत्तारूढ़ सपा में आपसी कलह सड़क पर उतर चुकी थी, जिसके कारण यूपी में अखिलेश के विकास कार्य और लोकप्रियता भाजपा को रोक नहीं सकी। संघर्ष जारी है। 2027 के चुनाव में लगभग डेढ़ वर्ष शेष है।

अखिलेश के सामने योगी आदित्यनाथ का हिन्दुत्व का लोकप्रिय चेहरा है। इस जटिल लड़ाई में कांग्रेस का साथ लेना ही पड़ेगा। योगी तीसरी बार जीत गए तो सपा को टूट-फूट से बचाना बेहद मुश्किल होगा। अखिलेश जीत गए तो यूपी में कांग्रेस के फैलाव को रोकना भी काफी जटिल होगा। सियासत के हर रास्ते में कांटे होते हैं। सफलता में भी असफलता में भी। कभी फूलों में कांटे छिप जाते हैं और हमें दिखाई नहीं देते।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- bly.editor@amritvichar.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## संविदाकर्मियों की समस्याओं पर हुई वार्ता

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** विद्युत संविदा मजदूर संगठन उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष नवल किशोर सक्सेना और अधीक्षण अभियन्ता के बीच संविदा कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर बैठक हुई। इसमें कई उच्च पदस्थ अधिकारी एवं संगठन के प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में शाहजहांपुर मंडल में कार्यरत संविदा कर्मचारियों की वेतन, ईपीएफ, ईएसआईसी और सुरक्षा उपकरणों जैसी ज्वलंत समस्याओं पर गंभीर चर्चा की गई। अधीक्षण अभियंता एवं अधिशासी अभियंता ने उपस्थित पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि सभी समस्याओं का जल्द समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक में मध्यांचल अध्यक्ष अशोक कुमार पाल, बरेली जोन अध्यक्ष राजेश कुमार, जिला अध्यक्ष मुनीश पाल, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष शकील अहमद सहित कई संविदा कर्मचारी उपस्थित रहे। जिला महामंत्री अरविंद कुमार ने बैठक के उपरांत बताया कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की जाती है तो संगठन व्यापक आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

# तहसीलदार ने ट्रांसफर के बाद सादे कागज पर किए आदेश, निलंबन करने की संस्तुति

## जिला अधिकारी ने पकड़ा मामला, एडीएम की जांच में सामने आई सच्चाई

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** पुवायां तहसील में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां तत्कालीन तहसीलदार अरुण सोनकर ने ट्रांसफर के बाद भी बैकडेट में 12 पत्रावलियों पर बिना दिनांक के आदेश पारित कर दिए। सबसे हैरानी की बात यह रही कि ये आदेश न्यायिक प्रक्रिया को दरकिनार कर सादे कागज पर दिए गए और इन पर कोई भी बारकोड अथवा पोर्टल एंट्री नहीं की गई। इस गंभीर लापरवाही और कथित भ्रष्टाचार को देखते हुए डीएम ने तत्काल निलंबन की संस्तुति की है।

वर्तमान तहसीलदार राघवेश मणि त्रिपाठी ने मामले की जानकारी 26 जून को डीएम को दी। जब पत्रावलियों की जांच की गई तो पाया गया कि ये आदेश सादे पन्नों पर थे जिनपर तत्कालीन तहसीलदार के बिना दिनांक के हस्ताक्षर थे। डीएम ने सोनकर को बुलाकर जब पत्रावलियां दिखाईं तो उन्होंने खुद स्वीकार किया कि ये हस्ताक्षर उनके ही हैं। डीएम ने एडीएम (न्यायिक) से जांच कराई जिसमें तहसीलदार को दोषी पाए गए। रिपोर्ट के आधार पर सोनकर को सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली का उल्लंघन करने, राजस्व परिषद के निर्देशों की अवहेलना और न्यायिक कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरतने का दोषी माना गया। मामले की जांच एडीएम (न्यायिक) ने की। उनकी 27 जून की रिपोर्ट में चौंकाने वाले खुलासे हुए। पता चला कि पत्रावलियों में कोई इश्तेहार या पक्षकारों से संलग्न शपथपत्र नहीं था। आदेश बिना कंप्यूटराइज्ड पत्रक और बिना दिनांक के सादे कागजों पर किए गए। पुनर्स्थापन प्रार्थनाओं पर भी नियमों की अवहेलना करते हुए मनमानी तरीके से निर्णय लिए गए। मामले का खुलासा तब हुआ जब लाभ पाने वाले पक्षकारों ने इन आदेशों को आरसीसीएमएस पोर्टल पर चढ़वाने का दबाव वर्तमान तहसीलदार पर बनाया। तहसीलदार राघवेश मणि त्रिपाठी ने मामले की गंभीरता को समझते हुए डीएम को अवगत कराया। इसके बाद पूरे प्रकरण का खुलासा हुआ।

डीएम ने न सिर्फ तत्कालीन तहसीलदार अरुण सोनकर के विरुद्ध निलंबन की संस्तुति की, बल्कि आदेश दिया कि सभी 12 वादों में सोनकर सहित लाभ उठाने वाले पक्षकारों, जिम्मेदार न्यायालय कर्मियों और अनियमित तरीके से पत्रावलियां उपलब्ध कराने वालों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की जाए। तहसील स्तर पर न्यायिक प्रक्रियाओं में की गई यह लापरवाही न सिर्फ कानून की मर्यादा के खिलाफ है, बल्कि इससे पूरे प्रशासन की साख पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा होता है। डीएम की त्वरित और कठोर कार्रवाई ने यह स्पष्ट कर दिया है कि प्रशासन अब इस प्रकार की गड़बड़ियों को किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं करेगा।

### यह 12 मामले संदेह के घेरे में

- वासिद खान बनाम इब्बन खां
- रेशमा बेगम बनाम गुड्डु वारसी
- वासिद खान बनाम शाहीन खातून
- हरप्रीत कौर बनाम रूपेंद्र सिंह
- सत्तार हुसैन बनाम निजामुद्दीन
- ऊषा देवी बनाम रामचंद्र आदि
- बलजीत कौर बनाम परमजीत सिंह
- कांति बनाम सर्वेश कुमार
- जागीर कौर बनाम जरनैल सिंह
- श्यामलाल वर्मा आदि बनाम हरिश्चंद्र
- रामाज्ञा बनाम सुवेग सिंह (वाद संख्या 606)
- रामाज्ञा बनाम सुवेग सिंह (वाद संख्या 609)

## जीएफ कॉलेज में प्रवेश की पहली सूची जारी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जीएफ कॉलेज शाहजहांपुर ने बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए, बीसीए, बीएससी बायोटेक्नोलॉजी एवं बीएससी माइक्रोबायोलॉजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पहली चयन सूची जारी की।

प्राचार्य प्रोफेसर मोहसिन हसन खान ने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों के लिए प्रवेश प्रक्रिया 2 जुलाई से आरंभ हो रही है। प्रवेश कार्य प्रत्येक कार्यदिवस में प्रातः 10 बजे से अपराह्न 2 बजे तक संपन्न होगा, जबकि शुक्रवार को यह समय सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित किया गया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिन अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया है, उन्हें प्रवेश सूची में अपना नाम देखकर शीघ्र प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर लेनी चाहिए। इसके अतिरिक्त, जिन अभ्यर्थियों ने रजिस्ट्रेशन तो कराया है लेकिन उसकी हार्डकॉपी कॉलेज में जमा नहीं की है, वे तुरंत हार्डकॉपी जमा कर दें, जिससे आगामी सूची में उनका नाम सम्मिलित किया जा सके। अभ्यर्थियों से अपेक्षा की गई है कि वे समय से प्रवेश प्रक्रिया पूरी करें।

# फायरिंग की तकनीकें और पोजिशन की दी जानकारी

- एनसीसी कैडेट्स ने वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम में देखा सेना का जीवंत चेहरा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सेना के प्रति युवाओं में जागरुकता बढ़ाने और सीमावर्ती क्षेत्रों के बच्चों को प्रेरित करने के लिए वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के अंतर्गत एक विशेष विजिट का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 25 यूपी बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल सग्राम सिंह चीमा एवं कर्नल आनंद शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इसमें ब्लॉक पूरनपुर के विभिन्न गांवों से लगभग 250 एनसीसी कैडेट्स और सिविल बच्चे शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत शाहजहांपुर कैंट स्थित लॉन्ग रेंज से हुई। यहां बच्चों को फायरिंग की तकनीकें और पोजिशन की जानकारी दी गई। इसके बाद सैक्सन सैन्य अस्पताल का भ्रमण कराया गया। यहां उन्हें सेना के जवानों के उपचार और उनके परिजनों की सुविधाओं से अवगत कराया गया। इसके बाद कैडेट्स ने सेना के स्वीमिंग पूल, वाहन और हथियार मरम्मत कार्यशाला, गोल्फ ग्राउंड, जवानों के रहने की जगह, कुक हाउस, क्वार्टर गार्ड, खेल मैदान और जवानों की लाइब्रेरी का दौरा किया। साथ ही उन्हें सप्लाई डिपो भी दिखाया गया। यहां उन्हें राशन भंडारण और वितरण की प्रक्रिया समझाई गई।

कार्यक्रम में कैडेट्स को शहीद स्मारक संग्राहलय का भी दौरा कराया गया। यहां उन्होंने बलिदान और देशभक्ति की गाथाओं से रूबरू होकर प्रेरणा ली। एनसीसी के लाभों पर विशेष संबोधन कमांडिंग ऑफिसर द्वारा दिया गया। इसमें उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया गया।

अंत में बी सर्टिफिकेट वितरण समारोह का आयोजन हुआ। इसमें सूबेदार मेजर सुनील रावत, सूबेदार दलजीत सिंह, सूबेदार सरवनन बी, हवलदार विक्रम सिंह, हवलदार अरुण, हवलदार राजकुमार और एएनओ राजीव सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी घोषित

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) की नव निर्वाचित राष्ट्रीय कार्यकारिणी की घोषणा मंगलवार को आईआईए भवन में एक भव्य समारोह के दौरान की गई। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय पर्यावरण मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अरुण कुमार सक्सेना मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

समारोह में मंत्री महोदय ने नव निर्वाचित सदस्यों को नियुक्ति पत्र वितरित किए और उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ भी दिलाई। आईआईए शाहजहांपुर के लिए यह गर्व का क्षण रहा जब गुरजीत सिंह मोंगा को मंडलीय अध्यक्ष और विनम्र अग्रवाल को शाहजहांपुर चैप्टर चेयरमैन के रूप में नियुक्त किया गया। इस नियुक्ति के साथ ही एक बार फिर आईआईए शाहजहांपुर को मंडल स्तर पर प्रतिनिधित्व मिला है। इससे स्थानीय औद्योगिक विकास को नया बल मिलने की उम्मीद है।

सभा में आईआईए के नव निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, सीईसी सदस्य शुभम खन्ना, सचिव रोहित गोयल सहित देश के विभिन्न राज्यों से आए आईआईए पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे। इस मौके पर वक्ताओं ने नई कार्यकारिणी से अपेक्षा जताई कि वह उद्योग जगत की समस्याओं के समाधान और नीति निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएगी। समारोह का समापन सामूहिक अभिनंदन और राष्ट्रहित में कार्य करने के संकल्प के साथ हुआ।

## बंदर के हमले से छत से गिरकर महिला की मौत

**खुदागंज, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव पिपरी निवासी सुरेश कुमार की पत्नी 50 वर्षीय मिथिलेश कुमारी मंगलवार की दोपहर मकान की छत पर किसी काम से गई थी। छत पर बंदर थे। महिला ने बंदरों को भगाने का प्रयास किया तो बंदर उसके ऊपर दौड़ पड़े।

उसने बचने का प्रयास किया तो छत से नीचे गिरकर घायल हो गई। परिवार वाले उसे डॉक्टर के पास ले गए। यहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में बंदर काफी संख्या में है और कई लोगों पर हमला करके काट चुके है। गांव वालों ने वन विभाग से शिकायत की। वन विभाग के कर्मचारी बंदर पकड़ने के लिए नहीं आए है। ग्रामीणों ने डीएम से मांग की है कि बंदरों को पकड़वाया जाए।

## बिल बकाया होने पर आधे गांव की बिजली काटी

- कार्रवाई करते समय प्राथमिक विद्यालय भी आया चपेट में
- ग्रामीणों के साथ शिक्षक और बच्चे भी परेशान

**जैतीपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव नौगवां गोविंदपुर में बिजली विभाग की चेकिंग कार्रवाई ने आधे गांव को अंधेरे में डुबो दिया है। करीब 12 दिन पूर्व बिजली बिल बकाया होने के चलते अधिकारियों ने आधे गांव की विद्युत आपूर्ति काट दी। इस कार्रवाई की चपेट में प्राथमिक विद्यालय भी आ गया। इससे बच्चों को भीषण गर्मी में बिना बिजली के पढ़ाई करनी पड़ रही है।

इस समस्या से सबसे ज्यादा वे ग्रामीण परेशान हैं, जो नियमित रूप से अपना बिजली बिल जमा करते आ रहे हैं। अनुदेशक रजनेश कुमार ने बताया कि उन्होंने समय से बिल जमा किया है, इसके बावजूद बिजली काट दी गई। जब उन्होंने बिजली अधिकारियों से दोबारा लाइन जोड़ने की अपील की, तो उन्हें अलग केबल डलवाने की सलाह दी गई। गांव के वीरपाल, मानसिंह, कुंदन, कवितान, राजपाल समेत कई ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों से मांग की है कि जल्द से जल्द विद्युत आपूर्ति बहाल कराई जाए। गांव में बिजली कटौती के चलते पेयजल, पंखा, कूलर सहित तमाम आवश्यक सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। भीषण गर्मी में बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे खासे परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जिनके बकाया हैं, उनके खिलाफ अलग कार्रवाई होनी चाहिए थी न कि पूरे मोहल्ले की लाइन काटी जाती।

# जिले में भिक्षावृत्ति की रोकथाम के लिए चलाया जाएगा विशेष अभियान

- जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की हुई बैठक
- 119 बच्चों को मिली सहायता योजना की स्वीकृति

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जनपद में महिला एवं बाल कल्याण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की समीक्षा के लिए मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित वीसी सभागार में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक हुई।

बैठक में मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बाल विवाह व बाल श्रम रोकथाम, वन स्टॉप सेंटर, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्पॉन्सरशिप योजना तथा मिशन वात्सल्य जैसी योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गई। डीएम ने निर्देश दिए कि भिक्षावृत्ति रोकथाम को लेकर जनपद में विशेष अभियान चलाया जाए। साथ ही बाल श्रम से संबंधित मामलों में गंभीरता बरतने के निर्देश भी दिए गए। जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा ने बताया कि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत अभी तक 1173 बच्चों को लाभ मिल चुका है। बैठक में 119 नए पात्र बच्चों को योजना में सम्मिलित करने की स्वीकृति प्रदान की गई। कोविड प्रभावित बच्चों के लिए चलाई जा रही योजना के अंतर्गत 107 बच्चों को सहायता प्रदान की गई, जबकि 65 बच्चों को लैपटॉप भी वितरित किए गए हैं। स्पॉन्सरशिप योजना के अंतर्गत अब तक 100 बच्चों को जोड़ा गया है, और तीसरी बैठक में 23 और बच्चों का चयन कर प्रस्ताव रखा गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर 300 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इसके अतिरिक्त, बाल श्रम रोकथाम के लिए समय-समय पर अभियान भी चलाए गए हैं, जिनमें 11 मामलों का संज्ञान लिया गया है। सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह ने बताया कि सखी वन स्टॉप सेंटर में सफाई कर्मी की नियुक्ति न होने से समस्याएं आ रही हैं। डीएम ने महिला कल्याण निदेशक को पत्र भेजने का निर्देश दिया है। सेंटर के सभी सीसीटीवी कैमरे जिला कंट्रोल रूम से जोड़े जाएंगे।

## खाद पर टैगिंग और ओवर रेटिंग को लेकर दिया धरना

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** उर्वरक व कीटनाशक व्यापार में बढ़ती अव्यवस्थाओं और अनुचित प्रथाओं के खिलाफ एग्रो इनपुट डीलर्स एसोसिएशन के बैनर तले खुदरा विक्रेताओं ने मंगलवार को जिला मुख्यालय पर जोरदार धरना प्रदर्शन किया।

संगठन ने डीएम को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि उर्वरक कंपनियों द्वारा जबरन की जा रही टैगिंग और ओवर रेटिंग पर रोक लगे। उन्होंने बताया कि कंपनियां होलसेलर को यूरिया 242-246 रुपये में देती हैं, जबकि रिटेलर को महज 4-5 रुपये भाड़ा दिया जाता है, जो असल खर्च 30 रुपये प्रति बोरी से भी कम है। फ्री ऑन रोड व्यवस्था लागू कर खाद सीधे गोदामों तक पहुंचाने की मांग की गई। इसके अलावा, खुदरा व्यापारियों को महीनों खाद की आपूर्ति नहीं होना, पीओएस डेटा के बावजूद दोहरी एंट्री का दबाव और कीटनाशकों पर बिना परीक्षण के दर्ज हो रहे केस जैसी समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया गया। संगठन ने चेताया कि यदि मांगें पूरी नहीं हुईं तो व्यापारी सामूहिक रूप से लाइसेंस लौटाने और आंदोलन को मजबूर होंगे।

## निपुण आकलन परीक्षा में रैंकिंग बढ़ाने के दिए निर्देश

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बेसिक शिक्षा विभाग में प्रतिवर्ष संपन्न होने वाली निपुण आकलन परीक्षा में जनपद की रैंकिंग को बढ़ाने के उद्देश्य से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी , खंड शिक्षा अधिकारी राज्य संदर्भ समूह के सदस्यों व नोडल शिक्षकों के साथ बैठक कर निर्देश दिए।

डीएम ने कहा कि निपुण आकलन परीक्षा में जनपद की रैंकिंग को ऊपर ले जाने के लिए प्रत्येक माह दो बार मॉक टेस्ट का आयोजन ओएमआर शीट पर किया जाए। उन्होंने इसके लिए कार्य योजना तैयार करने के निर्देश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिए। डीएम ने गत वर्ष के निपुण आकलन में पिछड़ रहे स्कूलों के लिए खंड शिक्षा अधिकारी को योजना बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि प्रत्येक कक्षा के स्तर उन्नयन के लिए एक शिक्षक को लिखित में जिम्मेदारी प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में बच्चों के स्तर आकलन के लिए जिला प्रशासन के द्वारा परीक्षा संपन्न कराई जाएगी। जिसकी जिम्मेदारी जिला विद्यालय निरीक्षक की होगी। कक्षा के अंदर शिक्षण तकनीकों में पीयर लर्निंग, समूह में कार्य तथा प्रोजेक्ट वर्क का प्रयोग किया जाए। प्रत्येक कक्षा के कम लर्निंग लेवल वाले बच्चों को हाई लर्निंग लेवल वाले बच्चों के साथ पीयर किया जाए और इसकी सूची उनके समक्ष प्रस्तुत की जाए। अप्रैल की भांति माह के तीसरे मंगलवार को शिक्षक संकुल की बैठक का पर्यवेक्षण जनपद स्तरीय अधिकारी गण करेंगे।

परियोजना कार्यालय द्वारा निर्धारित बैठकों के अतिरिक्त कोई भी बैठक अलग से आयोजित न की जाए। बच्चों को अधिकतम अधिगम परिणामों की प्राप्ति हो, इसके लिए शिक्षार्थी केंद्रित शिक्षण विधियों पर जोर दिया जाएगा। जनपद स्तर पर उत्कृष्ट विद्यार्थियों के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को कार्य योजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता , खंड शिक्षा अधिकारी भावल खेड़ा विनय मिश्रा खंड शिक्षा अधिकारी नगर नागेंद्र सिंह राज्य संदर्भ समूह के सदस्य अश्विनी कुमार अवस्थी, शिक्षक मयंक भूषण पांडे, अभिषेक दीक्षित व जिला समन्वयक प्रशिक्षण रोहित सिंह आदि मौजूद रहे।

# प्रेरणादायक रूप में मनाया राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस


कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



कार्यक्रम का शुभारंभ करते वरुण अर्जुन विवि के कुलाधिपति डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल।



राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल के साथ चिकित्सक। • अमृत विचार



चिकित्सा दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करते विद्यार्थी।

**अमृत विचार :** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड हॉस्पिटल में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस को बड़े ही सम्मानजनक और प्रेरणादायक रूप से मनाया गया। इस वर्ष राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस की थीम "बिहाइंड दि मास्कः हू हील्स दि हीलर्स" रही, जो चिकित्सा जगत के नायकों, चिकित्सकों की निःस्वार्थ सेवा और उनके भीतर छिपी संघर्षों की कहानी को उजागर करता है। इस आयोजन का नेतृत्व सामुदायिक चिकित्सा विभाग की ओर से किया गया। इसके संयोजक प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. धर्मेन्द्र कुमार गुप्ता रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत एमबीबीएस छात्र सुनील देशपांडे और अनमोल बस्तिया ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर की। तत्पश्चात दीप प्रज्वलन किया गया जिसमें वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय के प्रति-कुलाधिपति डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल, विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. किरन अग्रवाल, उप-प्राचार्य डॉ. एस कृष्णन, सामुदायिक चिकित्सा विभाग के प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. धर्मेन्द्र कुमार गुप्ता, गुणवत्ता प्रबंधक डॉ. शिवानी गुप्ता, वरिष्ठ चिकित्सक मेडिसिन विभाग डॉ. अदिति श्रीवास्तव, प्रोफेसर डॉ. आलोक अग्रवाल, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष निश्चेतना विभाग डॉ. दीपक ओबेरॉय, उप-चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अमित कुमार सिंह और विभागाध्यक्ष नेत्र विभाग डॉ. गिरीश मिश्रा ने सम्मिलित होकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय के प्रति-कुलाधिपति डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल ने अपने जीवन की प्रेरक यात्रा साझा की। उन्होंने अपने एमबीबीएस और एमडी के छात्र जीवन की कठिनाइयों, संघर्षों और सीखों को विद्यार्थियों से साझा करते हुए कहा, विद्या ददाति विनयं, विनयाद् याति पात्रताम्। पात्रत्वात् धनमाप्नोति, धनात् धर्मं ततः सुखम्। विद्या विनम्रता देती है, यह केवल श्लोक नहीं, बल्कि एक चिकित्सक की आत्मा है। उन्होंने ऋषि वाल्मीकि और ऋषि वशिष्ठ जैसे वेदों के ज्ञाताओं का उदाहरण देते हुए बताया कि किस प्रकार आत्मबोध और सेवा भाव से वे महान बने। साथ ही उन्होंने भीष्म पितामह के छात्र जीवन का उल्लेख कर यह स्पष्ट किया कि चरित्र निर्माण और आत्मसंयम, एक चिकित्सक के लिए आवश्यक गुण हैं। वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. किरन अग्रवाल ने अपने प्रेरणास्पद अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि किस प्रकार उन्होंने एक सफल स्त्री रोग विशेषज्ञ के रूप में लंबा सफर तय किया। उन्होंने कहा, आज के युग में महिला चिकित्सकों की भूमिका सिर्फ मरीज तक सीमित नहीं है, वे प्रशासनिक, शिक्षण और अनुसंधान जैसे क्षेत्रों में भी अग्रणी हैं। वरिष्ठ चिकित्सक मेडिसिन विभाग डॉ. अदिति श्रीवास्तव ने छात्रों को जोशीली कविता आरंभ है प्रचंड, बोलो प्रतिज्ञा का गुंजन हो...सुनाकर एक नई ऊर्जा का संचार किया। कार्यक्रम के दौरान वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज के एमबीबीएस विद्यार्थियों द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता, चिकित्सा विषयक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सामुदायिक चिकित्सा विभाग की टीम ने आरएचटीसी और यूएचटीसी टीमों को हराकर जीत हासिल की। नुक्कड़ नाटक में चिकित्सकों और मरीजों के संबंधों पर प्रकाश डाला गया और बताया गया कि यह विश्वास, संवेदना और सहयोग पर आधारित संबंध है। कार्यक्रम का संचालन एमबीबीएस के छात्र आकांक्षा खुराना एवं देवांशु सिंह ने किया।

### आयोजन जारी रखने की दी प्रेरणा

इस पूरे आयोजन में सामुदायिक चिकित्सा विभाग के प्रोफेसर डॉ. इम्तेखाब आलम, सहायक-प्रोफेसर डॉ. अभिनव अग्रवाल, सहायक-प्रोफेसर डॉ. नेहा सिंह, प्रशासनिक अधिकारी ललित कुमार चौहान, समस्त चिकित्सक और एमबीबीएस के छात्र- छात्राएं आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रति-कुलाधिपति डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल एवं कुलपति डॉ. किरन अग्रवाल ने सामुदायिक चिकित्सा विभाग के इंटर्नशिप और पीजी के छात्र एवं छात्राओं भूरी-भूरी प्रशंसा की और भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन जारी रखने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा, इस प्रकार के आयोजनों से न केवल छात्रों का व्यक्तित्व विकसित होता है, बल्कि उनके भीतर सेवा का भाव और चिकित्सा के प्रति समर्पण और गहराता है।

# पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण करने का दिया संदेश

- आगांधी पार्क में नगरायुक्त ने किया वृक्षारोपण
- 1 से 7 जुलाई तक जिले में मनाया जाएगा वन महोत्सव

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



वृक्षारोपण करते नगर आयुक्त व अपर नगर आयुक्त। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** 1 से 7 जुलाई तक चलने वाले वन महोत्सव के अंतर्गत महानगर क्षेत्र के भारद्वाजी मंडी स्थित गांधी पार्क में नगरायुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

पार्षद व क्षेत्रीय लोगों ने अतिथियों का पटका पहनाकर स्वागत किया। नगर आयुक्त व पार्षद ने सभी से कम से कम एक पौधा रोपित करने व उसको नियमित पानी देने और सुरक्षा करने की अपील की जिससे शुद्ध वातावरण प्राप्त हो सके। इस मौके पर अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, पार्षद सीमा सारस्वत, सहायक अभियंता जल सुशील कुमार व अन्य क्षेत्रवासियों द्वारा चम्पा, कनेर आदि ने पौधों को रोपित किया। इसके बाद नगर आयुक्त ने वर्ष 2025-26 में शासन द्वारा प्राप्त लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूर्ण करने के लिए राईखेड़ा स्थित नगर निगम भूमि पर प्रस्तावित वृक्षारोपण के लिए चयनित भूमि का निरीक्षण किया। इस दौरान वृक्षारोपण के लिए भूमि जुताई व लेवलिंग का कार्य होता हुआ पाया गया। नगर आयुक्त ने आगामी दिनों में होने वाले वृक्षारोपण के दृष्टिगत जमीन की जुताई व लेवलिंग कार्य अतिशीघ्र पूर्ण करने और भूमि के चारों ओर कटीले तार-बाढ़ लगाए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान पार्षद पुत्र कृष्णा सारस्वत, उद्यान लिपिक अमरदीप, इमरान, अमित सारस्वत, नवीन कपूर, सुमित, राजेश सारस्वत, रामबाबू, गणेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## नव नियुक्त पदाधिकारियों का किया स्वागत

**बदायूं, अमृत विचार :** सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता के कैंप कार्यालय पर बदायूं विधानसभा में सभी मंडलों के नवनियुक्त मंडल पदाधिकारियों का फूल माला पटका पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। संचालन जिला महामंत्री सुधीर श्रीवास्तव ने किया। जिला उपाध्यक्ष, सोबरन सिंह राजपूत, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष धीरेन्द सिंह,मनोज गुप्ता, जितेंद्र साहू मंडल अध्यक्ष अजय मथुरिया, नौरंगपाल राजपूत, राघव चौहान, रामचरण पाल, युवा नेता विश्वजीत गुप्त, क्षेत्रीय मंत्री अंकित मौर्य, पंकज शर्मा, नीतेश वार्ष्णेय, आदेश आदि मौजूद रहे।

# माय भारत व गंगा समिति ने किया पौधारोपण




पौधा रोपित करते ग्रामीण व समिति के पदाधिकारी। • अमृत विचार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ जनअभियान के तहत ददरौल के प्राथमिक विद्यालय सिंधौली में माय भारत और जिला गंगा समिति ने संयुक्त रूप से वृक्षारोपण किया।इस दौरान अर्जुन, अमरूद, नीम, कदम्ब, पाकड़ आदि पौधे रोपे गए।

वृक्षारोपण संबंधी विभिन्न पोस्टर्स का भी विमोचन किया। जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया ने ग्रामवासियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए अधिक से अधिक संख्या में वृक्षारोपण के लिए आह्वान किया। जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे डॉ. विनय सक्सेना ने भी सभी को जागरूक करते हुए वृक्षारोपण अभियान के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने बताया कि वन महोत्सव प्रत्येक वर्ष 1 से 7 जुलाई तक मनाया जाएगा। इसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को लेकर आमजन को जागरूक करना है। इस मौके पर प्रमुख रूप से इंचार्ज अध्यापिका फरहा नाज, सर्वेश कुमार, सोनू निगम, रवि, सरवती, हिमांशु सक्सेना, हंसमुखी आदि मौजूद रहे।

# पिता और सौतेले भाई को कार से कुचल कर मार डाला

## जमीन को लेकर दोनों पक्षों में चल रहा था विवाद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** फरीदपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार की सुबह करीब 10:30 बजे जमीन के विवाद में युवक ने बाइक सवार अपने पिता और सौतेले भाई को कार से कुचल कर मारा डाला। वारदात के बाद आरोपी मौके पर कार छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के ग्राम अलगनी निवासी नन्हे (65) ने दो विवाह किए थे। वह अपने बेटे मिश्रयार (35) के साथ मंगलवार की सुबह करीब 10 बजे बाइक से गांव से फरीदपुर जा रहे थे। आरोप है कि पहले से मौके की तलाश में घूम रहे नन्हे की दूसरी पत्नी के बेटे मकसूद ने ढकनी खुदागंज रोड पर निकट संत कबीर डिग्री कॉलेज के पास सामने अपनी इको कार से मिश्रयार की बाइक में से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी की मिश्रयार और उनके पिता नन्हे उछल कर 20 मीटर दूर जा गिरे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मकसूद ने अपनी कार से पिता-पुत्र को दोबारा से रौंदा, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। लोगों की भीड़ आता देख आरोपी मौके पर कार छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## केदारनाथ से लौटते समय युवक की हादसे में मौत, साथी घायल

बरेली, अमृत विचार : सुभाषनगर के मढ़ीनाथ निवासी हीरालाल ने बताया कि उनका बेटा राहुल (24) अपने दोस्त अनुराग और तीन अन्य दोस्तों के साथ बाइक से केदारनाथ और बद्रीनाथ के लिए गए थे। पांचों दोस्त अपनी-अपनी बाइक से रविवार शाम 4 बजे ऋषिकेश से बरेली के लिए निकले। जिस बाइक से राहुल आ रहा था, उसे अनुराग चला रहा था। रास्ते में मीरगंज में सिंधौली चौराहा के पास रात करीब 11 बजे तेज गति से आ रहे ट्रक ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद बाइक एक ओर जाकर गिर गई, ट्रक ने राहुल को कुचल दिया, उसकी मौत हो गई।

**किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी को 10 वर्ष कैद : बरेली :** किशोरी से दुष्कर्म करने के आरोपी सीबीगंज क्षेत्र निवासी आसिफ अंसारी को कोर्ट ने परीक्षण में दोषी पाया। उसे 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

## दीवार गिरी छात्र की मौत

**बरेली/फरीदपुर, अमृत विचार :** फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव अहीर गौंटिया में देवेंद्र कच्चे मकान में रहते हैं। वह मंगलवार सुबह घर में मौजूद थे। इसी बीच तेज बारिश की वजह से अचानक एक दीवार भरभराकर गिर पड़ी। दीवार के पास में ही खेल रहा उनका 15 वर्षीय बेटा मोहित दब गया और उसकी मौत हो गई।


### कार्यालय ग्राम पंचायत सिठौली विकास खंड इस्लामनगर, बदायूं

दिनांक: 30.06.2025

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गौशाला सिठौली विकास खंड इस्लामनगर जिला बदायूं में गोबर खाद की नीलामी दिनांक 05.07.2025 को दोपहर 2 बजे पंचायत घर पर की जायेगी।

सचिव प्रधान

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती चमन बी पत्नी श्री आमिर खान निवासी वार्ड नं. 2 मो. साहूकारा कस्बा व तहसील पूरनपुर जिला पीलीभीत मेरे मुवक्किल आधार हाउसिंग फाइनेन्स लिमिटेड से जगदीश सिंह पुत्र श्री मैकूलाल निवासी ग्राम नौरंगाबाद परगना पूरनपुर तह. कलीनगर जिला पीलीभीत के एक प्लाट को खरीदने हेतु ऋण ले रही है जो कि प्लाट नम्बर एस-03 व एस-04 है जो गाटा संख्या 94 का अंश भाग है जिसका क्षेत्रफल 74.32 वर्गमीटर है स्थित ग्राम आरंगाबाद ज. पूरनपुर परगना व तहसील व जिला पीलीभीत जिसकी चौहद्दी पूरब-मुझा रोड 20 फिट चौड़ी, पश्चिम-प्लाट नम्बर एस-50, उत्तर- रास्ता 19 फिट चौड़ा, दक्षिण- प्लाट नम्बर एस-02 है, को बंधक कर ही है। उक्त ऋण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति संस्था आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस प्रकाशन के 07 दिन के भीतर अपनी आपत्ति व्यक्तिगत रूप से दस्तावेजों साक्ष्यों सहित, सामान्य कार्य दिवस की सामान्य कार्य अवधि में मेरे कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता हैं। उक्त अवधि में आपत्ति प्राप्त न होने पर यह मानते हुए कि इस विषय में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, उपरोक्त ऋण जारी कर दिया जायेगा।

**सौरभ रस्तोगी एडवोकेट**
**सिविल कोर्ट कम्पाउण्ड, पीलीभीत**
**मो. नं. 9897044367**
**ई-मेल** srastogi.lawyer@gmail.com
**सूचीबद्ध अधिवक्ता**
**आधार हाउसिंग फाइनेन्स लिमिटेड**

### कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, भुता (कुआडांडा), बरेली

पत्रांक: 688/लेखा/निविदा/क्षेत्र निधि/2025-26 **निविदा सूचना** दिनांक: 01.07.2025

एतद्द्वारा समस्त ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग जिला पंचायत, राजकीय विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि विकास खण्ड भुता (कुआडांडा), बरेली को प्राप्त विधानमण्डल क्षेत्र विकास निधि योजनान्तगत प्राप्त धनराशि से निम्न कार्य के निर्माण हेतु (आइटम रेट) पर सीलबन्द निविदायें आमंत्रित की जा रही है। निविदायें दिनांक 22.07.2025 को मध्यान्ह 12:00 बजे तक विकास खण्ड भुता (कुआंडांडा), मुख्यालय बरेली में रखे निविदा बॉक्स में नियत तिथि एवं समय तक डाली जा सकती है। जो उसी दिनांक 22.07.2025 अपरान्ह 15:00 बजे निविदादाता अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष सार्वजनिक रूप से गठित कमेटी के द्वारा खोली जायेगी।

| क्र. | कार्य का नाम | माप मी. | स्वीकृति धनराशि (जी.एस.टी. सहित लाख रूपये में) | निविदा शुल्क व जी.एस.टी. | धरोहर धनराशि | पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नगीरामपुर में महेला वरूआ रोड से गंगवार डेरी से पूरव चकमार्ग पर इण्टरलॉकिंग | 200 | 9.912 | 1500 | 20000 | 90 दिन |
| 2. | गुलडिया में गांव के दक्षिण शौचालय से कुलदीप शर्मा तक खडंजा | 440 | 9.994 | 1500 | 20000 | 90 दिन |
| 3. | ए.पी.ओ. पंचायत के कार्यालय के सामने ग्राउन्ड में इण्टरलॉकिंग | 31X21 | 9.991 | 1500 | 20000 | 90 दिन |
| 4. | महेशपुर में गांव के पूरव मढ़ी से पूरव खडंजा | 200 | 4.039 | 800 | 8078 | 90 दिन |
| 5. | भवनपुर वरूआ नवादा रोड मेजर सिंह के ट्यूववेल तक इण्टरलॉकिंग | 200 | 9.925 | 1500 | 20000 | 90 दिन |
| 6. | रावलकला में रक्षपाल सिंह के खेत से सतनाम सिंह के झाला तक खडंजा निर्माण कार्य। | 440 | 9.979 | 1500 | 20000 | 90 दिन |
| 7. | भवनपुर निमतुल्ला में रामदास फौजी के घर से आसिफ हुसैन के घर तक इण्टरलॉकिंग | 142 | 9.950 | 1500 | 20000 | 90 दिन |
| 8. | भवनपुर नियामतुल्ला में अम्बेडकर पार्क की बाउन्ड्रीवाल एवं गेट निर्माण कार्य। | 196 | 9.991 | 1500 | 20000 | 90 दिन |
| 9. | विकास खण्ड की विभिन्न स्थानों (मनकापुर, सिमरा कैशोपुर पंचायत घर पर, जी.टी.आर. कॉलेज गजनेरा पर आर.ओ. की स्थापना) | 3 | 9.977 | 1500 | 20000 | 90 दिन |
| 10. | अदीनापुर में गज्जु सिंह प्रधान के घर तक इण्टरलॉकिंग | 140 | 8.496 | 1500 | 16992 | 90 दिन |
| 11. | पदारथपुर में पंचायत घर से नाले तक खडंजा | 440 | 9.994 | 1500 | 20000 | 90 दिन |
| 12. | भगवन्तापुर में गांव से उत्तर नहर रोड तक खडंजा | 440 | 9.991 | 1500 | 20000 | 90 दिन |
| 13. | दौलतपुर में निर्मल सिंह के झाला तक खडंजा शेष भाग | 44 | 9.985 | 1500 | 20000 | 90 दिन |
| 14. | उदयपुर भीकमपुर में गांव से नहर तक खडंजा | 440 | 9.994 | 1500 | 20000 | 90 दिन |
| 15. | पटना में मुख्यमार्ग से कढ़ेराम के घर तक इण्टरलॉकिंग | 165 | 9.989 | 1500 | 20000 | 90 दिन |
| 16. | खटेली में वीरेशपाल के घर से सूरजपाल के घर तक इंटरलॉकिंग। | 150 | 9.983 | 1500 | 20000 | 90 दिन |

1. निविदा प्रपत्र का शुल्क बैंक ड्राफ्ट/डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से स्वीकार होगा जो खण्ड विकास अधिकारी, भुता (कुआंडाडा) के पक्ष में देय होगा 2. समस्त ठेकेदारों को पंजीयन प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, जी.एस.टी. रजि. एवं पैन कार्ड की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करनी होगी 3. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्दर कोई मूल्य परिवर्तन मान्य नहीं होगा। 4. निविदा को स्वीकृत करने अथवा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। 5. प्रत्येक निविदा दाता द्वारा रूपये 100/- के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र व 10/- स्टाम्प पेपर पर 90 दिन वेलिडिटी निविदा के साथ संलग्न करना होगा। 6. सार्वजनिक निर्माण कार्य में प्रयुक्त होने वाले उपखनिजों पर रायल्टी का भुगतान सुनिश्चित किये जाने विषय भूतत्व एवं खनिज कर्म अनुभाग के शासनादेश संख्या 3885/65-2015-292/2015 दिनांक 15.10.2015 का अनुपालन सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा। 7. पंजीकृत ठेकेदारों को ठेका दिये जाने के पश्चात् कभी भी संज्ञान में आता है। कि ठेकेदार सक्रिय रूप से माफिया गतिविधियों में असामाजिक कार्यो एवं संगठित आपराधिक गतिविधियों में लिप्त है। तो उस प्रदान किया गया कार्य का ठेका नोटिस जारी कर सक्षम अधिकारी द्वारा ठेका निरस्त कर दिया जायेगा। किसी भी वाद विवाद की स्थिति में जनपद न्यायालय बरेली ही मान्य होगा। 8. किसी भी वाद विवाद की स्थिति में जनपद न्यायालय बरेली ही मान्य होगा। 9. निविदा फार्म क्रय किये जाने सामग्री से सम्बन्धित दिशा निर्देश अधोहस्ताक्षरी कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, भुता (कुआडांडा) बरेली से दिनांक 02.07.2025 से दिनांक 22.07.2025 मध्यान्ह 12:00 बजे तक निविदा मूल्य बैंक ड्राफ्ट/डिमाण्ड ड्राफ्ट जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं। 10. निविदा प्रपत्र भरकर उसके साथ धरोहर की राशि का राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ.डी.आर./एन.एस.सी. जो खण्ड विकास अधिकारी, भुता (कुआडांडा) बरेली के पक्ष में बन्धक हो मोहरबन्द लिफाफे में निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न कराना अनिवार्य है तथा 5 प्रतिशत जमानत राशि की एफ.डी.आर./एन.एस.सी. जो खण्ड विकास अधिकारी, फतेहगंज (पं.) बरेली के पक्ष में बन्धक हो निविदा स्वीकृत उपरान्त अनुबन्ध के समय जमा करनी अनिवार्य होगी जो कि कार्य समाप्ति के बाद कार्य की गुणवत्ता ठीक होने पर एक वर्ष उपरानत वापस की जायेगी।

**खण्ड विकास अधिकारी, भुता (कुआडांडा), बरेली** **ब्लाक प्रमुख, भुता (कुआडांडा), बरेली**


## बरेली कालेजः 4 को जारी होगी पहली मेरिट लिस्ट

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज ने स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पहली मेरिट जारी करने की तैयारी शुरू कर दी है। प्रवेश समिति पहली मेरिट 4 जुलाई को जारी कर सकती है। मेरिट में शामिल विद्यार्थियों को दो दिन प्रवेश का मौका दिया जाएगा। मेरिट कॉलेज की वेबसाइट और नोटिस बोर्ड पर जारी की जाएगी। रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने महाविद्यालयों को 15 जुलाई तक प्रवेश सुनिश्चित कर सीट लॉक करने की तिथि तय की है। प्रवेश समिति की समन्वयक प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि मेरिट लिस्ट के आधार पर 5 और 6 जुलाई को दाखिला प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी। विद्यार्थियों को तय तारीख के भीतर दस्तावेज सत्यापन, फीस जमा करने समेत सभी प्रवेश औपचारिकताएं पूरी करनी होंगी। इसके बाद प्रथम मेरिट के लिए प्रवेश की सुविधा समाप्त कर दी जाएगी। कॉलेज प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिन छात्र-छात्राओं का नाम पहली सूची में नहीं आएगा, उन्हें घबराने की जरूरत नहीं है। सीटों के शेष रहने पर दूसरी और तीसरी मेरिट सूची भी जारी की जाएगी, लेकिन पहली सूची में चयनित छात्रों को यह मौका नहीं गंवाना चाहिए। समिति ने अभ्यर्थियों को सलाह दी है कि वे अपने सभी मूल प्रमाणपत्र, अंकपत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो आदि पहले से तैयार रखें ताकि प्रवेश के समय किसी प्रकार की दिक्कत न हो।

## रुहेलखंड विवि में कृषि, बायो इन्फॉर्मेटिक्स में प्रवेश शुरू

**बरेली, अमृत विचार :** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर स्थित कृषि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संकाय और जीवन विज्ञान संकाय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन पंजीकरण करना होगा। कृषि संकाय में चार वर्षीय बीएससी ऑनर्स कृषि पाठ्यक्रम की 120 सीटें हैं। इसमें प्रवेश के लिए योग्यता इंटरमीडिएट (कृषि विज्ञान/पीसीबी/पीसीएम/ पीसीएमबी) होना अनिवार्य है। इसका वार्षिक शुल्क 40,000 रुपये है। वहीं एमएससी कृषि एग्रोनॉमी, जेनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग और हॉर्टिकल्चर के प्रत्येक विषय में 30 सीटें है। इसके लिए वार्षिक शुल्क 50,000 रुपये है। वहीं, जीवन विज्ञान संकाय के कंप्यूटेशनल बायोलॉजी एवं बायो इन्फॉर्मेटिक्स विभाग में एमएससी बायो इन्फॉर्मेटिक्स पाठ्यक्रम शुरू किया गया है।

## पालतू कुत्ते ने दो बच्चों और पिता पर किया हमला

**बरेली, अमृत विचार :** भोजीपुरा के रूपपुर पैगा गांव में घर में खेलते समय दो बच्चों पर पालतू कुत्ते ने हमला कर दिया। बच्चों के चीखने की आवाज सुनकर पिता बचाने पहुंचे तो कुत्ते ने उनपर भी हमला कर दिया। तीनों को मंगलवार को जिला अस्पताल में एंटी रैबीज सीरम लगाई गई। फारूख ने बताया कि सोमवार को दोपहर में उनका डेढ़ वर्षीय बेटा कासिम और तीन वर्षीय बेटी माहेनूर आंगन में खेल रहे थे और पास में ही उनका पालतू कुत्ता भी सो रहा था, लेकिन अचानक बच्चे की रोने की आवाज आई तो उन्होंने कमरे से देखा कि कुत्ता बच्चों पर हमलावर है। वह तुरंत दौड़कर पहुंचे और बच्चों को बचाने लगे कि तभी कुत्ते ने उनके हाथ पर भी काट लिया। परिजन तीनों को स्थानीय सीएचसी लेकर पहुंचे। यहां वैक्सीन लगाई गई लेकिन बच्चे के गंभीर घाव होने पर एंटी रैबीज सीरम लगाने की सलाह देकर जिला अस्पताल भेजा गया। जहां तीनों को मंगलवार को एंटी रैबीज सीरम लगाया गया।

## जमा हुई फीस अब सीट लॉक होने का इंतजार

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में बीएससी गणित में प्रवेश लेने वाले छात्रों की फीस जमा करने के बाद भी सीट लॉक नहीं हो रही है। अब तक प्रवेश लेने वाले 130 विद्यार्थियों की सीट लॉक नहीं हुई है। इससे विद्यार्थी परेशान हैं, क्योंकि उन्हें आशंका है कि कहीं तकनीकी कारणों की वजह से उनका प्रवेश अटक न जाए। बरेली कॉलेज में बीएससी गणित की 880 सीटें हैं। इसके सापेक्ष अब तक करीब 700 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। पहली मेरिट सूची के बाद से ही विद्यार्थियों ने फीस जमा करना शुरू कर दिया था लेकिन सीट लॉक होने की प्रक्रिया में देरी के चलते छात्रों को न तो कोई पुष्टिकरण संदेश मिला है और न ही पोर्टल पर उनका एडमिशन स्टेट्स स्पष्ट हुआ है। छात्रों का कहना है कि फीस जमा करने के बाद भी यदि सीट लॉक नहीं होती तो आगे की प्रक्रिया जैसे डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन और कक्षा प्रारंभ होने में बाधा आ सकती है। कॉलेज प्रशासन का कहना है कि सीट लॉक की प्रक्रिया ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से होती है और यह विश्वविद्यालय स्तर पर नियंत्रित है। कभी-कभी तकनीकी कारणों से इसमें देरी हो जाती है, लेकिन सभी विद्यार्थियों की सीटें समय पर लॉक कर दी जाएंगी और उन्हें इसकी सूचना पोर्टल व एसएमएस के माध्यम से भेजी जाएगी। बरेली कालेज प्रवेश समन्वयक प्रो. वंदना शर्मा ने विद्यार्थियों को सलाह दी जा रही है कि वे घबराएं नहीं और पोर्टल पर नियमित रूप से अपनी स्थिति जांचते रहें।

## अश्लील फोटो लेने के बाद दोस्त ने किया ब्लैकमेल :

**बरेली अमृत विचार :** युवती से दोस्ती करने के बाद युवक ने उसके अश्लील फोटो खींच लिए। जब युवती की रिश्ता तय हुआ तो आरोपी फोटो वायरल करने की धमकी देने लगा और जहां रिश्ता तय हुआ है, वहां भी कॉल करके बदनाम कर रहा है। पीड़िता के भाई ने थाना बारादरी में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।


### कार्यालय ग्राम पंचायत चन्दोई विकास खंड इस्लामनगर, बदायूं

पत्रांक: निविदा/विज्ञप्ति/2025-26 **अल्पकालीन निविदा** दिनांक: 01.07.2025

समस्त सामग्री आपूर्ति यथा (सीमेंट, रेता, बजरी, बदरफुट ईट, इन्टरलाक, सरिया, एंगिल, रोडा) आदि को सूचित किया जाता है कि मनरेगा राज्य वित्त, केन्द्र वित्त, योजना (2025-26) के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से ग्राम पंचायत चन्दोई विकास खण्ड इस्लामनगर बदायूं में निम्न कार्य हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है। अत: समस्त संबंधित आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है। कि निविदा की तारीख से सामग्री की दरे बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 04-07-2025 को शाम 3:00 बजे तक जमा करना सुनिश्चित करें। व इस दिवस को 4:00 बजे प्रधान व सचिव के सामने खोली जाएंगी। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है:-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनु. धनराशि |
|---|---|---|
| 01. | आंगनबाड़ी केंद्र मरम्मत/लार्निग लैब निर्माण कार्य | प्रा. के अनु. |

प्रधान सचिव

### कार्यालय सहायक अभियन्ता चतुर्थ रूहेलखण्ड नहरखण्ड, फरीदपुर, बरेली

पत्रांकः-293/स0अ0-चतुर्थ/नीलाम/ दिनांकः-24.06.2025

नीलामी सूचना शिकार मछली ग्रेम डाम वर्ष 2025-26 एक वर्ष हेतु।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि चतुर्थ उपखण्ड फरीदपुर, रूहेलखण्ड नहर खण्ड, बरेली के अन्तर्गत ग्रेम डाम की मछली की नीलामी वर्ष 2025-26 (एक वर्ष) हेतु दिनॉक 05.07.2025 को स्थान कार्यालय, सहायक अभियन्ता चतुर्थ फरीदपुर, रूहेलखण्ड नहर खण्ड, बरेली पर समय 12:00 बजे अधोहस्ताक्षरकर्ता एंव उनके द्वारा नामित प्रतिनिधि द्वारा की जायेगी। इच्छुक खरीद्दार ग्रेम डाम की स्थिति नीलामी से पूर्व देख सकते है। नीलामी की निर्धारित धरोहर धनराशि रू0 8000.00 जमा करना अनिवार्य है। नीलामी की शर्ते किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय, सहायक अभियन्ता चतुर्थ फरीदपुर, रूहेलखण्ड नहर खण्ड, बरेली में देख सकते हैं।

UP - 235456 **दिनांक:** 30/06/2025
**विज्ञापन वेबसाइट** www.up.gov.in **पर उपलब्ध है।**

सहायक अभियन्ता चतुर्थ
रूहेलखण्ड नहरखण्ड, बरेली

### कार्यालय उप जिलाधिकारी, दातागंज (बदायूं)

पत्रांक: 243/मत्स्य आखेट/2025-26 दिनांक: 01.07.2025

**प्रेस विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या-1/2019/33/1-2-2019 (रिट)/2018 दिनांक 10.01.2019 तथा शासनादेश संख्या: 97(1)/ सत्रह-म-/1-2024 दिनांक 19.01.2024 में दिये गये प्राविधानों के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 में तहसील दातागंज (बदायूं)के क्षेत्र में बहने वाली गंगा नदी के पांच खण्डों तथा रामगंगा नदी के 10 खण्डों में मत्स्य आखेट करने हेतु नीलामी उप जिलाधिकारी दातागंज की अध्यक्षता में दिनांक 24.07.2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे तहसील सभागार दातागंज (बदायूं) में की जायेगी। खण्डों का ठेका न हो पाने की दशा में उक्त नीलामी प्रत्येक वृहस्पतिवार को होगी। इच्छुक मत्स्य जीवी सहकारी समितियां जो मत्स्य विभाग से पंजीकृत हैं उक्त नीलामी में भाग लेने हेतु आमंत्रित हैं। उक्त नीलामी शासनादेश में दी गयी शर्तो के अन्तर्गत की जायेगी। सूचनीय है कि प्रत्येक 5.00 कि.मी. के खण्ड में शिकारमाही की नीलामी हेतु न्यूनतम मूल्य रू. 56250.00 मत्स्य आखेट समिति दातागंज के द्वारा निर्धारित किया गया है। विस्तृत जानकारी एवं शर्तो के लिये कार्यालय मत्स्य पालक विकास अभिकरण, कमरा नं.-325, विकास भवन बदायूं (मो. नं. 9454358880) में किसी भी कार्यालय दिवस में सम्पर्क कर सकते हैं।

**मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य/**
**सचिव, मत्स्य आखेट समिति, तहसील दातागंज**
**जनपद-बदायूं**

### कार्यालय उप जिलाधिकारी, सहसवान (बदायूं)

पत्रांक: 242/मत्स्य आखेट/2025-26 दिनांक: 01.07.2025

**प्रेस विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या-1/2019/33/1-2-2019 (रिट)/2018 दिनांक 10.01.2019 तथा शासनादेश संख्या: 97(1)/ सत्रह-म-/1-2024 दिनांक 19.01.2024 में दिये गये प्राविधानों के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 में तहसील सहसवान (बदायूं) के क्षेत्र में बहने वाली गंगा नदी के 2 खण्डों में मत्स्य आखेट करने हेतु नीलामी उप जिलाधिकारी सहसवान (बदायूं) की अध्यक्षता में दिनांक 22.07.2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे तहसील सभागार सहसवान (बदायूं) में की जायेगी। खण्डों का ठेका न हो पाने की दशा में उक्त नीलामी प्रत्येक मंगलवार को होगी। इच्छुक मत्स्य जीवी सहकारी समितियां जो मत्स्य विभाग से पंजीकृत हैं उक्त नीलामी में भाग लेने हेतु आमंत्रित हैं। उक्त नीलामी शासनादेश में दी गयी शर्तो के अन्तर्गत की जायेगी। सूचनीय है कि प्रत्येक 5.00 कि.मी. के खण्ड में शिकारमाही की नीलामी हेतु न्यूनतम मूल्य रू. 56250.00 मत्स्य आखेट समिति सहसवान के द्वारा निर्धारित किया गया है। विस्तृत जानकारी एवं शर्तो के लिये कार्यालय मत्स्य पालक विकास अभिकरण, कमरा नं.-325, विकास भवन बदायूं (मो. नं. 9454358880) में किसी भी कार्यालय दिवस में सम्पर्क कर सकते हैं।

**मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य/**
**सचिव, मत्स्य आखेट समिति, तहसील सहसवान**
**जनपद-बदायूं**

### कार्यालय नगर पालिका परिषद सुलतानपुर

पत्रांक : 225/न0पा0परि0सुल0/2025-26 दिनांक - 30-06-2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त आयोग/पालिका निधि के अन्तर्गत निम्न निर्माण कार्य कराये जाने हेतु ठेकेदारों/फर्मो से दिनांक-15-7-25को सायं 3:00 बजे तक सील बन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिन ठेकेदारों की उपस्थिति अथवा अनुपस्थिति में 3.30 बजे नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के सभाकक्ष में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य का भुगतान कर नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के निर्माण विभाग कार्यालय में दिनांक 14-7-25 तक प्राप्त किये जा सकते है। निविदा के साथ धरोहर धनराशि एन0एस0सी0/डी0डी0आर0/एफ0डी0आर0 जो अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के पक्ष में बन्धक हो, जमा करना अनिवार्य होगा। बिना धरोहर धनराशि के किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा प्रपत्र पर साफ-साफ शब्दों एवं अंको में कार्य की कुल लागत पर प्रतिशत दर ठेकेदार के स्वयं के हस्ताक्षर सहित अंकित किया हुआ ही मान्य होगा। कार्य प्रत्येक दशा में निर्धारित अवधि में पूर्ण करना होगा, अन्यथा बिना नोटिस दिये जमानत धनराशि जब्त करते हुए ठेका निरस्त कर दिया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताएं निरस्त किये जाने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। कार्य के सम्बन्ध में अन्य जानकारियॉ किसी भी कार्यालय दिवस में पालिका के निर्माण विभाग से प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 | कार्य का नाम | आगणन धनराशि | आगणन धनराशि (लाख में) जी0एस0टी सहित | धरोहर धनराशि | टेण्डर प्रपत्र का मूल्य + जी0एस0टी सहित | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड गभड़िया में कब्रिस्तान के पास पुलिया निर्माण कार्य। | 3,17,343.00 | 3,74,465.00 | 31,700.00 | 500+90 | 01 माह |
| 2 | नगर पालिका परिषद सुलतानपुर परिसर में स्थित अवर अभियन्ता के पास व कर अधीक्षक के आवास की मरम्मत एवं रंगाई पुताई का कार्य। | 2,80,347.00 | 3,30,811.00 | 28000.00 | 500+90 | 01 माह |
| 3 | वार्ड शास्त्रीनगर में रमेश जायसवाल के बाउण्ड्रीवाल से भरत जी सोनी के मकान तक इंटरलाकिंग सड़क व कबर्ड नाली निर्माण कार्य। | 3,67,216.00 | 4,33,316.00 | 36,700.00 | 500+90 | 01 माह |
| 4 | वार्ड सिविल लाइन में सचिन शुक्ला के घर से चन्द्रशेखर शुक्ला के घर तक नाली व इंटरलाकिंग रोड निर्माण कार्य। | 2,14,229.00 | 2,52,791.00 | 21,400.00 | 500+90 | 01 माह |
| 5 | नगर पालिका परिषद सुलतानपुर में डूडा कार्यालय की रंगाई पुताई एवं मरम्मत कार्य। | 4,28,730.00 | 5,05,900.00 | 42,900.00 | 500+90 | 01 माह |
| 6 | वन विभाग पुलिया से अच्छेलाल के घर तक आर0सी0सी0 नाला के अवशेष भाग का निर्माण कार्य। | 2,88,148.00 | 3,40,015.00 | 28,800.00 | 500+90 | 01 माह |
| 7 | वार्ड घासीगंज में अलका मिश्रा के मकान से बजरंग बहादुर के घर तक इं0ला0 सड़क व कबर्ड नाली निर्माण कार्य। | 2,48,795.00 | 2,93,578.00 | 24,900.00 | 500+90 | 01 माह |
| 8 | वार्ड गभड़िया में लोकनाथ वर्मा की दुकान से सोनी के मकान तक इंटरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 4,37,069.00 | 5,15,742.00 | 43,700.00 | 500+90 | 01 माह |
| 9 | वार्ड सिविल लाइन में गोपालदास पुल के पास पुलिया निर्माण कार्य। | 3,20,581.00 | 3,78,285.00 | 32,000.00 | 500+90 | 01 माह |
| 10 | वार्ड सिविल लाइन में गोपालदास पुल के पास सीढ़ी निर्माण कार्य। | 8,39,855.00 | 9,91,029.00 | 84,000.00 | 800+144 | 01 माह |

(लाल चन्द्र सरोज)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
सुलतानपुर

(प्रवीन कुमार अग्रवाल)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
सुलतानपुर

## एक नजर

### ऊर्जा निगमों के निजीकरण के विरोध में राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** ऊर्जा निगमों के निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मी 2 जुलाई को राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन करेंगे। राजधानी समेत प्रदेश भर में जिला व परियोजना मुख्यालयों पर विरोध सभा होगी, जबकि पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत 9 जुलाई को सांकेतिक हड़ताल की जाएगी। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने बताया कि विरोध प्रदर्शन में प्रदेश में एक लाख बिजली कर्मी सड़क पर उतरेंगे। निजीकरण का टेंडर होने पर जेल भरो आंदोलन को धार देने के लिए मंगलवार को संघर्ष समिति व जूनियर इंजीनियर्स संगठन के केंद्रीय पदाधिकारियों ने कानपुर, केस्को और पनकी ताप बिजलीघर में आम सभा की।

### 100 से अधिक श्रमिकों वाले कारखानों की बढ़ी संख्या

**अमृत विचार, लखनऊ :** श्रम एवं सेवायोजन विभाग द्वारा जारी की गई ताजा के परफारमेंस इंडिकेटर (केपीआई) रिपोर्ट में साफ हो गया है कि यूपी में निवेश व उद्यमिता को नया आयाम मिल रहा है। 100 से अधिक श्रमिकों वाले कारखानों की संख्या बढ़ी है। कई क्षेत्रों में लक्ष्य से अधिक उपलब्धियां हासिल हुई हैं। श्रमायुक्त संगठन उत्तर प्रदेश से संबंधित केपीआई-1 में वित्तीय वर्ष 2024-25 के आंकड़ों के अनुसार, पंजीकृत कारखानों की संख्या का लक्ष्य 3600 था, जिसके सापेक्ष 3644 कारखानों का पंजीकरण हुआ है, जो 101.22 फीसदी उपलब्धि को दर्शाता है।

# शिक्षा ही सशक्तीकरण का सबसे प्रभावी माध्यम : राष्ट्रपति

## द्रौपदी मुर्मु ने महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अकादमिक भवन, प्रेक्षागृह व पंचकर्म सेंटर का किया लोकार्पण, महिला छात्रावास का भी शिलान्यास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अकादमिक भवन, प्रेक्षागृह व पंचकर्म सेंटर का लोकार्पण तथा महिला छात्रावास का शिलान्यास किया। राष्ट्रपति ने वन महोत्सव के तहत यहां भी रुद्राक्ष का पौधा रोपा, फिर प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि नए महिला छात्रावास का शिलान्यास कर सबसे अधिक खुशी हो रही है। शिक्षा ही सशक्तीकरण का सबसे प्रभावी माध्यम है, इसलिए यह कदम नारी सशक्तिकरण की दिशा में अमूल्य पहल है।

राष्ट्रपति ने महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की सराहना की। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप के आदर्शों से प्रेरित सभी संस्थानों में राष्ट्र सर्वोपरि की भावना प्रसारित होती है। लगभग 700 वर्ष पहले महाराणा प्रताप ने राष्ट्रगौरव के लिए त्याग और पराक्रम का जो आदर्श प्रस्तुत किया था, वह देशवासियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा। आशा जताई कि इस विश्वविद्यालय के सभी विद्यार्थी प्रोफेशनल एजुकेशन पर आधारित उत्कृष्टता प्राप्त करने के साथ-साथ आध्यात्मिकता तथा राष्ट्रप्रेम के आदर्शों को अपने आचरण में ढालेंगे। कहा कि नए पंचकर्म केंद्र से अधिकाधिक लोग लाभान्वित हो पाएंगे।

कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री व कुलाधिपति योगी आदित्यनाथ, कैबिनेट मंत्री सूर्यप्रताप शाही, स्वतंत्र देव सिंह, डॉ. संजय निषाद, कुलपति डॉ. सुरेंद्र सिंह, गैलेंट फाउंडेशन के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



गोरखपुर में महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अकादमिक भवन, प्रेक्षागृह व पंचकर्म सेंटर का लोकार्पण करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, साथ में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### देश के लिए प्रेरक उदाहरण है एमजीयूजी : राज्यपाल

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने एमजीयूजी की चार साल से भी कम समय की उत्कृष्ट प्रगति की मुक्त कंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि नाथपंथ के प्रवर्तक की तपोभूमि पर यह विश्वविद्यालय शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा का संगम बनकर उभर रहा है। यह विश्वविद्यालय केवल पारंपरिक चिकित्सा क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि आधुनिक विधाओं के क्षेत्र में भी कार्य कर रहा है। यह पूरे देश के लिए प्रेरणा की बात है।

### सेवा भावना को साकार कर रहा एमजीयूजी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि महाराणा प्रताप (एमपी) शिक्षा परिषद की संस्थाएं अपने संस्थापकों की भावनाओं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप राष्ट्र प्रथम के भाव से सेवा कार्य कर रहीं हैं। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय भी परिषद की इसी भावना को उच्च शिक्षा और चिकित्सा के सेवा क्षेत्र में साकार कर रही है। उन्होंने कहा कि 1932 में युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी ने शैक्षिक रूप से इस पिछड़े क्षेत्र में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की स्थापना की थी। आजादी के बाद पहला विश्वविद्यालय स्थापित करने में इसी शिक्षा परिषद का योगदान रहा। आज महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की 52 से अधिक संस्थाएं शिक्षा, स्वास्थ्य और लोक कल्याण के क्षेत्र में राष्ट्र प्रथम की सेवा भावना को साकार कर रहीं हैं।

## 'एक गांव-एक औषधीय पौधा' की शुरुआत करें : राज्यपाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने किसानों से 'एक गांव-एक औषधीय पौधा' अभियान की शुरुआत करने की अपील करते हुए कहा कि आयुष विश्वविद्यालय के आसपास के गांवों के किसान औषधीय पौधों की खेती कर कमाई कर सकते हैं। सुझाव दिया कि एक गांव में एक तरह के औषधीय पौधे लगाए जाएं तो दूसरे गांव में दूसरे तरह के।

महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण समारोह में राज्यपाल ने अपील की कि आंगनबाड़ी केंद्रों के जरिये होम्योपैथ और आयुर्वेद की हानिरहित दवाएं लोगों तक पहुंचाई जाए। इसमें डॉक्टरों, समाजसेवियों और जनप्रतिनिधियों को भी बड़ी भूमिका निभानी होगी। आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण समारोह को आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर मिश्र दयालु ने भी संबोधित किया। स्वागत संबोधन आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो के. रामचंद्र रेड्डी ने किया। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, मत्स्य विभाग के मंत्री संजय निषाद, सांसद रविकिशन शुक्ल, स्थानीय विधायक महेंद्रपाल सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि, गणमान्यजन और बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### आयुष विवि हेल्थ टूरिज्म का नया डेस्टिनेशन : योगी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण समारोह मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और अति विशिष्ट अतिथि राज्यपाल आनंदी बेन पटेल का स्वागत करते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय हेल्थ टूरिज्म का नया डेस्टिनेशन बनेगा।

योगी ने कहा कि नवनाथ और चौरासी सिद्धों की परंपरा से आयुर्वेद का रस शास्त्र जुड़ा है। उन्होंने कहा कि 2014 के पूर्व भारत की आरोग्यता की प्राचीन पद्धतियों, सुविधाओं को वैश्विक मान्यता नहीं मिल पाई थी। 2014 में प्रधानमंत्री बनने पर नरेंद्र मोदी ने आयुर्वेद, योग, यूनानी, होम्योपैथ, नेचुरोपैथी, सिद्धा को मिलाकर आयुष मंत्रालय बनाया और परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों को नया मंच दिया।

महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय पीएम मोदी की प्रेरणा से सम्पूर्ण आरोग्यता के लिए बनाया गया उत्तर प्रदेश का पहला आयुष विश्वविद्यालय है। लोकार्पण के साथ अब इस विश्वविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया भी आगे बढ़ेगी। लोगों को आयुर्वेद, होम्योपैथ, यूनानी, योग, नेचुरोपैथी, सिद्धा आदि विधाओं की चिकित्सा सेवा का लाभ मिलेगा। यह विश्वविद्यालय आयुष के क्षेत्र में रिसर्च एंड डेवलपमेंट के बड़े केंद्र के रूप में भी आगे बढ़ेगा।

### राष्ट्रपति ने की वन महोत्सव की शुरुआत

देश की प्रथम नागरिक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने पहली से सात जुलाई तक चलने वाले 'वन महोत्सव-2025' की मंगलवार को शुरुआत की। उन्होंने महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण समारोह में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत रुद्राक्ष का पौधा लगाया। राष्ट्रपति ने पौधों के संरक्षण पर भी जोर दिया। राष्ट्रपति ने यहां जनप्रतिनिधियों से परिचय प्राप्त किया, फिर प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

# नहीं रुकेगी बिटिया की पढ़ाई, योगी ने दिया भरोसा

## गोरखपुर में आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री से मिलने आई पंखुड़ी ने कहा- फीस देने में हो रही दिक्कत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** कक्षा-7 की छात्रा पंखुड़ी त्रिपाठी के लिए नए शैक्षिक सत्र का पहला दिन यादगार बन गया। फीस न दे पाने की स्थिति में इस बिटिया की पढ़ाई छूटने की नौबत आ गई थी, लेकिन मंगलवार को जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात होते ही सभी बाधाएं दूर हो गईं। मुख्यमंत्री ने पंखुड़ी को भरोसा दिया कि उसकी पढ़ाई नहीं रुकेगी। वह या तो फीस माफ करवाएंगे या फिर फीस की खुद व्यवस्था कराएंगे। यही नहीं, मुख्यमंत्री योगी ने साथ फोटो खिंचाने की उसकी इच्छा भी पूरी की।

- मुख्यमंत्री ने कहा- खूब पढ़ो बिटिया, फीस की व्यवस्था हम करेंगे

गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुन रहे थे। समस्याओं के निस्तारण के लिए अफसरों को निर्देशित कर रहे थे। मुलाकात करने वाले लोगों की कतार में कक्षा-7 में पढ़ने वाली कोतवाली इलाके के पुरदिलपुर की रहने वाली बच्ची पंखुड़ी त्रिपाठी भी बैठी थी। मुख्यमंत्री जब पंखुड़ी के पास पहुंचे तो उन्हें प्रार्थना पत्र देते हुए पंखुड़ी बोल पड़ी। महाराज जी, मैं पढ़ना चाहती हूं, फीस माफ करवा दीजिए या फीस का इंतजाम करा दीजिए। मुख्यमंत्री रुक गए और आत्मीयता से संवाद कर पंखुड़ी की सारी परेशानी जानी। पंखुड़ी ने बताया कि वह एक इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ती है। पिता राजीव त्रिपाठी के दिव्यांग हो जाने से परिवार आर्थिक रूप से काफी कमजोर हो गया है। मां मीनाक्षी एक शॉप पर नौकरी कर रही हैं। उसके अलावा कक्षा-12 में पढ़ने वाला भाई भी है। पंखुड़ी ने बताया कि फीस न जमा कर पाने के कारण आज वह स्कूल जाने की बजाय मुख्यमंत्री के पास मदद की गुहार लेकर आई है।



गोरखपुर में जनता दर्शन के दौरान छात्रा पंखुड़ी से संवाद करते मुख्यमंत्री योगी।

इसे लेकर उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि फीस के अभाव में पंखुड़ी की पढ़ाई रुकनी नहीं चाहिए। मुख्यमंत्री से भरोसा मिलते ही प्रफुल्लित पंखुड़ी ने उनके साथ फोटो खिंचाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने उसकी इस ख्वाहिश को भी पूरा कर दिया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को जनता दर्शन दौरान करीब 100 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को संबंधित मामलों के निस्तारण के निर्देश देते हुए कहा कि जनता की हर पीड़ा का निवारण सरकार की प्राथमिकता है।

# दिव्यांगों को नगर निकायों की दुकानों में मिलेगा आरक्षण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सरकार ने नगर निगमों और नगर पंचायतों में बनने वाली दुकानों और कीयोस्क में दिव्यांगजनों के लिए आरक्षण लागू करने का फैसला लिया है। इस पहल के तहत नगर निगम और सूडा (राज्य शहरी विकास प्राधिकरण) को निर्देश दिए गए हैं कि वे पुनर्वास योजना के तहत दुकानों का आवंटन प्राथमिकता से दिव्यांगजनों को करें।

- पुनर्वास योजना के तहत दिव्यांगजनों को मिलेगा दुकान संचालन का मौका

दिव्यांगजन सशक्तिकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने मंगलवार को विधानसभा में अपने कार्यालय में नगर निगम और सूडा के अधिकारियों के साथ बैठक कर इस योजना को जमीन पर उतारने के दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि दुकानों और कीयोस्क का आवंटन निर्धारित आरक्षण नीति के तहत किया जाए और इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार कर पात्र दिव्यांगजनों तक जानकारी पहुंचाई जाए।

मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने बैठक में जोर देकर कहा कि नगर निगम और दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग संयुक्त रूप से एक नई योजना का प्रस्ताव तैयार करें, जिसके तहत शहरों में दिव्यांगजनों के लिए विशेष रूप से दुकानें बनाई जाएं और उन्हें संचालन का अवसर प्रदान किया जाए। मंत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में दुकान निर्माण एवं संचालन योजना के तहत 1318 लाभार्थियों के लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 199 दिव्यांगजनों को 19.90 लाख रुपये व्यय कर लाभान्वित किया जा चुका है।



लखनऊ में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पोर्टल की शुरुआत करते सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक विशाल सिंह, साथ में अन्य अधिकारी।

## सूचना निदेशालय में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पोर्टल की शुरुआत

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक विशाल सिंह ने मंगलवार को पं. दीनदयाल सूचना परिसर के मीटिंग हॉल में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पोर्टल की शुरुआत की। यहां उन्होंने कहा कि इस नई पहल से न केवल प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी बल्कि समय की भी बचत होगी तथा विभागीय कार्यों में दक्षता और गति आएगी। इस मौके पर विभाग के वरिष्ठ वित्त एवं लेखा अधिकारी संजय कुमार सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# दुग्ध उपार्जन में 40 प्रतिशत की वृद्धि

## मंत्री धर्मपाल सिंह ने दुग्ध समितियों के गठन की समीक्षा कर दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में बीते जून महीने में दुग्ध उपार्जन प्रतिदिन 3.57 एलकेजीपीडी के साथ बीते वर्ष की तुलना में 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। औसत तरल दुग्ध विक्रय प्रतिदिन 1.86 एलएलपीडी रहा है। दुग्ध संघ द्वारा 6295 दुग्ध समितियों में भ्रमण कर उत्पादन क्षमताओं और व्यवस्था की प्रगति की समीक्षा की गई।

पशुधन एवं दुग्ध विकास धर्मपाल सिंह ने राज्य में दुग्ध उत्पादन की स्थिति साझा करते हुए मंगलवार को यहां विधानसभा स्थित अपने कार्यालय कक्ष में दुग्ध समितियों के गठन की समीक्षा की। अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुरानी समितियां बंद न होने पाएं, अक्रियाशील समितियों को क्रियाशील किया जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों द्वारा दुग्ध समितियों का भ्रमण एवं अनुश्रवण निरंतर किया जाए और निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। जहां कहीं कोई कमी या समस्या हो उसका निराकरण किया जाए और शासन को अवगत कराया जाए। दुग्ध मूल्य का भुगतान समय पर कराया जाए। किसानों एवं पशुपालकों का हित राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

बैठक में दुग्ध विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमित कुमार घोष पीसीडीएफ के प्रबंध निदेशक वैभव श्रीवास्तव, विशेष सचिव, दुग्ध विकास, रामसहाय यादव, दुग्ध आयुक्त राकेश कुमार मिश्र, पीसीडीएफ के अधिकारी तथा शासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### पराग के उत्पादों की आकर्षक पैकेजिंग पर दें ध्यान

धर्मपाल सिंह ने कहा है कि पराग के उत्पादों की आकर्षक पैकेजिंग पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाए और उत्पादों की गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए। पराग के उत्पाद उपभोक्ताओं को आसानी से उपलब्ध हो सकें। पराग की मार्केटिंग एवं ब्रांडिंग को बेहतर किया जाए और इसके लिए मार्केटिंग के विशेषज्ञों का सहयोग लिया जाए। किसानों एवं पशुपालकों के लिए समय-समय पर विशेष रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जाएं, ताकि उनको दुग्ध क्षेत्र में हो रहे नवीन शोधों एवं तकनीकों की जानकारी हो सके और दुग्ध उत्पादन में वृद्धि हो।

### शिक्षकों की नियुक्ति में एनएफएस व्यवस्था खत्म करने का उच्च शिक्षा मंत्री से आग्रह

**अमृत विचार, लखनऊ :** उच्च शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया में व्याप्त 'नॉट फाउंड सूटेबल' (एनएफएस) की व्यवस्था पर समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने चिंता जताई है। इस संबंध में उन्होंने मंगलवार को उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय से मुलाकात कर नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा एनएफएस व्यवस्था को समाप्त करने का आग्रह किया। इस दौरान डॉ. रवि प्रकाश, प्रो. एसएस गौरव, प्रो. एके भारतीय, प्रो. नितिन गर्ग भी मौजूद रहे। इस दौरान असीम अरुण ने कहा कि बड़ी संख्या में योग्य अभ्यर्थियों को बिना स्पष्ट कारण एनएफएस घोषित कर दिया जाता है, जिससे आरक्षित वर्गों के प्रतिभाशाली अभ्यर्थी चयन से वंचित हो रहे हैं।

### वर्ग पहेली-19

**बाएं से दाएं**

1. जिसकी आयु सबसे अधिक हो।
3. 1. अवतार ग्रहण करने वाला 2. अवतार या अवतार-ग्रहण से संबंधित 3. ईश्वर या किसी देवता के अवतार के रूप में जिसकी प्रसिद्धि हो 4. अवतार की तरह का चमत्कारी अथवा प्रभाव रखने वाला।
4. बलि देने की जगह, वह स्थल जहां पूजा या यज्ञ आदि में पशु की बलि दी जाती है।
6. रास्ते में पड़ने वाला उतार, ढाल।
7. आँख की पलक के ऊपर होने वाली फुंसी, बिलनी।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. प्रकट, स्पष्ट 2. खुला हुआ।
3. जहां प्रकाश न किया गया हो, अंधेरा
4. वन या जंगल में उपजने वाले पेड़-पौधों के फूल।
5. देवताओं का राजा, इंद्र।
6. 1. हिमालय की पुत्री, पार्वती, गौरी, शिव की पत्नी 2. कांति, शोभा।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | ■ | ■ | ■ | 2 |
| ■ | ■ | ■ | 3 | | | |
| 4 | | | | ■ | ■ | |
| | ■ | ■ | | ■ | 5 | ■ |
| | ■ | 6 | | | | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 7 | | | |

### वर्ग पहेली -18 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | 1 अ | नि | य | मि | 2 त |
| 3 आ | जा | नु | ■ | ■ | ■ | र |
| ■ | ■ | बो | ■ | 4 ता | ■ | फ़ |
| 5 सं | बं | ध | यो | ज | क | ■ |
| व | ■ | क | ■ | दा | ■ | ■ |
| ह | ■ | ■ | ■ | 6 र | 7 का | बी |
| न | ■ | 8 छाँ | द | ■ | ठा | ■ |

### सुडोकू -26

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | | | 7 | | 1 |
| | 3 | | | 1 | | | | 8 |
| | | 5 | | 9 | | 6 | 3 | |
| 3 | | | 8 | | | | 7 | |
| 5 | 2 | | | | | | 6 | 9 |
| | 4 | | | | 1 | | | 3 |
| | 1 | 2 | | 4 | | 3 | | |
| 4 | | | | 6 | | | 2 | |
| 7 | | 9 | | | | 5 | | 4 |

### सुडोकू - 25 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 2 | 3 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 4 | 5 | 7 | 3 | 6 | 1 | 2 |
| 6 | 1 | 5 | 2 | 8 | 9 | 4 | 3 | 7 |
| 4 | 7 | 9 | 6 | 5 | 2 | 1 | 8 | 3 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 4 | 1 | 9 | 7 | 6 |
| 3 | 6 | 1 | 7 | 9 | 8 | 2 | 5 | 4 |
| 5 | 9 | 8 | 4 | 3 | 6 | 7 | 2 | 1 |
| 1 | 4 | 7 | 9 | 2 | 5 | 3 | 6 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 8 | 1 | 7 | 5 | 4 | 9 |

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 2 जुलाई, बुधवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, सप्तमी-11.58 तक तत्पश्चात अष्टमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- उत्तर ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराफाल्गुनी 11.07 तक तत्पश्चात हस्त।

**मेष** — आज आपके व्यक्तित्व में तीव्र आकर्षण रहेगा। इसके कारण आप लोकप्रिय रहेंगे। खर्च करने से पहले बजट का ध्यान अवश्य रखें। गले में खराश और बुखार जैसी समस्या हो सकती है। अनुसंधान संबंधी कार्यों में सफलता मिल सकती है।

**वृष** — आज कार्यक्षेत्र में आप काफी व्यस्त रहेंगे। प्रेम संबंधों में कुछ अनबन हो सकती है। लोग आपकी बातों को काफी गंभीरता से लेंगे। बुद्धिमान लोगों से मुलाकात हो सकती है। शाम को मित्रों के साथ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

**मिथुन** — आज नई योजनाओं में सफलता देर से मिलेगी। मानसिक स्थिति नकारात्मक हो सकती है। व्यर्थ में अपने शुभचिन्तकों पर संदेह न करें। अधिक भागदौड़ से आपको बचना चाहिए। धन को लेकर समस्यायें उत्पन्न हो सकती हैं। आलस्य में अपना समय व्यर्थ न करें।

**कर्क** — आज कारोबारी यात्राओं से आपको लाभ मिलेगा। दूसरों की बातों में आकर अपना समय व्यर्थ न करें। रचनात्मक गतिविधियों में सुखद समय बीतेगा। वैवाहिक जीवन में मधुरता बनी रहेगी। परिवार में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन के अवसर मिलेंगे।

**सिंह** — आज नए व्यावसायिक संपर्क विकसित होने के योग बन रहे हैं। आपके विनम्र व्यवहार से विपरीत लिंगी लोग आपसे आकर्षित रहेंगे। डिजाइनिंग का कोर्स कर रहे छात्रों को नई जॉब मिल सकती है। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें। घर में कुछ रिश्तेदार आ सकते हैं।

**कन्या** — आज आपके कारोबार में निवेश करने के लिए बाहरी निवेशक आ सकते हैं। रुके हुए कार्य दोबारा से शुरू होंगे। छात्र पढ़ाई में बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। बेरोजगार लोगों को नई नौकरी मिल सकती है। किसी मांगलिक उत्सव में आप सम्मिलित हो सकते हैं।

**तुला** — आज कार्यक्षेत्र को लेकर मन में उत्साह की कमी देखने को मिलेगी। नजदीकी लोगों के साथ आपके रिश्ते प्रभावित हो सकते हैं। आज आपको धैर्य और संयम के साथ अपने काम पर ध्यान देना चाहिए। दूसरों की सलाह पर अधिक ध्यान न दें।

**वृश्चिक** — आज कार्यक्षेत्र में आपको पदोन्नति प्राप्त हो सकती है। संतान के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी। जीवनसाथी और बच्चों से आपको प्रेम और सम्मान दोनों ही प्राप्त होगा। आपके विचारों से लोग प्रभावित रहेंगे। सरकारी मामलों में आपको सफलता मिल सकती है।

**धनु** — आज परिवार में उत्सव का वातावरण रहेगा। लक्ष्य प्राप्ति के लिए दृढ़ संकल्पित रहेंगे। सहकर्मियों की तुलना में आपका प्रदर्शन विशेष और उत्कृष्ट हो सकता है। किसी बहूमूल्य वस्तु को खरीद सकते हैं। कच्चे माल के आयात-निर्यात में उत्तम धन लाभ हो सकता है।

**मकर** — आज आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। माता-पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। निजी समस्याओं का निराकरण होगा। कुछ कठिन काम आसानी से अचानक बनने से मन प्रसन्न होगा। गैस और एसिडिटी की समस्या हो सकती है। समाज में आपकी प्रशंसा होगी।

**कुंभ** — आज पारिवारिक आयोजन किसी कारणवश टल सकते हैं। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। किसी के उकसावे में आकर काम न करें। अन्य दिनों की अपेक्षा दिन कुछ कमजोर रहेगा। ऑफिस में अधीनस्थ कर्मचारियों पर नाराज हो सकते हैं।

**मीन** — आज आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। कोई भी बड़ा काम शुरू करने से पहले बड़ों की राय अवश्य लें। भोग-विलास का भरपूर आनन्द उठायेंगे। आपका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा। व्यवसाय में सारी परिस्थितियां आपके अनुकूल रहने वाली हैं।

# जीएसटी का जोर कारोबार सुगमता बढ़ाने पर

## वित्त मंत्रालय ने आठ साल पूरे होने पर रिपोर्ट कार्ड किया जारी, कहा- व्यापक आर्थिक समावेश पर होगा फोकस

**नई दिल्ली, एजेंसी**



वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि आठ साल पूरे कर चुके माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का जोर अब कारोबार को सुगम बनाने, मजबूत अनुपालन सुनिश्चित करने और व्यापक आर्थिक समावेश को बढ़ावा देने पर होगा। कुल 17 करों और 13 उपकरों को शामिल कर एक जुलाई, 2017 से लागू जीएसटी ने अनुपालन को सरल और कर प्रणालियों को डिजिटल बनाकर एक निर्बाध राष्ट्रीय बाजार बनाने में मदद की है। साथ ही इसने करदाता आधार का भी विस्तार किया है और सहकारी संघवाद को मजबूत किया है।

वित्त मंत्रालय ने जीएसटी के आठ साल पूरे होने पर रिपोर्ट कार्ड जारी करते हुए कहा, माल एवं सेवा कर अपने नौवें साल में प्रवेश कर रहा है। यह कारोबार को सरल बनाने के साथ मजबूत अनुपालन और व्यापक आर्थिक समावेश को प्राथमिकता देते हुए विकसित हो रहा है। इससे भारत की आर्थिक प्रगति को आगे बढ़ाने में इसकी भूमिका मजबूत हो रही है। संचालन के पहले वर्ष (नौ महीने) में सकल जीएसटी संग्रह 7.40 लाख करोड़ रुपये था। पिछले कुछ वर्षों में इसमें तेजी से वृद्धि हुई है। वित्त वर्ष 2024-25 में सकल जीएसटी संग्रह रिकॉर्ड 22.08 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जो सालाना आधार पर 9.4 प्रतिशत की वृद्धि है। यह वृद्धि अर्थव्यवस्था के संगठित होने और बेहतर कर अनुपालन को दर्शाती है। सालाना जीएसटी राजस्व लगभग तीन गुना हो गया है।

यह वित्त वर्ष 2017-18 के सात लाख करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 22 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। लगातार दहाई अंक की वृद्धि न केवल एक मजबूत अर्थव्यवस्था का संकेत देती है, बल्कि बेहतर अनुपालन, कम कर चोरी और कम करदाता बोझ के साथ एक परिपक्व, प्रौद्योगिकी-संचालित कर परिवेश का संकेत भी देती है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि भारत का जीएसटी संग्रह अप्रैल, 2025 में 2.37 लाख करोड़ रुपये के अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। मई, 2025 तक 162 करोड़ से अधिक जीएसटी रिटर्न दाखिल किए गए हैं। यह केवल आठ वर्षों में एक सुव्यवस्थित, डिजिटल-प्रथम कर प्रणाली अपनाने और बढ़ते भरोसे को बताता है। जीएसटी ने अप्रत्यक्ष करों को मानकीकृत स्लैब (0 प्रतिशत, 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत) और निर्बाध पंजीकरण, जीएसटीएन के साथ सरलीकृत व्यवस्था में एकीकृत किया है।

### बिजली की खपत घटकर 150 अरब यूनिट पर

**नई दिल्ली।** देश में बिजली की खपत जून में सालाना आधार पर 1.5 प्रतिशत घटकर 150.04 अरब यूनिट रही। इसका मुख्य कारण मानसून के जल्दी आने के साथ घरों, दफ्तरों को ठंडा रखने वाले एसी, कूलर जैसे उपकरणों का कम उपयोग है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, बीते वर्ष जून में बिजली की खपत 152.37 अरब यूनिट रही थी। विशेषज्ञों का मानना है कि मानसून के जल्दी आने से जून में बिजली की खपत के साथ-साथ मांग भी प्रभावित हुई है। जून में एक दिन में सबसे अधिक आपूर्ति (अधिकतम मांग को पूरा करने के लिए की गयी आपूर्ति) भी पिछले महीने घटकर लगभग 242.49 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) रह गई, जो जून, 2024 में लगभग 244.52 गीगावट थी।

## गोल्ड कमोडिटी : सुरक्षित और लोकप्रिय विकल्प

गोल्ड कमोडिटी निवेश का एक सुरक्षित और लोकप्रिय विकल्प माना जाता है। यह न सिर्फ मुद्रास्फीति और बाजार अस्थिरता से सुरक्षा प्रदान करता है, बल्कि दीर्घकालिक पूंजी वृद्धि का भी माध्यम बनता है। निवेशक इसमें भौतिक सोना, गोल्ड ईटीएफ, सॉवरेन गोल्ड बॉण्ड या फ्यूचर्स कॉन्ट्रैक्ट्स के माध्यम से निवेश कर सकते हैं। कीमतें वैश्विक आर्थिक घटनाओं, डॉलर की मजबूती और मांग-आपूर्ति के आधार पर प्रभावित होती हैं।

बात काम की

### क्या है गोल्ड कमोडिटी

गोल्ड कमोडिटी का अर्थ है सोने को एक व्यापारिक वस्तु के रूप में खरीदना और बेचना। यह अंतर्राष्ट्रीय कमोडिटी बाजार में एक मानक धातु मानी जाती है और इसकी कीमत वैश्विक कारकों से निर्धारित होती है। भारत में गोल्ड ट्रेडिंग एमसीएक्स पर की जाती है।

### गोल्ड में कैसे करें निवेश

**भौतिक सोना :** गहने, सिक्के या बिस्किट के रूप में। **गोल्ड ईटीएफ :** स्टॉक एक्सचेंज में ट्रेड होने वाले डिजिटल गोल्ड। **सॉवरेन गोल्ड बॉण्ड (एसजीबी) :** सरकार द्वारा जारी, ब्याज सहित सुरक्षित विकल्प। **गोल्ड फ्यूचर्स :** कमोडिटी एक्सचेंज पर अनुबंध आधारित ट्रेडिंग।

### महत्वपूर्ण बिंदु

निवेश के साथ-साथ बीमा की तरह देखा जाता है। एसजीबी और ईटीएफ जैसे विकल्प टैक्स लाभ भी देते हैं। निवेश से पूर्व वित्तीय लक्ष्यों व जोखिम क्षमता का मूल्यांकन करें।

### निवेश के लाभ

**मुद्रास्फीति से सुरक्षा :** महंगाई पर गोल्ड की कीमत बढ़ती है। **सुरक्षा :** संकट के समय में स्थिर निवेश विकल्प। **तरलता :** कभी भी बेचने की सुविधा। **पोर्टफोलियो विविधता :** स्टॉक्स या रियल एस्टेट से संतुलन बनाता है।

### जोखिम और चुनौतियां

**कीमत में उतार-चढ़ाव :** वैश्विक बाजार पर निर्भरता के कारण मूल्य अस्थिरता। भौतिक सोने में चोरी या मिलावट का खतरा। **फ्यूचर्स में जोखिम :** अनुबंध आधारित ट्रेडिंग जटिल हो सकती है। लॉन्ग टर्म पर रिटर्न सीमित होते हैं।

### सोच समझकर उठाया जाने वाला कदम

गोल्ड कमोडिटी में निवेश एक सुरक्षित, लेकिन सोच-समझकर उठाया जाने वाला कदम है। यदि सही माध्यम और रणनीति अपनाई जाए, तो यह दीर्घकालिक वित्तीय स्थिरता का सशक्त उपकरण बन सकता है।

## देश में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर 14 महीने के उच्च स्तर पर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- जून में बढ़कर उच्चतम स्तर 58.4 पर पहुंचा

भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर जून में बढ़कर 14 महीने के उच्चतम स्तर 58.4 पर पहुंच गई। इससे उत्पादन और नए ऑर्डर में तेजी के साथ रोजगार में रिकॉर्ड वृद्धि का संकेत मिलता है। एक मासिक सर्वेक्षण में मंगलवार को यह जानकारी दी गई।

मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक मई में 57.6 था। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में, 50 से ऊपर का अंक विस्तार का संकेत देता है, जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन को बताता है। एचएसबीसी के भारत में मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, ''भारत का विनिर्माण पीएमआई जून में 14 महीने के उच्चतम स्तर 58.4 पर पहुंच गया। मजबूत मांग ने उत्पादन, नए ऑर्डरों और रोजगार सृजन में विस्तार को बढ़ावा दिया। जून में नए ऑर्डर में भी तेजी देखी गई। विस्तार की दर करीब एक साल में सबसे मजबूत थी। समिति के सदस्यों के अनुसार वृद्धि को विपणन प्रयासों और निर्यात में पर्याप्त वृद्धि से समर्थन मिला।

## बैंकिंग, वित्तीय सेवा म्यूचुअल फंड में निवेश 37 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** बैंकिंग और वित्तीय सेवा क्षेत्र आधारित म्यूचुअल फंड में निवेश मई, 2025 में सालाना आधार पर 37 प्रतिशत बढ़कर 48,000 करोड़ रुपये हो गया। निवेश में उछाल का कारण इस क्षेत्र का मजबूत प्रदर्शन है। उद्योग के आंकड़ों से पता चलता है कि इन कोषों ने पिछले साल 22 से 30 प्रतिशत तक का 'रिटर्न' दिया है, जो इस क्षेत्र के मजबूत बुनियादी सिद्धांतों और बढ़ते आकर्षण को दर्शाता है। उद्योग के आंकड़ों के अनुसार, वर्तमान में भारतीय बाजार में 22 बैंकिंग एवं वित्तीय सेवा म्यूचुअल फंड हैं।

मई, 2025 में इनकी संयुक्त प्रबंधन अधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) 48,000 करोड़ रुपये की थीं। मई, 2024 में यह आंकड़ा करीब 34,971 करोड़ रुपये था। यह तीव्र वृद्धि बीएफएसआई (बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं एवं बीमा) क्षेत्र की दीर्घकालिक क्षमता में निवेशकों के बढ़ते भरोसे को दर्शाती है।

## कमजोर मांग से कच्चे तेल के वायदा भाव में गिरावट

**नई दिल्ली।** हाजिर मांग घटने से कच्चे तेल की कीमत मंगलवार को दो रुपये घटकर 5,579 रुपये प्रति बैरल रह गई। एमसीएक्स में कच्चे तेल के अगस्त में आपूर्ति वाले अनुबंध का भाव दो रुपये या 0.04 प्रतिशत घटकर 5,579 रुपये प्रति बैरल रह गया। इसमें 15,230 लॉट का कारोबार हुआ। विप्रतिभागियों के दांव घटाने से वायदा कारोबार में कच्चे तेल की कीमतों में नरमी रही। वैश्विक स्तर पर, वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट क्रूड 0.29 प्रतिशत की गिरावट के साथ 64.92 डॉलर प्रति बैरल पर जबकि न्यूयॉर्क में ब्रेंट क्रूड 0.24 प्रतिशत घटकर 64.92 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा।

## वैश्विक वित्तीय संस्थानों में सुधार की जरूरत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को विकास को समावेशी बनाने और समानता बढ़ाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय ढांचे और क्रेडिट रेटिंग प्रणालियों में सुधार की जरूरत बतायी। उन्होंने स्पेन के सेविले में विकास के लिए वित्तपोषण (एफएफडी) पर चौथे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में आधिकारिक विकास सहायता में गिरावट के रुख में बदलाव के आह्वान का समर्थन किया और विकसित देशों से जलवायु वित्त को बढ़ाने का आग्रह किया।

सीतारमण ने कहा कि खासकर नाजुक देशों में जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए भरोसेमंद, सरल पहुंच और रियायती वित्त की व्यवस्था होनी चाहिए।



- वित्त मंत्री ने चौथे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में आधिकारिक विकास सहायता में गिरावट के रुख में बदलाव का किया आह्वान

उन्होंने कहा, भारत समावेशी विकास और समानता बढ़ाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय ढांचे में सुधारों का समर्थन करता है, जिसमें बहुपक्षीय विकास बैंकों (एमडीबी) में सुधार और निष्पक्ष क्रेडिट रेटिंग प्रणाली शामिल हैं। बहुपक्षीय विकास बैंक से दिये जाने वाले कर्ज को दीर्घकालीन विकास लक्ष्यों के साथ जोड़ा जाना चाहिए और मजबूत निगरानी ढांचे के जरिये इस पर नजर रखी जानी चाहिए ताकि कर्ज राशि का उपयोग उन्हीं मदों में किया जाए, जिसके लिए वे आये हैं। सीतारमण ने कहा कि कई देशों के लिए समावेशी और सतत विकास के लिए कर्ज एक संरचनात्मक बाधा बन गया है। भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान शुरू किए गए वैश्विक 'सॉवरेन डेट' गोलमेज सम्मेलन ने कर्ज के मामले में पारदर्शिता और ऋण पुनर्गठन को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि एहतियाती ऋण प्रबंधन के साथ-साथ जी-20 साझा रूपरेखा का प्रभावी कार्यान्वयन आवश्यक है।

# राष्ट्रीय

### एक नजर

#### प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक, जादूगर बीवी पट्टाभिराम का निधन

**हैदराबाद।** जानेमाने मनोवैज्ञानिक, व्यक्तित्व विकास प्रशिक्षक, जादूगर और लेखक बीवी पट्टाभिराम का दिल का दौरा पड़ने से यहां निधन हो गया। वह 75 वर्ष के थे। पट्टाभिराम के मित्रों ने मंगलवार को बताया कि पट्टाभिराम का निधन 30 जून की रात में हुआ। पंद्रह भाई-बहनों वाले परिवार से ताल्लुक रखने वाले पट्टाभिराम ने जादू के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वह तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और अन्य दक्षिणी राज्यों में अपने जादू के शो के जरिये दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देते थे। वह एक व्यापक रूप से प्रशंसित व्यक्तित्व विकास प्रशिक्षक, परिवार और छात्रों के काउंसलर भी थे।

#### आर्थिक अन्याय का हथियार बन गया जीएसटी : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के लागू होने के आठ साल पूरा होने के मौके पर मंगलवार को आरोप लगाया कि यह आर्थिक अन्याय का एक हथियार बन गया है तथा इसे प्रधानमंत्री मोदी के कुछ अरबपति मित्रों को लाभ पहुंचाने के लिए डिजाइन किया गया। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने मौजूदा जीएसटी प्रणाली में संशोधन की पैरवी की और कहा कि भारत एक ऐसी कर प्रणाली का हकदार है, जो केवल विशेषाधिकार प्राप्त कुछ लोगों के लिए नहीं, बल्कि सभी के लिए काम करे। जीएसटी को एक जुलाई, 2017 को लागू किया गया था।

# डिजिटल इंडिया ने अंतराल को पाटा : मोदी

## कहा- एक दशक पहले शुरू की गई पहल अब बन चुकी जन आंदोलन, अवसरों को भी लोकतांत्रिक बनाया

**नई दिल्ली, एजेंसी**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि एक दशक पहले शुरू की गई डिजिटल इंडिया' पहल ने संपन्न और वंचितों के बीच डिजिटल विभाजन को पाट दिया है और अवसरों का लोकतंत्रीकरण किया है जिससे यह एक जन आंदोलन बन गया है। लिंक्डइन पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि दशकों तक भारतीयों की प्रौद्योगिकी का उपयोग करने की क्षमता पर संदेह किया जाता रहा, लेकिन उनकी सरकार ने इस दृष्टिकोण को बदल दिया और नागरिकों की प्रौद्योगिकी का उपयोग करने की क्षमता पर भरोसा किया।

मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने संपन्न और वंचितों के बीच की खाई को खत्म करने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग किया। उन्होंने कहा, जब इरादा सही होता है, तो नवाचार कम सशक्त लोगों को सशक्त बनाता है। जब दृष्टिकोण समावेशी होता है, तो प्रौद्योगिकी हाशिये पर रहने वालों के जीवन में बदलाव लाती है। इस विश्वास ने डिजिटल इंडिया की नींव रखी जो पहुंच को लोकतांत्रिक बनाने, समावेशी डिजिटल बुनियादी ढांचे का निर्माण करने और सभी के लिए अवसर प्रदान करने का मिशन है। मोदी ने कहा कि 2014 में भारत में लगभग 25 करोड़ इंटरनेट कनेक्शन थे, आज यह संख्या बढ़कर 97 करोड़ से अधिक हो गई है, जिसमें 42 लाख किलोमीटर से अधिक ऑप्टिकल फाइबर केबल है जो पृथ्वी और चंद्रमा के बीच की दूरी के 11 गुना के बराबर है। उन्होंने कहा कि यह सबसे दूरदराज के गांवों को भी जोड़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत में 5जी दुनिया में सबसे तेजी से लागू हो रहा है, जिसमें केवल दो वर्षों में 4.81 लाख बेस स्टेशन स्थापित किए गए हैं।

### डिजिटल इंडिया के बड़े-बड़े वादे अधूरे और दावे फर्जी हैं: खरगे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को कहा कि मोदी सरकार के डिजिटल इंडिया कार्यक्रम को लेकर किए गए बड़े-बड़े दावों के बावजूद वादे अधूरे और दावे फर्जी हैं तथा इससे निजता को नुकसान पहुंचा है एवं पारदर्शिता भी कमजोर हुई है। इसके 10 साल पूरा होने के मौके पर खरगे ने उन गांवों और स्कूलों का हवाला दिया, जहां अभी तक ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी नहीं पहुंची है। उन्होंने सरकार के स्वामित्व वाली दूरसंचार कंपनियों- एमटीएनएल और बीएसएनएल पर बढ़ते कर्ज और साइबर अपराधों में वृद्धि का भी उल्लेख किया।

## मौलाना तेजस्वी चुनाव में हार भांपकर कर रहे हैं सांप्रदायिक राजनीति: भाजपा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- कहा- विपक्षी गठबंधन एक विशेष समुदाय के सशक्तीकरण के लिए शरिया कानून लाने के लिए चाहता है सत्ता हासिल करना

भाजपा ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम पर टिप्पणी को लेकर राजद के नेता तेजस्वी यादव को मंगलवार को मौलाना करार दिया तथा उनपर इस साल के अंत में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में विपक्षी महागठबंधन की आसन्न हार को भांपकर सांप्रदायिक आधार पर समाज के ध्रुवीकरण का प्रयास करने का आरोप लगाया।

यादव के इस दावे पर कि बिहार में विपक्षी महागठबंधन सत्ता में आने पर वक्फ (संशोधन) अधिनियम को कूड़ेदान में डाल देगा, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने आरोप लगाया कि विपक्षी गठबंधन केवल एक विशेष समुदाय के सशक्तीकरण के वास्ते शरिया कानून लाने के लिए सत्ता हासिल करना चाहता है, जबकि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) समाज के सभी वर्गों की प्रगति के लिए काम करता है। भाटिया ने यहां भाजपा मुख्यालय में प्रेसवार्ता में कहा, ये नमाजवादी बाबासाहेब आंबेडकर का संविधान नहीं चाहते। वे संविधान का सम्मान नहीं करते हैं। वे केवल शरिया कानून चाहते हैं... वे केवल एक विशेष धर्म का सशक्तीकरण चाहते हैं। यादव पर मुस्लिम मतों के लिए 'सांप्रदायिक राजनीति' करने का आरोप लगाते हुए भाटिया ने कहा, जो लोग बाबा साहब के संविधान और संसद द्वारा पारित कानून को कूड़ेदान में डालने की बात कर रहे हैं, बिहार की जनता उनकी सांप्रदायिक राजनीति को कूड़ेदान में डाल देगी।

यादव ने रविवार को दावा किया था कि बिहार में सत्तारूढ़ राजग खत्म होने की राह पर है और विपक्षी गठबंधन के नेतृत्व वाली राज्य की नई सरकार केंद्र की मोदी सरकार द्वारा लाए गए वक्फ (संशोधन) अधिनियम को 'कूड़ेदान में डाल देगी।

## कई राज्यों में अगले छह-सात दिन में भारी बारिश की चेतावनी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में बरपेगा कहर

आईएमडी ने मंगलवार को कहा कि अगले छह .सात दिन में हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में बहुत भारी स्तर की बारिश होने का पूर्वानुमान है। विभाग ने कहा कि इस अवधि के दौरान उत्तर-पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत के कई हिस्सों में मानसून सक्रिय रहेगा।

विभाग के अनुसार एमपी, विदर्भ, छत्तीसगढ़, बिहार, पश्चिम बंगाल, सिक्किम और झारखंड में भी भारी बारिश का पूर्वानुमान है जबकि झारखंड और ओडिशा में कुछ दिनों में भारी बारिश हो सकती है। आईएमडी ने कहा कि कोंकण और गोवा, मध्य महाराष्ट्र और गुजरात में कुछ स्थान पर भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। विभाग ने कहा कि सौराष्ट्र और कच्छ में भी अगले सात दिन में भारी बारिश हो सकती है जबकि इस अवधि के दौरान पूर्वोत्तर भारत में अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी स्तर की बारिश होने का पूर्वानुमान है। आईएमडी ने कहा कि तटीय आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, केरल और कर्नाटक में सप्ताह के कुछ दिन में भारी बारिश हो सकती है। विभाग ने सोमवार को, जुलाई में देश में सामान्य से अधिक बारिश होने का अनुमान जताया था।

### प्रकृति का कहर



हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में मंगलवार को बादल फटने के बाद ब्यास और सुकेती नदियों के संगम पर स्थित पंचवक्त्र महादेव मंदिर। एजेंसी

## तेलंगाना : दवा फैक्टरी विस्फोट में मरने वालों की संख्या 35 हुई

- मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने घटनास्थल का दौरा किया

**संगारेड्डी (तेलंगाना)।** तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में पशम्यलारम में 'सिगाची इंडस्ट्रीज' के दवा संयंत्र में हुए विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर 35 हो गई है। जिला पुलिस अधीक्षक परितोष पंकज ने बताया कि मलबा हटाते समय उसके नीचे दबे कई शव बरामद किए गए हैं। मलबे से 31 शव निकाले गए हैं, जबकि तीन लोगों की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। बचाव अभियान का अंतिम चरण अब भी जारी है। वहीं, मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी अपने कुछ कैबिनेट सहयोगियों के साथ दुर्घटनास्थल पर पहुंचे। प्रणाम अस्पताल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सोमवार को 21 लोगों को भर्ती कराया गया जिनके सिर में चोट लगी थी और शरीर पर जलने के निशान थे।

## छात्रा से दुष्कर्म के तीनों आरोपी कॉलेज से निष्कासित

**कोलकाता, एजेंसी**

### साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज' के प्राधिकारियों ने लिया फैसला





कोलकाता के लॉ कॉलेज में छात्रा से दुष्कर्म के सभी दोषियों को सख्त सजा देने की मांग को लेकर वकीलों ने एक विरोध रैली में हिस्सा लिया।

साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज के प्राधिकारियों ने कॉलेज की 24 वर्षीय छात्रा से कथित सामूहिक दुष्कर्म के प्रमुख आरोपी की सेवा समाप्त करने के साथ ही मामले में दो अन्य सह आरोपियों को कॉलेज से निष्कासित कर दिया है। प्रमुख आरोपी मनोजित मिश्रा की नियुक्ति अपराध से जुड़ी उसकी गिरफ्तारी के बाद रद्द कर दी गई है। उसकी नियुक्ति कॉलेज के शासी निकाय की एक पूर्व सिफारिश पर एक अस्थायी कर्मचारी के रूप में की गई थी।

मिश्रा को कॉलेज के छात्र एवं सह-आरोपियों जैब अहमद और प्रोमित मुखर्जी के साथ गिरफ्तार किया गया था और उन्हें अब पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। तृणमूल कांग्रेस विधायक अशोक देब की अध्यक्षता में कॉलेज के शासी निकाय की एक बैठक के बाद प्राधिकारियों ने मिश्रा की सेवाएं समाप्त करने और दो छात्रों को निष्कासित करने की घोषणा की। देब ने कहा, मिश्रा की सेवाएं समाप्त करने का निर्णय लिया गया है जबकि दो अन्य को तत्काल प्रभाव से निष्कासित किया जाएगा। घटना के विरोध में छात्रों ने प्रदर्शन किया।

## समयपूर्व रिहाई की दोषी की याचिका खारिज करने का फैसला रद्द

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कानून की छात्रा प्रियदर्शिनी मट्टू के साथ 1996 में दुष्कर्म और हत्या करने जुर्म में उम्रकैद की सजा काट रहे संतोष कुमार सिंह की समयपूर्व रिहाई संबंधी याचिका खारिज करने के सजा समीक्षा बोर्ड के फैसले को मंगलवार को रद्द कर दिया। न्यायमूर्ति संजीव नरुला ने कहा कि सिंह में सुधार की गुंजाइश है। उन्होंने मामला फिर से सजा समीक्षा बोर्ड (एसआरबी) के पास भेजते हुए उसे दोषी की समयपूर्व रिहाई की याचिका पर नए सिरे से विचार करने को कहा।

न्यायमूर्ति नरुला ने फैसला सुनाते हुए कहा, मैंने उसमें सुधार की गुंजाइश देखी है। एसआरबी के फैसले को रद्द किया जाता है और मैंने मामले को नए सिरे से विचार करने के लिए एसआरबी को वापस भेज दिया है। अदालत ने कैदियों की याचिकाओं पर विचार करते समय एसआरबी द्वारा पालन किए जाने वाले कुछ दिशानिर्देश भी दिए हैं।

## ओडिशा में कांग्रेस प्रदर्शनकारियों की टांगें तोड़ने के आईपीएस अधिकारी के निर्देश से उपजा विवाद

**भुवनेश्वर, एजेंसी**

ओडिशा कैडर के एक आईपीएस अधिकारी ने पुलिसकर्मियों को कथित तौर पर कुछ कांग्रेसी कार्यकर्ताओं की टांगें तोड़ने का निर्देश दिया और उन्हें उनके इस कार्य के लिए इनाम देने का आश्वासन दिया है। राज्य में विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने इस टिप्पणी की निंदा की है।

यह विवाद उस कथित वीडियो के वायरल होने के बाद शुरू हुआ जिसमें भुवनेश्वर के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त नरसिंह भोल कांग्रेस कार्यकर्ताओं के विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिसकर्मियों को यह निर्देश देते नजर आ रहे हैं कि उनकी टांगें तोड़ दो और मुझसे इनाम ले लो। पीटीआई-भाषा स्वतंत्र रूप से वीडियो की प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं कर सका। पुलिस अधिकारी ने पुरी में भगदड़ को लेकर रविवार रात को कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक प्रदर्शन रैली के दौरान यह कथित निर्देश दिया।

### इस कार्य के लिए इनाम देने का आश्वासन दिया

#### पुरी भगदड़ को लेकर मुख्यमंत्री आवास पर कर रहे थे प्रदर्शन

पुरी में भगदड़ की घटना में तीन लोगों की मौत हो गयी है। इसको लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता मुख्यमंत्री आवास के समक्ष प्रदर्शन कर रहे थे और आरोप लगा रहे थे कि भीड़ प्रबंधन में चूक हुई, जिसके कारण भगदड़ की घटना हुई। वायरल वीडियो में भोल को मुख्यमंत्री आवास के पास तैनात पुलिस कर्मियों को यह निर्देश देते हुए देखा गया कि वे किसी को भी अवरोधक तोड़ने न दें। ओडिशा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भक्त चरण दास ने कहा, यह अत्यधिक निंदनीय है।

## एक नजर

### रियू के शतक से इंग्लैंड अंडर-19 ने की सीरीज में बराबरी

**नॉर्थम्प्टन।** विकेटकीपर बल्लेबाज थॉमस रियू ने 131 रनों की धमाकेदार पारी खेलते हुए इंग्लैंड अंडर-19 टीम के लिए सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड बनाया और नॉर्थम्प्टन में इंडिया अंडर-19 के खिलाफ दूसरे यूथ वनडे में अपनी टीम को रोमांचक जीत दिलाई। रियू ने सिर्फ 73 गेंदों में शतक पूरा किया और 2012 में बेन फॉक्स द्वारा न्यूजीलैंड के खिलाफ बनाए गए 79 गेंदों के सबसे तेज अंडर-19 शतक के रिकॉर्ड को तोड़ा। रियू ने अपनी 89 गेंदों की पारी में 16 चौके और छह लंबे छक्के जड़े। टीम के कप्तान रियू ने रॉकी फ्लिंटॉफ (39) के साथ चौथे विकेट के लिए 21 ओवरों में 123 रनों की साझेदारी की।

### संन्यास से पहले भारत में टेस्ट श्रृंखला जीतना चाहते हैं लियोन

**सेंट जॉर्ज (ग्रेनाडा)।** ऑस्ट्रेलिया के महान स्पिनर नाथन लियोन का टेस्ट क्रिकेट से निकट भविष्य में संन्यास का कोई इरादा नहीं है और वह इससे पहले भारत में एक टेस्ट श्रृंखला जीतना चाहते हैं। 37 वर्ष के आफ स्पिनर लियोन ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 138 टेस्ट में 556 विकेट लिए हैं। भारत के खिलाफ उन्होंने 32 टेस्ट खेलकर 130 विकेट चटकाए हैं, लेकिन भारत में कभी भी श्रृंखला नहीं जीत सके। ऑस्ट्रेलिया ने 2004-05 के बाद भारत को उसकी धरती पर नहीं हराया है। लियोन ने क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से कहा, मैं भारत में श्रृंखला जीतना चाहता हूं। मैं इंग्लैंड में भी श्रृंखला जीतना चाहता हूं।

### अगस्त में भारत का बांग्लादेश दौरा अभी निश्चित नहीं

**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अध्यक्ष अमिनुल इस्लाम ने कहा है कि बीसीसीआई ने अब तक भारत के बांग्लादेश दौरे की पुष्टि नहीं की है, जो अगस्त में होना है। उनके अनुसार बीसीसीआई इस दौरे पर फैसला भारतीय सरकार से चर्चा के बाद लेगा। अमिनुल ने ढाका में बीसीबी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की छह घंटे लंबी बैठक के बाद कहा, मैंने बीसीसीआई से बात की है और चर्चाएं सकारात्मक रही हैं। हम आशावान हैं। यह सीरीज (अगले महीने) निर्धारित है लेकिन वे (भारत) अपने सरकार के कुछ निर्णयों का इंतजार कर रहे हैं।

### जिम्बाब्वे को रौंदकर अफ्रीका ने जीता लगातार नौवां टेस्ट

**बुलावायो (जिम्बाब्वे)।** दक्षिण अफ्रीका ने मंगलवार को जिम्बाब्वे को 328 रनों से हराकर पुरुष टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा मैच जीतने के अपने रिकॉर्ड की बराबरी की। मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियन की यह लगातार नौवीं जीत है, जिसने उसने 2002-03 सत्र के अपने रिकॉर्ड की बराबरी की। मध्यम गति के गेंदबाज कॉर्बिन बॉश ने टेस्ट करियर में पहली बार 5 विकेट चटकाए, जिससे 537 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जिम्बाब्वे की टीम दूसरी पारी चौथे दिन लंच के बाद 208 रन पर सिमट गयी।

### पूर्व हॉकी खिलाड़ी सिर में गंभीर चोट लगने से अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों (2022) में रजत पदक जीतने वाली पुरुष हॉकी टीम के सदस्य बिमल लाकड़ा को सिर में गंभीर चोट लगने पर मंगलवार को रांची के अस्पताल में भर्ती कराया गया। भारत के पूर्व मिडफील्डर लाकड़ा सोमवार को सिमडेगा उपखंड में अपने गांव में खेत में काम करते समय गिरने के बाद बेहोश हो गए थे। इस पूर्व खिलाड़ी को सिमडेगा अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें रांची भेज दिया गया। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने बताया, वह अब स्थिर हैं। झारखंड के खेल मंत्री ने आज उनसे मुलाकात की और हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

### विश्व मुक्केबाजी: साक्षी, लक्ष्य व जैस्मीन क्वार्टर फाइनल में

**अस्ताना।** भारतीय मुक्केबाज साक्षी, लक्ष्य चाहर और जैस्मीन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मंगलवार को विश्व मुक्केबाजी कप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। साक्षी ने महिलाओं के 54 किग्रा वर्ग के प्री-क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड की चार्ली डेविसन को 5-0 से हराया। जैस्मीन ने 57 किग्रा वर्ग में अजरबैजान की अयनूर मिकायिलोवा को इसी अंतर से हराकर अंतिम आठ में स्थान पक्का किया। लक्ष्य ने पुरुषों के 80 किग्रा वर्ग में बुल्गारिया के विलियम चोलोव को विभाजित फैसले में 4-1 से हराया। मनीष राठौर 55 किग्रा वर्ग में जापान के रुई यामागुची से हार कर प्रतियोगिता से बाहर हो गए।

# भारत के सामने स्पिनरों के चयन की दुविधा

## दूसरे टेस्ट आज से : बल्लेबाजों की पिच पर ऐसे गेंदबाजों को चुनना होगा जो ले सकें 20 विकेट

**बर्मिंघम, एजेंसी**

भारत को चयन के मामले में पारंपरिक सोच से अलग हटकर इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में बल्लेबाजों की मददगार पिच पर ऐसे गेंदबाजों को चुनना होगा जो पूरे 20 विकेट ले सकें। हेडिंग्ले में पहले टेस्ट के आखिरी दिन इंग्लैंड ने जब 371 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया तब भारतीय टीम प्रबंधन ने खुद स्वीकार किया था कि कुलदीप यादव की कमी टीम को खली।

सहायक कोच रियान टेन डोइशे ने कहा कि भारत टीम संयोजन तलाशने की कोशिश में है, जिससे बल्लेबाजी की गहराई पर असर नहीं पड़े और ऐसे गेंदबाज भी हों जो 20 विकेट ले सकें। डोइशे ने कहा कि हम संतुलन बनाने की कोशिश कर रहे हैं और सर्वश्रेष्ठ टीम संयोजन लेकर उतरना चाहेंगे। इंग्लैंड टीम भी इसी प्रयास में होगी और हमें उसका भी ध्यान रखना है। बर्मिंघम में मौसम गर्म है और पिच पर ऊपर घास है लेकिन नीचे से यह सूखी है। इसी मैदान पर तीन साल पहले इंग्लैंड ने 378 रन का लक्ष्य हासिल करके श्रृंखला ड्रॉ कराई थी। पिछले कुछ साल में काउंटी क्रिकेट में इस मैदान पर काफी रन बने हैं। इस मैदान पर स्पिनरों की भूमिका अहम होगी और भारत को तय करना है कि वे रविंद्र जडेजा की मदद करने वाले वॉशिंगटन सुंदर को उतारेगा या विकेट लेने में माहिर कुलदीप को जगह मिलेगी। यह तो तय है कि भारत दो स्पिनरों के साथ उतरेगा।

पहले टेस्ट में शार्दुल ठाकुर तेज गेंदबाज हरफनमौला थे लेकिन संभव है कि बल्लेबाजी हरफनमौला नीतिश कुमार रेड्डी को दूसरे टेस्ट में जगह मिले। ठाकुर ने पहले टेस्ट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं किया लेकिन एक टेस्ट के बाद बाहर करना भी ज्यादती होगी। जसप्रीत बुमराह की उपलब्धता पर भी संदेह है।

हेडिंग्ले में पांचवें दिन टर्निंग पिच पर कमाल नहीं कर सके जडेजा अपनी उपयोगिता साबित करने को बेताब होंगे। पहले टेस्ट में भारत की कैचिंग खराब रही और यशस्वी जायसवाल को स्लिप से हटाना पड़ा। पहले टेस्ट की दोनों पारियों में भारत के निचले क्रम के बल्लेबाजों ने योगदान नहीं दिया, जिसमें सुधार करना होगा। पहले मैच में शतक लगाने वाले केएल राहुल, जायसवाल, ऋषभ पंत और कप्तान शुभमन गिल इस लय को कायम रखना चाहेंगे। साइ सुदर्शन और करूण नायर को फिर मौका मिल सकता है। वहीं, इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने परिवार में इमरजेंसी से नाम वापिस ले लिया है, लेकिन क्रिस वोक्स के नेतृत्व में गेंदबाजी आक्रमण से भरा है।

**भारत-इंग्लैड पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला**



**इंग्लैंड :** जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रुक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेट कीपर), क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग और शोएब बशीर।

**भारत :** शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नितीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा।

**मैच दोपहर 3 :30 बजे**

### पिच तय करेगी बुमराह को खिलाने की स्थिति

कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को खिलाने का फैसला पिच देखने के बाद होगा। गिल ने पुष्टि की कि बुमराह चयन के लिए उपलब्ध हैं। हम बस यह देखने जा रहे हैं कि टेस्ट मैचों में उनके कार्यभार गेंदबाजी और फिटनेस का प्रबंधन कैसे किया जाए। हम सही संयोजन बनाने की कोशिश कर रहे हैं जहां हम 20 विकेट ले सकें और इन पिचों पर रन भी बना सकें। हमने सोचा कि हम मैच से पहले पिच देखकर तय करेंगे कि किस संयोजन के साथ मैदान पर उतरे। बुमराह अगर दूसरा टेस्ट नहीं खेलते हैं तो तेज गेंदबाजी का जिम्मा मोहम्मद सिराज, आकाश दीप और प्रसिद्ध कृष्णा संभालेंगे।

# एंड्रयू फ्लिंटॉफ इंग्लैंड के अभ्यास सत्र में शामिल

- मोईन अली ने की अभ्यास सत्र में शामिल शोएब बशीर की मदद

**बर्मिंघम, एजेंसी**

भारत के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में अपनी पकड़ मजबूत करने के इरादे से इंग्लैंड युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। मोईन अली सोमवार को टीम के अभ्यास सत्र में शामिल हुए थे और उन्होंने शोएब बशीर की मदद की जिससे यह युवा ऑफ स्पिनर बेहद उत्साहित दिखा।

बुधवार से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच से एक दिन पहले टीम के आखिरी अभ्यास सत्र में पूर्व दिग्गज हरफनमौला एंड्रयू फ्लिंटॉफ खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करते हुए दिखे। इंग्लैंड की टीम पिछले काफी समय से टेस्ट मैचों को आक्रामक रवैये के साथ खेल रही है और फ्लिंटॉफ से मुलाकात से टीम का हौसला बढ़ेगा। मैच की पूर्व संध्या पर स्टोक्स से इंग्लैंड के महान खिलाड़ियों को ड्रेसिंग रूम में वापस लाने के चलन के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, हम नियमित तौर इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व करने वाले कुछ महान खिलाड़ियों से मदद लेने की कोशिश करते है। अभ्यास सत्र के दौरान इन पूर्व खिलाड़ियों की



मौजूदगी से मौजूदा टीम के सदस्यों को काफी मूल्यवान सलाह मिलती है। आप इस तरह के माहौल में बातचीत कर सकते हैं। इंग्लैंड के कप्तान ने कहा कि मोईन के साथ बातचीत के बाद बशीर उत्साहित थे। उन्होंने कहा कि हमेशा बोर्डरूम में या टेबल के चारों ओर बैठकर किसी खास चीज के बारे में बात करना जरूरी नहीं होता। मुझे लगता है कि बशीर का मोईन से मिलना अच्छा है। बशीर बिल्कुल उत्साहित हैं। जब हम ऐसे अनुभवी लोगों को ड्रेसिंग रूम में बुलाते है और वे अगर मौजूदा खिलाड़ियों को सलाह देते है तो यह टीम के लिए अच्छा है।

# ज़ाग्रेब में प्रज्ञानानंदा और गुकेश पर रहेगी नजर

**ज़ाग्रेब (क्रोएशिया), एजेंसी**

भारत के नंबर एक खिलाड़ी आर प्रज्ञानानंदा अपनी शानदार फॉर्म के कारण बुधवार से शुरू हो रहे ग्रैंड शतरंज टूर रैपिड एवं ब्लिट्ज टूर्नामेंट की तीसरी प्रतियोगिता में प्रबल दावेदारों में से एक होंगे।

प्रज्ञानानंदा ने हाल में अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखी है और अगर वह अपने इस प्रदर्शन को आगे भी जारी रखने में कामयाब होते हैं तो उन्हें रोकना किसी भी खिलाड़ी के लिए आसान काम नहीं होगा। वहीं, क्रोएशियाई चरण में विश्व के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन के साथ-साथ मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश भी भाग लेंगे। आर प्रज्ञानानंदा को कार्लसन और गुकेश के अलावा अमेरिका के फैबियानो कारूआना, फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा तथा उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव की कड़ी चुनौती का भी सामना करना होगा।

ग्रैंड शतरंज टूर के पीछे गैरी कास्पारोव का दिमाग था, जो बॉबी फिशर के बाद पेशेवर शतरंज की अवधारणा शुरू करने वाले पहले व्यक्ति थे और आज युवा पीढ़ी इसका लाभ उठा रही है।

**ग्रैंड शतरंज टूर रैपिड एवं ब्लिट्ज टूर्नामेंट**





# स्टोक्स ने बुमराह फैक्टर को किया खारिज

- इंग्लैंड के कप्तान ने खुद को पंत का बड़ा प्रशंसक बताया

**बर्मिंघम, एजेंसी**

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने मंगलवार को जसप्रीत बुमराह के 5 में से केवल 3 टेस्ट मैचों में उपलब्ध होने को लेकर चल रही अटकलों को खारिज करते हुए इसे भारत की समस्या करार दिया और कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भारतीय टीम बुधवार से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में कड़ी चुनौती पेश करेगी।

बुमराह लीड्स में खेले गए पहले टेस्ट मैच में भारत के सबसे सफल गेंदबाज रहे, लेकिन उन्हें अन्य गेंदबाजों से पर्याप्त सहयोग नहीं मिला, जिससे भारतीय टीम मज़बूत स्थिति में होने के बावजूद हार गई। प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज और शार्दुल ठाकुर जैसे गेंदबाज़ इंग्लैंड के बल्लेबाजों के सामने खास चुनौती पेश नहीं कर पाए। भारत ने अभी तक यह तय नहीं किया कि बुमराह इंग्लैंड में किन 3 टेस्ट मैचों का हिस्सा होंगे। उन्होंने एक मैच खेला है और उन्हें अब 4 मैचों में से 2 में खेलना है। इंग्लैंड की टीम हालांकि बुमराह को लेकर चिंतित नहीं है और उसका ध्यान श्रृंखला में अपनी बढ़त पर है। स्टोक्स ने मैच की पूर्व संध्या पर बुमराह से जुड़े सवाल का कहा, यह भारत की समस्या है। वे इससे निपट लेंगे। मैं इंग्लैंड का कप्तान हूं। भारतीय टीम के बारे में उन्होंने कहा, अच्छी टीम है। हमेशा कड़ी टक्कर देते हैं, मेहनत करते हैं। उसके खिलाड़ी जुनूनी हैं। उन्होंने कहा, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल रहे खिलाड़ियों पर दबाव होता है लेकिन भारत की तरफ से विशेष कर क्रिकेट में अन्य टीमों की तुलना में अधिक दबाव होता है। पिछले सप्ताह जो कुछ हुआ वह अतीत की बात है। यह नया मैच है और हम इसमें फिर से नए सिरे से शुरुआत कर रहे हैं।



स्टोक्स ने खुद को ऋषभ पंत का बड़ा प्रशंसक बताया जिन्होंने पहले टेस्ट मैच की दोनों पारियों में शतक लगाकर कई रिकॉर्ड अपने नाम किए। पंत के आक्रामक अंदाज को देखकर इंग्लैंड का कप्तान भी खुद को मुस्कुराने से नहीं रोक पाया था। स्टोक्स ने कहा, भले ही वह विपक्षी टीम में हो, लेकिन मुझे पंत को क्रिकेट खेलते हुए देखना पसंद है। मुझे वह तरीका पसंद है, जिससे वह खेल के सभी प्रारूपों में खेलता है। पंत एक टेस्ट मैच में दो शतक लगाने वाले पहले भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज बन गए, जिससे क्रिकेट जगत ने उनकी प्रशंसा की।

# अल्काराज ने फोगनिनी को हराया



**लंदन, एजेंसी**

दो बार के चैंपियन कार्लोस अल्काराज को विम्बलडन के पहले दौर के मुकाबले में फेबियो फोगनिनी को हराने में काफी मशक्कत करनी पड़ी और यह मुकाबला पांच सेटों तक खिंचा। स्पेन के अल्काराज ने साढे चार घंटे चला मुकाबला 7-5, 6-7 (5), 7-5, 2-6, 6-1 से जीता। जीत के बाद अल्काराज ने कहा कि मुझे समझ में नहीं आ रहा कि यह उनका आखिरी विम्बलडन क्यों है। फोगनिनी इस सत्र के बाद टेनिस को अलविदा कहने जा रहे हैं।

### पेगुला पहले दौर में कोकियारेटो से हारीं

**लंदन।** तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला विम्बलडन के पहले दौर में 116वीं रैंकिंग पर काबिज एलिसाबेटा कोकियारेटो से हार गईं। पेगुला इस टूर्नामेंट से पहले बैड होम्बर्ग ओपन का चैंपियन बन कर पहुंची थी। उन्होंने जर्मनी में घसियाले कोर्ट के इस टूर्नामेंट के फाइनल में इगा स्विएतेक को सीधे सेटों में हराया था।

### सिनर का शानदार आगाज, फ्रिट्ज ने भी दर्ज की जीत

शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनर ने इटली के हमवतन लुका नारडी के खिलाफ जीत से अभियान का आगाज किया। तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन सिनर पहले विंबलडन खिताब की तलाश में हैं। सिनर के सामने दूसरे दौर में ऑस्ट्रेलिया के अलेक्जेंडर वुकिक की चुनौती होगी। वहीं, अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज ने पहले दौर के पांच सेट के मैच में जियोवानी म्पेत्शी पेर्रिकार्ड पर जीत दर्ज की। पेर्रिकार्ड ने 153 मील प्रतिघंटे की रफ्तार से सर्विस की जो विम्बलडन का नया रिकॉर्ड हैं।

# भारत के सामने इराक की चुनौती

**चियांग माइ (थाईलैंड), एजेंसी**

भारतीय महिला फुटबॉल टीम के सामने बुधवार को 2026 महिला एशियाई कप क्वालीफायर के ग्रुप बी मैच में अपेक्षाकृत आसान प्रतिद्वंद्वी इराक की चुनौती होगी। शुरुआती दोनों मैचों को एकतरफा जीतने वाली भारतीय टीम इस मैच में भी प्रयोग करना जारी रखना चाहेगी।

तिमोर-लेस्ते के खिलाफ मैच के दौरान नाक की हड्डी में फ्रैक्चर से सौम्या गुगुलोथ इस मुकाबले से बाहर हो गई हैं। भारत मंगोलिया (13-0) और तिमोर-लेस्ते (4-0) के खिलाफ जीत के बाद 6 अंकों और +17 के गोल अंतर के साथ तालिका में शीर्ष पर है। थाईलैंड भी 6 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है उनका गोल अंतर +11 है। पहले ही तीन मैच खेल चुका है और उसके 4 अंक हैं। उसे टूर्नामेंट में बने रहने के लिए इस मैच में जीत की जरूरत होगी। ग्रुप में शीर्ष स्थान के लिए भारत और थाईलैंड के बीच होड़ रहने की संभावना है और दोनों टीम ग्रुप चरण के आखिरी मैच में 5 जुलाई को एक-दूसरे का सामना करेंगी। भारतीय कोच क्रिस्पिन छेत्री ने इस बात पर जोर दिया कि टीम का पूरा ध्यान इराक के खिलाफ होने वाले मैच से 3 अंक पाने पर है। छेत्री ने कहा कि थाईलैंड के खिलाफ हमारा आखिरी मैच है, लेकिन अभी हमारा पूरा ध्यान इराक पर है। हमारी प्राथमिकता इराक के मैच में सकारात्मक सोच के साथ उतरने और जीत के लिए खेलने की है। विश्व रैंकिंग में 173वें स्थान पर काबिज इराक ने तिमोर लेस्ते के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ खेलने के बाद मंगोलिया को 5-2 से हराकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहली जीत दर्ज की थी।

**एएफसी महिला क्वालीफायर**



# हॉकी इंडिया ने यूरोप दौरे के लिए 20 सदस्यीय भारत ए टीम का किया ऐलान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

हॉकी इंडिया ने 8 से 20 जुलाई तक 8 मैचों के यूरोप दौरे के लिए 20 सदस्यीय भारत ए पुरुष टीम का ऐलान किया। हॉकी इंडिया ने कहा कि यह दौरा उदीयमान और अनुभवी खिलाड़ियों को उपयोगी अंतर्राष्ट्रीय एक्सपोजर देने के लिए आयोजित हुआ है। भारत ए टीम फ्रांस, आयरलैंड और नीदरलैंड के खिलाफ दो-दो मैच खेलेगी जबकि इंग्लैंड और बेल्जियम के खिलाफ एक-एक मैच खेलना है। हॉकी इंडिया ने कहा कि इन मैचों से भारतीय हॉकी की प्रतिभाओं के पूल की गहराई और तैयारी का पता चलेगा। वे सीनियर टीम के लिए भी पूल का हिस्सा बन सकेंगे। भारत ए टीम की कमान संजय के हाथ में होगी जबकि एम रबिचंद्र सिंह उपकप्तान होंगे। गोलकीपर अंकित मलिक, डिफेंडर सुनील जोजो और फॉरवर्ड सुदीप चिरमाको स्टैंडबाय होंगे। भारतीय राष्ट्रीय टीम के सहायक कोच शिवेंद्र सिंह ए टीम के कोच होंगे जो 8 जुलाई को आयरलैंड से पहला मैच खेलेगी। शिवेंद्र ने कहा कि यह दौरा हमारे खिलाड़ियों के लिए अहम प्लेटफॉर्म होगा, जिसमें उन्हें यूरोपीय हॉकी के ढांचे, स्वरूप और प्रवाह का पता चलेगा।



**गोलकीपर :** पवन, मोहित एच शशिकुमार, **डिफेंडर :** प्रताप लाकड़ा, वरूण कुमार, अमनदीप लाकड़ा, प्रमोद, संजय (कप्तान), **मिडफील्डर :** पूवन्ना चंदुरा बॉबी, मोहम्मद राहील मौसीन, एम रविचंद्र सिंह, विष्णुकांत सिंह, प्रदीप सिंह, राजिंदर सिंह, **फॉरवर्ड :** अंगदबीर सिंह, बॉबी सिंह धामी, मनिंदर सिंह, वेंकटेश केंचे, आदित्य अर्जुन लाटे, सेल्वम कार्ति, उत्तम सिंह, **स्टैंडबाय :** अंकित मलिक, सुनील जोजो, सुदीप चिरमाको।

# मंधाना टी-20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में तीसरे स्थान पर

- आईसीसी ने जारी की रैंकिंग शेफाली वर्मा 13वें और हरलीन देयोल 86वें स्थान पर पहुंची

**दुबई, एजेंसी**

भारतीय उपकप्तान स्मृति मंधाना मंगलवार को आईसीसी महिला टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग में एक पायदान ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गई। वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज मंधाना ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच टी-20 की श्रृंखला के पहले मैच में शतक लगाया था। उस मैच में उन्होंने चोटिल हरमनप्रीत कौर की जगह कप्तानी भी की थी।



मंधाना ने 62 गेंद में 15 चौकों और तीन छक्कों के साथ 112 रन बनाये थे जिसकी मदद से भारत ने 97 रन से जीत दर्ज की। मंधाना के अब 771 रेटिंग अंक है जो उनके करियर में सर्वोच्च हैं। वेस्टइंडीज की हेली मैथ्यूज 774 अंक लेकर दूसरे और आस्ट्रेलिया की बेथ मूनी 794 अंक के साथ पहले स्थान पर है। भारत की शेफाली वर्मा एक पायदान चढ़कर 13वें जबकि हरलीन देयोल 86वें स्थान पर है। गेंदबाजों की रैंकिंग में इंग्लैंड की तेज गेंदबाज लौरेन बेल चौथे स्थान पर पहुंच गई हैं। पाकिस्तानी स्पिनर सादियो इकबाल शीर्ष पर है।

### हरमनप्रीत के खेलने पर फैसला मैच से ठीक पहले

**ब्रिस्टल।** भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी-20 से एक दिन पहले ब्रिस्टल में अभ्यास सत्र में वापसी की। उन्हें पिछले हफ्ते ईसीबी डेवलपमेंट इलेवन के खिलाफ टी-20 अभ्यास मैच के दौरान सिर पर गेंद लगी थी, जिसके बाद उन्होंने 5 मैचों की श्रृंखला का पहला मुकाबला नहीं खेला था। हरमनप्रीत के खेलने को लेकर फैसला मैच के दिन ही लिया जाएगा। भारत की ऑफ स्पिन ऑलराउंडर स्नेह राणा ने सोमवार को बताया, यह सकारात्मक संकेत हैं कि हरमनप्रीत आज अभ्यास सत्र में शामिल हुईं। अभ्यास सत्र के बाद उनका मूल्यांकन और निगरानी होगी। यह स्पष्ट नहीं है कि हरमनप्रीत को सिर में चोट कब और कैसे लगी, लेकिन उस मैच में उन्होंने 16 गेंदों में 28 रन बनाए थे, जिसमें 4 चौके थे। वह लेग स्पिनर सेरा ग्लेन की गेंद पर पगबाधा हुईं और भारत यह मैच 6 रन से हार गया था। उन्होंने प्री-सीरीज प्रेस वार्ता में भी भाग नहीं लिया और नॉटिंघम के पहले टी-20 में स्मृति मंधाना ने कप्तानी की, जो भारत ने 97 रन से जीता। मंधाना ने इस मैच में अपना पहला टी-20 शतक लगाया, जिससे भारत ने सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल की। वह तीनों प्रारूपों में शतक लगाने वाली पहली भारतीय और दुनिया की पांचवीं महिला क्रिकेटर बनीं।



# कजाकिस्तानः मुस्लिम महिलाओं के नकाब पहनने पर लगा प्रतिबंध

- बना कानून, सार्वजनिक स्थानों पर नहीं छिपा सकेंगी चेहरा

अस्ताना, एजेंसी

कजाकिस्तान ने मुस्लिम महिलाओं के नकाब लगाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसके साथ ही यह मध्य एशिया का पहला देश बन गया है, जिसने महिलाओं के नकाब लगाने पर पाबंदी लगा दी है।

कजाकिस्तान के राष्ट्रपति कासिम-जोमार्ट टोकायेव ने सोमवार को एक कानून पर हस्ताक्षर किए, जिसमें कानून द्वारा परिभाषित सीमित मामलों को छोड़कर सार्वजनिक रूप से ऐसे कपड़े पहनने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, जो किसी व्यक्ति के चेहरे को छिपाते हैं। कानून में हालांकि स्पष्ट रूप से धार्मिक पोशाक का नाम नहीं है, लेकिन समझा जाता है कि नकाब और बुर्का जैसे परिधानों को ध्यान में रखकर यह प्रतिबंध लगाया गया है।

नए कानून के तहत चेहरा ढकने वाले कपड़ों को विशिष्ट मामलों में जैसे आधिकारिक कार्यक्रमों, चिकित्सा कारणों, खराब मौसम से सुरक्षा, नागरिक सुरक्षा उद्देश्यों के लिए या सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भागीदारी के वास्ते ही अनुमति दी गई है। इससे पहले, किर्गिस्तान ने जनवरी 2025 में सार्वजनिक स्थानों पर नकाब पर प्रतिबंध लगाने वाला एक कानून पारित किया था। वहां के सांसदों ने तर्क दिया कि इस तरह के धार्मिक परिधान सरकारी भवनों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर व्यक्तियों की पहचान करना मुश्किल बनाते हैं।

# बार्सिलोना में 100 साल में सबसे गर्म रहा जून 2025 का महीना

**पेरिस।** स्पेन की राष्ट्रीय मौसम सेवा ने कहा कि बार्सिलोना में जून का महीने 100 साल में सबसे गर्म दर्ज किया गया है। बार्सिलोना की कैन फैबरा वेधशाला ने औसत तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जोकि 1914 के बाद से सर्वाधिक है।

इससे पहले बार्सिलोना में जून में सबसे अधिक गर्मी 2003 में दर्ज की गई थी जब औसत तापमान 25.6 डिग्री दर्ज किया गया था। मौसम केंद्र ने कहा कि सोमवार 30 जून को इस महीने का एक दिन का सबसे अधिक तापमान 37.9 डिग्री दर्ज किया गया। बार्सिलोना आमतौर पर स्पेन की भीषण गर्मी से बचा रहता है, क्योंकि यह शहर पहाड़ियों और भूमध्यसागर के बीच, स्पेन के उत्तर-पूर्वी छोर पर स्थित है।

# जलवायु परिवर्तन का संकेत भी हैं बादल फटने की घटनाएं

बादल फटने का मतलब होता है, किसी स्थान पर बहुत ही कम समय में अत्यधिक मात्रा में वर्षा होना, जो सामान्य कई गुना तेज और भारी होती है। यह एक अत्यंत विनाशकारी प्राकृतिक घटना होती है, जिसके अचानक बाढ़, भूस्खलन और जानमाल की हानि जैसे परिणाम सामने आते हैं। भारतीय मौसम विभाग और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार मानसून के मौसम में ये घटनाएं अधिक होती हैं। पिछले कुछ वर्षों में बादल फटने की घटनाएं बढ़ी हैं। खासकर उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लेह-लद्दाख और पूर्वोत्तर राज्यों में लगातार ऐसी घटनाएं हुई हैं और 2010 के बाद से इन घटनाओं में तेजी देखी गई है। वैज्ञानिकों का मानना है कि जलवायु परिवर्तन इसका एक प्रमुख कारण हो सकता है। फिलहाल अधिकांश घटनाएं उत्तर भारत के पहाड़ी राज्यों में हो रही हैं। आईएमडी और राज्य सरकारें अब अधिक अलर्ट जारी करने लगी हैं।



### बादल फटने का वैज्ञानिक अर्थ

जब किसी छोटे क्षेत्र में बहुत ही तीव्र गति से 100 मिमी या उससे अधिक वर्षा एक घंटे के भीतर हो जाती है तो उसे बादल फटना कहा जाता है। यह घटना आमतौर पर पहाड़ी क्षेत्रों में होती है। गर्म और नम हवा जब तेजी से ऊपर उठती है और ठंडी हवा से मिलती है, तब भारी मात्रा में जलवाष्प संघनित होकर अचानक भारी वर्षा के रूप में गिरती है। कई बार बादल ऊपरी वायुमंडल में अटक जाते हैं और जब वे एक जगह फटते हैं तो मूसलाधार वर्षा होती है।

### ग्लोबल वार्मिंग से बढ़ रहीं घटनाएं

वैज्ञानिक धारणा है कि जैसे-जैसे तापमान बढ़ता है, वायुमंडल में अधिक जलवाष्प धारण करने की क्षमता बढ़ जाती है। इससे अत्यधिक वर्षा की घटनाएं बढ़ती हैं। जलवायु परिवर्तन पर कई वैज्ञानिक रिपोर्टें कहती हैं कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण बादल फटने जैसी घटनाएं अधिक तीव्र और बार-बार होने लगी हैं।

### ये होती है बर्बादी

बादल फटना विनाशकारी होता है। जानमाल की हानि तो होती ही है, सड़कें, इमारतें और पुल बहने जैसा ढांचागत नुकसान प्रभावित इलाके को कई साल पीछे धकेल देता है। कृषि भूमि और पशुधन की भारी बर्बादी होती है।

### कहर बरपाया था इन घटनाओं ने

- वर्ष 1970 में उत्तराखंड की अल्कनंदा घाटी में बादल फटने से भयंकर बाढ़ आई जिसमें सैकड़ों मौतें हुईं।
- वर्ष 2005 लद्दाख में बादल फटा, इसके बाद इतनी तेज बाढ़ आई कि कई गांव और तमाम लोग बह गए।
- वर्ष 2010 में जम्मू-कश्मीर के लेह में बादल फटने से दो सौ से ज्यादा मौतें हुईं। सेना को राहत कार्यों में लगाया।
- वर्ष 2013 में केदारनाथ में बादल फटने से बाढ़ और भूस्खलन हुआ, 5,000 से ज्यादा मौतें हुई थीं।
- वर्ष 2021 हिमाचल प्रदेश में बादल फटने के बाद कई मकान बह गए और दर्जनों की मौत हो गई।
- वर्ष 2023 में भी जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड में लगातार ये घटनाएं हुईं। बचाव कार्यों में सेना लगाई गई।

### अब सामान्य से ज्यादा घटनाएं

बादल फटना एक गंभीर प्राकृतिक आपदा है जिसकी घटनाएं अब सामान्य से अधिक हो रही हैं। इसके पीछे स्थानीय भूगोल, मानसून की तीव्रता और मानव जनित जलवायु परिवर्तन जैसी कई वजहें हैं। जलवायु परिवर्तन संकेत दे रहा है कि हमें भविष्य में और अधिक सतर्क रहने की जरूरत है।

## एक नजर

### ब्रिटेन में 156 साल पुरानी 'रॉयल ट्रेन' समाप्त होगी

**लंदन।** ब्रिटेन की 'रॉयल ट्रेन' अब जल्द ही अंतिम बार स्टेशन से रवाना होगी। बकिंघम पैलेस ने सोमवार को कहा कि महाराजा चार्ल्स तृतीय ने स्वीकार किया है कि महारानी विक्टोरिया के समय से चल रही इस ट्रेन को बंद करने का समय आ गया है क्योंकि इसके परिचालन की लागत बहुत अधिक है। यह रॉयल ट्रेन नौ बोगियों का एक सुइट है। 2027 में इसके रखरखाव संबंधी मौजूदा अनुबंध खत्म होने से पहले इसकी सेवा को बंद कर दिया जाएगा। इस ट्रेन को महारानी विक्टोरिया ने 1869 में अपनी यात्राओं के लिए शुरू किया था।

### भारतीय नौसेना ने जहाज पर लगी आग पर काबू पाया

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने उत्तरी अरब सागर में पलाऊ के ध्वज वाले एक टैंकर में लगी आग पर काबू पा लिया तथा जहाज में सवार चालक दल के 14 भारतीय सदस्यों की सुरक्षा सुनिश्चित की। रविवार को जहाज से संकट की सूचना मिलने के बाद नौसेना ने तुरंत कार्रवाई की और अग्निशमन अभियान शुरू किया। संयुक्त अरब अमीरात के फुजैराह से लगभग 80 समुद्री मील पूर्व में जहाज के इंजन कक्ष में भीषण आग लग गई थी।

### भारत-फ्रांस की सेनाओं ने संयुक्त अभ्यास किया

**नई दिल्ली।** भारतीय और फ्रांसीसी सेनाओं ने सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए संयुक्त परिचालन तैयारियों को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए फ्रांस में दो सप्ताह का युद्धाभ्यास किया। फ्रांस की तरफ से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि 18 जून से एक जुलाई तक आयोजित भारत-फ्रांस सैन्य अभ्यास 'शक्ति' के लिये लगभग 50 बख्तरबंद और सामरिक वाहन और लड़ाकू जेट तैनात किए गए थे। विज्ञप्ति के अनुसार, इस अभ्यास में फ्रांसीसी सेना, विदेशी स्वयंसेवक सैनिक, साथ ही फ्रांसीसी वायु एवं अंतरिक्ष सेना तथा फ्रांसीसी नौसेना की विभिन्न इकाइयों के 500 से अधिक सैनिक और सैन्यकर्मी शामिल हुए। भारतीय दल के 90 कर्मी अभ्यास में शामिल हैं।

### पाकिस्तान में दो पुलिस कर्मियों की हत्या

**पेशावर।** उत्तर पश्चिम पाकिस्तान में मंगलवार को अज्ञात हथियारबंद व्यक्ति ने कथित तौर पर गोली मारकर दो यातायात पुलिसकर्मियों की हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। बंदूकधारी ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के लक्की मरवत जिले में लोंगखेल रोड पर गुल बाज दखन के पास दोनों पुलिसकर्मियों को निशाना बनाया। पुलिस ने बताया कि दोनों पुलिसकर्मियों की तैनाती चौक ताजाजई स्थित यातायात पुलिस चौकी पर थी। घटना के समय दोनों अपनी ड्यूटी पर जा रहे थे।

# बिग ब्यूटीफुल बिल सीनेट में पास मस्क ने कहा- नई पार्टी बनाएंगे

## कड़े विरोध के बीच दोनों ओर से पड़े 50-50 वोट, उपराष्ट्रपति वेंस के वोट से जीते

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी सीनेट (संसद का उच्च सदन) ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के महत्वाकांक्षी कर छूट और खर्च कटौती विधेयक को मंगलवार को मंजूरी प्रदान कर दी। रिपब्लिकन सदस्यों ने अपने तीन साथी सीनेटर और डेमोक्रेट सांसदों के कड़े विरोध के बीच वन बिग ब्यूटीफुल बिल एक्ट को पारित कराने में सफलता हासिल की। विधेयक के पक्ष और विरोध में 50-50 मत पड़ने के बीच उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने अपना मत देकर इसे मंजूरी दिलाई। इससे पहले अरबपति एलन मस्क ने एक्स पर लिखा, अगर बिल पारित हो गया तो वह नई पार्टी बनाएंगे।

विधेयक का विरोध करने वाले तीन रिपब्लिकन सांसदों में थॉम थिलिस, सुजैन कॉलिन्स और केंटकी रैंड पॉल शामिल थे। ट्रंप के महत्वाकांक्षी कर छूट और खर्च कटौती विधेयक पर सीनेट में सोमवार को देर रात तक तीखी बहस चली। हंगामेदार सत्र के दौरान रिपब्लिकन सांसद जहां इस विधेयक के लिए समर्थन जुटाते नजर आए। वहीं, विपक्षी डेमोक्रेट सदस्य इसे गिराने के लिए पेश संशोधनों को पारित कराने का प्रयास करते रहे।

साउथ डकोटा से रिपब्लिकन सीनेटर जॉन थून अपनी पार्टी के उन सदस्यों के बीच समझौता कराने के लिए प्रयास करते दिखे, जो इस बात को लेकर चिंतित थे कि 'मेडिकेड' में प्रस्तावित कटौती से लाखों लोग स्वास्थ्य बीमा से वंचित हो जाएंगे। वहीं, कुछ (सदस्यों) का मानना था कि बढ़ते राजकोषीय घाटे को कम करने के लिए करों में और अधिक कटौती किए जाने की जरूरत है।

940 पन्नों का वन बिग ब्यूटीफुल बिल एक्ट ट्रंप के सबसे महत्वाकांक्षी विधेयकों में से एक है। ट्रंप ने देर रात जारी एक सोशल मीडिया पोस्ट में सीनेट से विधेयक को मंजूरी देने की अपील करते हुए कहा था कि यह विधेयक शायद अपनी तरह का सबसे महान और सबसे महत्वपूर्ण विधेयक है।



> मस्क को पता है कि वह 'ईवी' अनिवार्यता के खिलाफ हैं और लोगों को ईवी खरीदने के लिए मजबूर नहीं किया जाना चाहिए। इतिहास में अब तक एलन को सबसे अधिक सब्सिडी मिली है। वह बहुत परेशान हैं। आप जानते हैं, वह इससे कहीं ज्यादा खो सकते हैं, मैं आपको अभी बताता हूं। एलन इससे कहीं ज्यादा खो सकते हैं। - **ट्रुथ सोशल पर ट्रंप की पोस्ट**

### अब आगे क्या...

अब यह विधेयक वापस प्रतिनिधि सभा (संसद का निचला सदन) की स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। अमेरिकी संसद के दोनों सदनों पर नियंत्रण रखने वाले रिपब्लिकनों के लिए अब अगली चुनौती प्रतिनिधि सभा में इस विधेयक को पारित कराना है। रिपब्लिकन सांसद राष्ट्रपति ट्रंप की छुट्टियों की समय सीमा यानी शुक्रवार से पहले इसे मंजूरी दिलाना चाहते हैं।



### बिल पारित होने के अगले ही दिन बनेगी अमेरिका पार्टी

मस्क ने शनिवार को 'एक्स' पर पोस्ट किया कि यह विधेयक रिपब्लिकन पार्टी के लिए राजनीतिक आत्महत्या के समान होगा। कांग्रेस के प्रत्येक सदस्य, जिन्होंने सरकारी खर्च को कम करने के लिए अभियान चलाया और फिर तुरंत इतिहास में सबसे बड़ी ऋण वृद्धि के लिए मतदान किया, उन्हें शर्म से अपना सिर झुकाना चाहिए। और अगर यह इस धरती पर मेरा आखिरी काम है तो वे अगले साल अपना प्राथमिक चुनाव हार जाएंगे। इस पोस्ट को 2.6 करोड़ बार देखा गया। कुछ घंटों बाद मस्क ने एक और पोस्ट में लिखा, अगर यह पागलपन भरा विधेयक पारित हो जाता है, तो अगले ही दिन 'अमेरिका पार्टी' का गठन हो जाएगा। इस पोस्ट को 'एक्स' पर 3 .2 करोड़ बार देखा गया।

# न्यूयॉर्क : डेमोक्रेटिक मेयर प्राइमरी में जीते जोहरान ममदानी



**न्यूयॉर्क।** भारतीय मूल के नेता जोहरान ममदानी ने न्यूयॉर्क के डेमोक्रेटिक मेयर पद की प्राइमरी में जीत हासिल कर ली है। मंगलवार को घोषित नए वोटों की गिनती ने उनकी चौंकाने वाली जीत की पुष्टि की, उन्होंने पूर्व गवर्नर एंड्रयू कुओमो को हराया। शहर की 'रैंक्ड च्वाइस वोटिंग' की गणना के नतीजे जारी होने के बाद 'एसोसिएटेड प्रेस' ने ममदानी की जीत की घोषणा की। ममदानी अब आम चुनाव में उतरेंगे, जिसमें मौजूदा मेयर एरिक एडम्स के साथ स्वतंत्र उम्मीदवार जिम वाल्डेन और रिपब्लिकन कर्टिस स्लीवा भी शामिल हैं।

### जनता पागल है: ट्रंप

**वाशिंगटन।** ममदानी की जीत की घोषणा से पहले ट्रंप ने उन्हें कम्युनिस्ट बताते हुए कहा, हमें एक कम्युनिस्ट कतई नहीं चाहिए। 33 वर्षीय डेमोक्रेटिक सोशलिस्ट और न्यूयॉर्क राज्य विधानसभा के सदस्य यदि निर्वाचित होते हैं तो शहर के पहले मुस्लिम मेयर और भारतीय मूल के पहले व्यक्ति होंगे। ट्रंप ने कहा कि यदि न्यूयॉर्क के लोग ममदानी को मेयर चुनते हैं तो मुझे लगता है वे पागल हैं।

# आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता दिखाए दुनिया

- क्वाड विदेश मंत्रियों की मौजूदगी में बोले एस जयशंकर

वाशिंगटन, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि आतंकवाद के पीड़ितों और अपराधियों को कभी भी समान नहीं माना जाना चाहिए और भारत को आतंकवादी हमलों से अपने लोगों की रक्षा करने का पूरा अधिकार है।

अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान के अपने समकक्षों की मौजूदगी में जयशंकर ने यह भी कहा कि भारत को उम्मीद है कि उसके क्वाड साझेदार आतंकवाद से निपटने के मामले में उसकी स्थिति को समझेंगे और उसकी सराहना करेंगे। जयशंकर ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो की मेजबानी में क्वाड समूह के विदेश मंत्रियों की महत्वपूर्ण बैठक से पहले मीडिया से यह टिप्पणी की।

उन्होंने कहा, विश्व को आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता दिखानी चाहिए। पीड़ितों और अपराधियों को कभी भी समान नहीं माना जाना चाहिए और भारत को आतंकवाद से अपने लोगों की रक्षा करने का पूरा अधिकार है। विदेश मंत्री ने कहा, और हम उस अधिकार का प्रयोग करेंगे। हम उम्मीद करते हैं कि हमारे क्वाड साझेदार इस बात को समझेंगे और इसकी सराहना करेंगे।

उन्होंने हिंद-प्रशांत क्षेत्र के देशों के लिए चयन की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान से मिलकर बना क्वाड एक प्रमुख समूह के रूप में उभरा है, जो मुख्य रूप से हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और स्थिरता पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

### अमेरिका से संबंध चीन के नजरिए से न देखें

**न्यूयॉर्क।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत-अमेरिका संबंधों को केवल चीन के नजरिये से आंकना उनका बहुत अधिक सरलीकरण है और कई बार यह भ्रामक भी हो सकता है। उनसे पूछा गया था कि भारत-अमेरिका के संबंध किस हद तक चीन के संदर्भ में उसका रुख जाहिर करते है। जयशंकर ने 'वन वर्ल्ड ट्रेड सेंटर' में न्यूजवीक के मुख्यालय में उसके सीईओ देव प्रगाद के साथ बातचीत के दौरान कहा, भारत-अमेरिका संबंध कई अन्य पहलुओं से जुड़े हुए हैं, जैसे कि बड़ा भारतीय समुदाय जो अमेरिका में महत्वपूर्ण योगदान देता है।

# थाईलैंडः अदालत ने प्रधानमंत्री शिनावात्रा को किया निलंबित

- फोन पर सेना विरोधी बातचीत लीक होने के मामले में कार्रवाई

बैंकॉक, एजेंसी

थाईलैंड की संवैधानिक अदालत ने प्रधानमंत्री पी शिनावात्रा को कंबोडिया के पूर्व प्रधानमंत्री हुन सेन के साथ फोन पर हुई उनकी सेना विरोधी बातचीत के लीक होने के मामले की जांच होने तक निलंबित करने का आदेश दिया है।

अदालत ने संविधान उल्लंघन को लेकर सुश्री शिनावात्रा के खिलाफ दायर याचिका को आधिकारिक रूप से स्वीकार कर लिया है। नेशन थाईलैंड की रिपोर्ट के अनुसार न्यायाधीशों ने मंगलवार को सर्वसम्मति से शिनावात्रा पर नैतिकता के उल्लंघन का आरोप लगाने वाली याचिका पर विचार किया और उन्हें पद से निलंबित करने के लिए सात से दो मतों से मतदान किया।

गौरतलब है कि शिनावात्रा को कंबोडिया के साथ हालिया सीमा विवाद से निपटने के तरीके को लेकर देश में बढ़ते असंतोष का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें 28 मई को हुआ एक सशस्त्र टकराव शामिल है। इसमें एक कंबोडियाई सैनिक मारा गया था।

### इक्वाडोरः पूर्व उपराष्ट्रपति को 13 साल की कैद

**क्विटो।** इक्वाडोर के पूर्व उपराष्ट्रपति जॉर्ज ग्लास को 2016 में आए विनाशकारी भूकंप के बाद पुनर्निर्माण के लिए रखे गए सार्वजनिक धन के गबन के मामले में 13 साल जेल की सजा सुनाई गयी है। स्थानीय मीडिया ने सोमवार को यह जानकारी दी। इक्वाडोर के समाचार पत्रों के अनुसार, राष्ट्रीय न्यायालय के न्यायाधिकरण द्वारा छह दिनों की सुनवाई के बाद सर्वसम्मति से यह सजा सुनाई गई।

# यूक्रेन ने 1300 किमी दूर रूस में औद्योगिक संयत्र को बनाया ड्रोन हमले का निशाना

- दोनों देशों में अपनी ड्रोन तकनीक को बेहतर बनाने और उसके इस्तेमाल की बढ़ी होड़

**कीव।** यूक्रेन ने देश से लगभग 1,300 किमी दूर एक रूसी औद्योगिक संयंत्र पर ड्रोन से हमला किया है। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने हथियारों के विकास को प्राथमिकता दी है और रूस ने जून में यूक्रेन पर रिकार्ड संख्या में ड्रोन हमले किए हैं।

रूस द्वारा फरवरी 2022 में पड़ोसी देश यूक्रेन पर आक्रमण किए जाने के बाद तीन साल से अधिक समय से जारी युद्ध में दोनों पक्षों के बीच ड्रोन तकनीक को बेहतर बनाने और युद्ध के मैदान में उनका उपयोग बढ़ाने की होड़ लगी हुई है। दोनों देशों ने परिष्कृत और घातक ड्रोन तैनात किए हैं, जिससे युद्ध नए हथियारों के लिए परीक्षण का मैदान बन गया है। यूक्रेन पर रूस की ओर से लगभग 1,000 किलोमीटर लंबे मोर्चे पर कई जगहों पर भारी दबाव है, लेकिन विश्लेषकों का कहना है कि उसकी रक्षा अधिकांश स्थानों पर मजबूत बनी हुई है। हाल ही में सीधे शांति वार्ता में कोई प्रगति नहीं हुई है, इसलिए अमेरिकी नेतृत्व वाले अंतरराष्ट्रीय प्रयासों के बावजूद रूस और यूक्रेन हथियार भंडार बढ़ा रहे हैं।

## अनुष्ठान



महाराष्ट्र के सोलापुर के अकलुज में संत तुकाराम महाराज की पालकी यात्रा के दौरान वृत्ताकार रिंगन नामक अनुष्ठान में भाग लेते भक्त। असल में यह एक गोलाकार घेरे में प्रतीकात्मक घोड़ों के पीछे नंगे पैर दौड़ने की एक पुरानी प्रथा है, जो आध्यात्मिक ऊर्जा और एकता का प्रतीक है। एजेंसी

# एक महीने के लिए सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता संभालेगा पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान जुलाई 2025 के लिए मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता संभालेगा। सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अस्थायी सदस्य के रूप में पाकिस्तान के दो साल के कार्यकाल का हिस्सा है। पाकिस्तान जनवरी 2025 में दो साल के कार्यकाल के लिए सुरक्षा परिषद का अस्थायी सदस्य चुना गया था। पाकिस्तान को संयुक्त राष्ट्र में भारी समर्थन के साथ सुरक्षा परिषद का अस्थायी सदस्य चुना गया और उसे 193 में से 182 वोट मिले थे। सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता का पद मासिक आधार पर 15 सदस्यों के बीच वर्णानुक्रम में बदलता रहता है। संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के राजदूत आसिम इफ्तिखार अहमद ने सरकारी एसोसिएटेड प्रेस ऑफ पाकिस्तान से कहा, पाकिस्तान की अध्यक्षता पारदर्शी, समावेशी और उत्तरदायी होगी।

# नीट यूजी में बिजली गुल दोबारा परीक्षा का आदेश

इंदौर, एजेंसी

मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने चिकित्सा क्षेत्र के स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए चार मई को आयोजित राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) के दौरान बिजली गुल हो जाने से प्रभावित उम्मीदवारों की दोबारा परीक्षा लिए जाने का आदेश दिया है।

उच्च न्यायालय ने देश के सभी नागरिकों के लिए समानता और न्याय के सिद्धांत को स्थापित करने वाले भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 का हवाला देते हुए कहा है कि इन उम्मीदवारों की कोई भी गलती न होने के बावजूद उन्हें बिजली कटौती के कारण नुकसानदेह स्थिति में डाल दिया गया था। उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ के न्यायमूर्ति सुबोध अभ्यंकर ने नीट-यूजी के कई



- मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के फैसले का 75 अभ्यर्थियों को मिलेगा लाभ

उम्मीदवारों की याचिकाओं पर सभी संबद्ध पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला पिछले माह सुरक्षित रख लिया था।

याचिकाकर्ताओं के वकील मृदुल भटनागर ने बताया कि उन्हें अदालत के 23 जून के आदेश की प्रति मिल गई है। उन्होंने बताया कि इंदौर और उज्जैन में हुई नीट-यूजी परीक्षा में बैठे करीब 75 उम्मीदवारों को इस आदेश का फायदा मिलेगा जिनके परीक्षा केंद्र में बिजली गुल हो गई थी।

## श्रद्धा

मौके पर ही शुरू हुआ पंजीकरण, कल से कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू होगी यात्रा

# अमरनाथ यात्रा के लिए जम्मू में देश भर के श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

जम्मू, एजेंसी

जम्मू में प्रशासन की ओर से अमरनाथ यात्रा के लिए मौके पर ही पंजीकरण शुरू किए जाने के बाद मंगलवार को देशभर से सैकड़ों श्रद्धालु यहां जम्मू पहुंचे। दक्षिण कश्मीर हिमालय में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित इस मंदिर की यात्रा औपचारिक तौर पर तीन जुलाई को शुरू होगी।

दक्षिण कश्मीर हिमालय में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर की 38 दिवसीय तीर्थयात्रा तीन जुलाई को दो मार्गों से शुरू होगी। इसमें अनंतनाग जिले में पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबा नुनवान-पहलगाम मार्ग और गांदरबल जिले में 14 किलोमीटर लंबा बालटाल मार्ग है। प्राधिकारियों ने यात्रा के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है।



यात्रा से पहले जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर में जोश में नजर आए तीर्थयात्री।

तीर्थयात्रियों का पहला जत्था दो जुलाई को जम्मू स्थित भगवती नगर आधार शिविर से कश्मीर के लिए रवाना होगा। उप संभागीय मजिस्ट्रेट मनु हंसा ने कहा, अमरनाथ यात्रा के लिए देश के अन्य भागों से जम्मू पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए मौके पर पंजीकरण शुरू हो गया है। यहां शालीमार इलाके में अपंजीकृत श्रद्धालुओं के लिए मौके पर ही पंजीकरण केंद्र स्थापित किए गए हैं, जबकि पुरानी मंडी स्थित राम मंदिर परिसर में साधुओं के पंजीकरण के लिए विशेष शिविर बनाया गया है।

उन्होंने कहा, पंजीकरण वैष्णवी धाम, पंचायत भवन और महाजन सभा समेत तीन केंद्रों पर किया जा रहा है। सरस्वती धाम एकमात्र केंद्र है, जहां भक्त टोकन प्राप्त कर सकते हैं। पंजीकरण केंद्र सुबह सात बजे खुल गए। अधिकारियों ने बताया कि जम्मू स्थित राम मंदिर में साधुओं का पंजीकरण शुरू हो गया है और उनके लिए सभी इंतजाम किए गए हैं। देश के विभिन्न हिस्सों से 300 से अधिक साधु राम मंदिर पहुंचे हैं जो उनके लिए आधार शिविर है। यहां उनके लिए भोजन और ठहरने की व्यवस्था की गई है। बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के बीच 1,600 से अधिक तीर्थयात्री कल कश्मीर की अपनी आगे की यात्रा पर जाने के लिए यहां भगवती नगर आधार शिविर पहुंचे हैं।

### ठहराव केंद्रों पर 50 हजार लोगों के खाने की व्यवस्था

संभागीय आयुक्त रमेश कुमार ने बताया, जम्मू क्षेत्र में लखनपुर से बनिहाल तक विभिन्न ठहराव केंद्रों पर 50,000 से अधिक लोगों के लिए भोजन और ठहरने की व्यवस्था की गई है। इस उद्देश्य के लिए कुल 106 आवास केंद्र स्थापित किए गए हैं। कुमार ने बताया कि यात्रा दो जुलाई को जम्मू से शुरू होगी और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा कड़ी सुरक्षा के बीच भगवती नगर आधार शिविर से इसे हरी झंडी दिखाएंगे। उन्होंने कहा, यात्रा औपचारिक रूप से तीन जुलाई को कश्मीर से शुरू होगी। अमरनाथ यात्रा के लिए यहां पहुंचे तीर्थयात्रियों में उत्साह साफ देखा जा सकता है।